

तमिलनाडु के मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज करने का आदेश - 12



एआई से 0.8 प्रतिशत बढ़ेगी वैश्विक वृद्धि मगर नौकरियों के लिए भारी जोखिम भी- 12



असम में बोले अमित शाह देश से सभी घुसपैठियों को बाहर करेंगे - 13



न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों का लक्ष्य पाकिस्तानी स्पिनरों को काबू करना- 14


आज का मौसम
27.0° अधिकतम तापमान
14.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.45
सूर्यास्त 06.07

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्थी 01:01 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 21 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 88, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## मानहानि मामले में राहुल गांधी के बयान दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर



- गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित टिप्पणी से जुड़ा मामला अगली सुनवाई 9 मार्च को

**अमृत विचार:** कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एमपी-एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की कोर्ट में सुबह 10:40 बजे पेश हुए, जहां उन्होंने मानहानि प्रकरण में बयान दर्ज कराया।

उनके साथ उनके अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल मौजूद रहे। वहीं, परिवादी विजय मिश्र अपने अधिवक्ता संतोष पांडेय के साथ अदालत में उपस्थित रहे। करीब 45 मिनट चली कार्यवाही में राहुल गांधी ने आठ प्रश्नों के उत्तर देते हुए आरोपों से इंकार करते हुए कहा कि यह मुकदमा सस्ती लोकप्रियता पाने, मेरी व कांग्रेस पार्टी की छवि धूमिल करने के लिए राजनीतिक दुर्भावनावश दायर किया गया है। बयान दर्ज करने के उपरांत मामले मे सफाई साक्ष्य की सुनवाई के लिए अदालत ने अगली तारीख 9 मार्च निर्धारित की है। जिसमें बचाव पक्ष अपने गवाहों की गवाही दर्ज करायेगा जिनसे परिवादी के वकील जिरह करेंगे।

## यूपी में शिक्षामित्रों को 18 हजार, अनुदेशकों को 17 हजार मानदेय

- मुख्यमंत्री योगी ने विधानसभा में की घोषणा, 1.70 लाख कर्मियों को राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में ऐतिहासिक बढ़ोतरी का ऐलान किया है। उन्होंने विधानसभा में घोषणा की कि अब शिक्षामित्रों को 18 हजार और अनुदेशकों को 17 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। अभी तक शिक्षामित्रों को 10 हजार और अनुदेशकों को नौ हजार रुपये मिलते थे। इस फैसले से प्रदेश के करीब 1.70 लाख शिक्षामित्र और अनुदेशक लाभान्वित होंगे। यह व्यवस्था एक अप्रैल से लागू होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में इन कर्मियों की भूमिका अहम है और सरकार उनके सम्मान व सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मानदेय बढ़ोतरी के साथ ही ट्रांसफर नीति लागू करने व पांच लाख तक कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने की भी घोषणा की गई है। जहां कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नहीं हैं, वहां विद्यालय बनेंगे। इसके लिए 580 करोड़ की व्यवस्था की है। शिक्षामित्रों को अप्रैल से 18 हजार व अनुदेशकों को 17 हजार देंगे।



### नौ वर्षों में पहली बड़ी बढ़ोतरी

सूत्रों के अनुसार यह मानदेय वृद्धि एकमुश्त 8 हजार रुपये की है, जो नौ वर्षों में पहली बड़ी बढ़ोतरी है। शिक्षा कर्मियों का कहना है कि महंगाई के बीच यह फैसला आर्थिक संबल देगा।

### शिक्षामित्रों का सफर

- 2001 : नियुक्ति के समय 1500 मानदेय
- 2005 : मानदेय बढ़कर 2400 रुपये

**मायावती सरकार : 3000 रुपये मानदेय, दो वर्षीय बीटीसी कोर्स शुरू**

- 2014 : अखिलेश सरकार में पूर्णकालिक सहायक अध्यापक बने, करीब 43 हजार रुपये वेतन
- 25 जुलाई 2017 : सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर समायोजन रद्द, 3500 रुपये मानदेय पर वापसी
- 2017 : योगी सरकार ने मानदेय बढ़ाकर 10 हजार रुपये किया
- 2026 : अब बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रतिमाह

### फैसले के प्रमुख बिंदु

- 1.70 लाख शिक्षामित्र और अनुदेशक लाभान्वित
- शिक्षामित्रों को 18 हजार, अनुदेशकों को 17 हजार रुपये प्रतिमाह
- 2017 से अनुदेशकों को 17 हजार रुपये मानदेय लागू
- सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश– सेवा समाप्त नहीं होगी
- ट्रांसफर नीति लागू की जाएगी
- 5 लाख तक कैशलेस चिकित्सा सुविधा

### अनुदेशकों की कानूनी लड़ाई का अंत

अनुदेशकों के मानदेय को लेकर 2017 से कानूनी संघर्ष चल रहा था। वर्ष 2017 में मानदेय 9 हजार से बढ़ाकर 17 हजार रुपये करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद इसे लागू नहीं किया गया। इसके बाद लखनऊ हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने अनुदेशकों को 17 हजार रुपये मानदेय नौ प्रतिशत ब्याज सहित देने का आदेश दिया। राज्य सरकार की अपील पर डबल बेंच ने एक वर्ष के लिए भुगतान का निर्देश दिया। मामला आगे चलकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि लंबे समय से कार्यरत अनुदेशकों की सेवा समाप्त नहीं की जा सकती। वर्ष 2017 से 17 हजार रुपये मानदेय लागू किया जाना चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद भी अनुदेशकों की सेवाएं स्वत: समाप्त नहीं होंगी।

**ब्रीफ न्यूज**

### एआई समिट में विरोध प्रदर्शन पर युवा कांग्रेस के 4 कार्यकर्ता गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को 'एआई इम्पैक्ट समिट' स्थल पर हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया और मामले में व्यापक साजिश के पहलू की जांच कर रही है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिहार से युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्णा हरि, बिहार के राज्य सचिव कुंदन यादव, उत्तर प्रदेश के राज्य अध्यक्ष अजय कुमार और तेलंगाना से नरसिम्हा यादव के रूप में हुई है। (संबंधित राष्ट्रीय पेज पर)

### जेपी इंफ्राटेक के पूर्व एमडी ने तिहाड़ जेल में किया आत्मसमर्पण

**नई दिल्ली।** जेपी इंफ्राटेक के पूर्व एमडी मनोज गौर ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। हाल में दिल्ली की एक अदालत ने घर खरीदारों से जुड़े धन शोधन मामले में उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी थी जिसकी जांच प्रवर्तन निदेशालय कर रहा है। अंतरिम जमानत प्राप्त करने वाले गौर ने गुरुवार को आत्मसमर्पण कर दिया और अब वह तिहाड़ जेल में बंद हैं। दिल्ली की कोर्ट ने 17 फरवरी को गौर की नियमित जमानत याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि उनके खिलाफ लगे आरोपों में आपराधिक विश्वासघात के आरोप शामिल हैं।

## जेई और उसकी पत्नी को 33 बच्चों के यौन शोषण में मौत की सजा

### पोर्न साइट पर डालते थे वीडियो, बांदा की विशेष पॉक्सो कोर्ट ने सुनाया फैसला

- सुनवाई के दौरान सीबीआई की टीम भी कोर्ट में रही मौजूद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार :** नाबालिग बच्चों से यौन शोषण कर अश्लील वीडियो को पोर्न साइट में अपलोड करने के मामले में बांदा की विशेष पॉक्सो कोर्ट ने चित्रकूट के सिंचाई विभाग के निलंबित जेई (अवर अभियंता) व उसकी पत्नी को फांसी की सजा सुनाई है। सुनवाई के दौरान सीबीआई की टीम भी कोर्ट में मौजूद रही।

मामला सन 2020 का है। सीबीआई को जानकारी मिली थी कि सिंचाई विभाग चित्रकूट में तैनात जेई रामभवन, चाइल्ड पोर्नोग्राफी जैसे संगीन अपराध में लिप्त है। सीबीआई ने रामभवन को एसडीएम कालोनी स्थित किराये के मकान से गिरफ्तार किया था। वहीं साक्ष्य संकलन के दौरान सीबीआई को रामभवन की पत्नी दुर्गावती की भी संलिप्तता मिली थी। इसके बाद दुर्गावती को भी गिरफ्तार किया गया और दोनों को बांदा जेल में निरुद्ध किया गया था। सीबीआई की पूछताछ में रामभवन ने बताया था कि वह पांच से 16 साल के बच्चों को अपना शिकार बनाता था। उन्हें जाल में फंसाने के लिए वह इलेक्ट्रानिक गैजेट्स का लालच देता था। बच्चों के अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर ऑनलाइन बेचा करता था, जिसके लिए उसे अच्छी खासी मोटी रकम मिलती थी। देश-विदेश के कई पोर्न गिरोहों के संपर्क में होने की बात भी उसने स्वीकारी थी। उसने यह भी बताया कि पीड़ित परिवारों को उनके बच्चों के अश्लील फोटो और वीडियो दिखाकर उन्हें ब्लैकमेल करता था और इसके एवज में उनसे पैसे मांगता था। इससे भी उसने अच्छी खासी रकम मिलती थी।

पिछले पांच साल से अधिक की अवधि में मामले की कई बार सुनवाई हुई और साक्ष्य संकलित किए गए। शुक्रवार को दोषसिद्ध पाए जाने पर बांदा की विशेष पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश प्रदीप कुमार मिश्रा ने दोषी दंपती को मृत्युदंड की सजा सुनाई। अधिवक्ता सौरभ सिंह ने बताया कि इस घिनौने मामले में लगभग 33 नाबालिग बच्चों के शोषण की बात सामने आई।



चित्रकूट : फांसी की सजा सुनाए जाने के बाद जेई व उसकी पत्नी (कपड़े से मुंह ढके) पुलिस गिरफ्त में।

### पीड़ित बच्चों को 10-10 लाख देने के आदेश

कोर्ट ने सभी पीड़ित बच्चों को 10– 10 लाख रुपये देने का भी आदेश पारित किया। सजा में किए गए जुर्माने को भी बच्चों को देने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसे अपराध न केवल पीड़ित बच्चों के जीवन को बर्बाद करते हैं, बल्कि समाज की नैतिक नींव को भी हिला देते हैं। यदि ऐसे मामलों में सख्ती नहीं बरती गई तो यह समाज के लिए खतरनाक संदेश होगा। कोर्ट ने पीड़ित बच्चों के पुनर्वास, मनोवैज्ञानिक उपचार और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार और संबंधित विभागों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही पीड़ितों को उचित मुआवजा, काउंसिलिंग और शिक्षा–संबंधी सहायता उपलब्ध कराने के भी आदेश दिए।

## अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का ट्रंप को झटका, रद्द किए टैरिफ

- उच्चतम न्यायालय ने 6-3 के बहुमत से सुनाया फैसला, ट्रंप बोले- सुप्रीम कोर्ट का फैसला अमेरिका के हित में नहीं

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रंप को झटका देते हुए उनके द्वारा कई देशों पर थोपे गए टैरिफ के आदेश को शुक्रवार को रद्द कर दिया। कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से यह फैसला सुनाया। कोर्ट के इस फैसले से ट्रंप के आर्थिक एजेंडे को बड़ा झटका लगा है। सुनाए गए इस फैसले का केंद्र बिंदु आपातकालीन शक्तियों के कानून के तहत लगाए गए शुल्क हैं, जिनमें लगभग हर दूसरे देश पर लगाए गए व्यापक पारस्परिक शुल्क भी शामिल हैं।

कोर्ट ने पाया कि संविधान बहुत स्पष्ट रूप से कांग्रेस को कर लगाने की शक्ति देता है, जिसमें शुल्क भी शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने फैसले में लिखा, संविधान निर्माताओं ने कराधान की शक्ति का कोई भी हिस्सा कार्यपालिका शाखा को नहीं सौंपा। न्यायमूर्ति सैमुअल एलिटो, न्यायमूर्ति क्लेरेंस थॉमस और न्यायमूर्ति ब्रेट कावानाघ ने असहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति कावानाघ ने लिखा, यहां जिन शुल्कों पर चर्चा हो रही है, वे नीति के लिहाज से उचित हो सकते हैं या नहीं हो सकते हैं। लेकिन लिखित प्रमाण, इतिहास और पूर्व उदाहरणों के आधार पर, ये स्पष्ट रूप से वैध हैं। शुल्क संबंधी निर्णय से ट्रंप को अन्य कानूनों के तहत शुल्क लगाने से नहीं रोका जा सकता। हालांकि इन प्रावधानों से ट्रंप की कार्रवाइयों पर अधिक सीमाएं लग जाती हैं, फिर भी प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों ने कहा है कि वे अन्य अधिकारों के तहत शुल्क ढांचे को यथावत रखने की उम्मीद करते हैं। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला अमेरिका के हित में नहीं है। यह हतोत्साहित करने वाला है।



### रूसी तेल की खरीद को लेकर लगाए टैरिफ का किया जिक्र

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति ब्रेट केवानॉ ने अपने असहमति वाले फैसले में रूस से तेल खरीदने पर भारत पर लगाए गए टैरिफ का जिक्र किया। ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत का पारस्परिक शुल्क और रूसी तेल खरीदे जाने पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाया था। हालांकि, उन्होंने पारस्परिक शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया, वहीं रूस से तेल खरीदने पर लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क को हटा दिया। ट्रंप ने इस बात का जिक्र किया था कि भारत ने मॉस्को से कच्चे तेल का आयात बंद करने और अमेरिकी ऊर्जा उत्पादों की खरीद करने की प्रतिबद्धता जताई है।

## सुप्रीम आदेश : बंगाल में एसआईआर की निगरानी करेंगे न्यायिक अधिकारी

नई दिल्ली, एजेंसी



- सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों की तैनाती का शीर्ष कोर्ट ने दिया निर्देश

पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच जारी गतिरोध को लेकर नाखुशी जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में विवादों से घिरी मतदाता सूची के एसआईआर प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का शुक्रवार को असाधारण निर्देश दिया। निर्वाचन आयोग और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई तृणमूल कांग्रेस सरकार के बीच दुर्भाग्यपूर्ण आरोप-प्रत्यारोप और विश्वास की कमी पर खेद जताते हुए प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने राज्य में एसआईआर प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कई नए निर्देश जारी किए।

पीठ ने तार्किक विसंगति सूची में शामिल तथा मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खतरे का सामना कर रहे व्यक्तियों के दावों और आपत्तियों के निपटारे के लिए न्यायिक अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति का आदेश दिया। वर्ष 2002 की मतदाता सूची से संतानों के संबंध में तार्किक विसंगतियों में माता-पिता के नाम का मेल न होना और मतदाता तथा उनके माता-पिता की आयु में 15 वर्ष से कम या 50 वर्ष से अधिक का अंतर होना शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल से पश्चिम बंगाल में एसआईआर के काम में सहायता के लिए कुछ न्यायिक अधिकारियों को मुक्त करने और पूर्व न्यायाधीशों को खोजने के लिए कहा।

### 28 तक मसौदा सूची प्रकाशन की अनुमति

कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को 28 फरवरी तक राज्य में मतदाताओं की मसौदा सूची प्रकाशित करने की अनुमति दी और साथ ही निर्वाचन आयोग को बाद में पूरक सूचियां जारी करने की भी अनुमति दी। पीठ ने कहा कि यदि 28 फरवरी के बाद पूरक मतदाता सूचियां जारी की जाती हैं, तो किसी को कोई नुकसान नहीं होगा, क्योंकि मतदाताओं के नाम चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि तक शामिल किए जा सकते हैं।

## ईमानदारी की मिसाल: कबाड़ व्यापारी ने 15 लाख के गहने असली मालिक को लौटाए



- छह माह बाद कबाड़ छांटते समय हाजी अख्तर को मिला था 100 ग्राम सोना

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में छह महीने पहले जमा किए गए कबाड़ को छांटते समय कबाड़ व्यापारी हाजी अख्तर खान को करीब 100 ग्राम सोना मिला, जिसे उन्होंने पुलिस की मदद से असली मालिक तक पहुंचाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की।

अनजाने में कबाड़ में फेंके गए 15 लाख मूल्य के आभूषणों को पाकर शर्मा परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बल्लभगढ़ के सहायक पुलिस आयुक्त जितेश मल्होत्रा ने शुक्रवार को बताया कि अशोक शर्मा और उनके परिवार ने पिछले साल जनवरी में प्रयागराज कुंभ मेले में जाने से पहले गहनों को चोरी से बचाने के लिए घरेलू कबाड़ से भरी बोरी में छिपा दिया था। कुछ महीनों बाद, उन्होंने कबाड़ बेच दिया और छिपे सोने के बारे में पूरी तरह भूल गए थे।

## सपा कार्यकर्ता की हत्या में 5 दोषियों को उम्रकैद

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

- आलोक पाल हत्याकांड : कोर्ट ने लगाया 90 हजार रुपये अर्थदंड

**अमृत विचार :** अमेठी जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पूरे गड़ेरियन मौजा राजापुर में चार वर्ष पूर्व हुए सपा कार्यकर्ता आलोक पाल हत्याकांड में शुक्रवार को दोषसिद्ध आरोपियों की सजा पर फैसला सुनाते हुए एडीजे तृतीय निशा सिंह की अदालत ने पांच आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर 18 हजार रुपये अर्थदण्ड भी लगाया है। अभियोजन पक्ष से एडीजीसी संदीप सिंह के मुताबिक घटना 2 मार्च 2022 को संग्रामपुर थानाक्षेत्र के पूरे गड़ेरियन मौजा राजापुर कोहरा की है ।

वादी रामराज पाल का पुत्र प्रशांत पाल और सपा कार्यकर्ता आलोक पाल सामान खरीदने बाजार जा रहे थे। रास्ते में ननकू दास की कुटी के पास घात लगाए बैठे आरोपियों ने लाठी, डंडे और लोहे की रॉड से दोनों पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल आलोक पाल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गांव के ही अजय मिश्र, माधवराज मिश्र, आशुतोष मिश्र, दुर्गा प्रसाद और अभिषेक मिश्र के खिलाफ केस दर्ज कर चार्जशीट दाखिल की। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष के नौ गवाहों की गवाही को विश्वसनीय मानते हुए अदालत ने सभी पांचों को दोषसिद्ध दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

**रणनीतिक गठजोड़** | एआई समिट में समझौते पर किए गए हस्ताक्षर, महत्वपूर्ण खनिजों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण करना प्राथमिकता

## भारत का अमेरिका से समझौता, पैक्स सिलिका का बना हिस्सेदार

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत अमेरिका के नेतृत्व वाले रणनीतिक गठजोड़ पैक्स सिलिका में शामिल हो गया है, जिसका उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों व कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण करना है। यहां में एआई इम्पैक्ट समिट में आयोजित एक समारोह में गठबंधन में शामिल होने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

वहां उपस्थित लोगों में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, आर्थिक मामलों के लिए अमेरिकी उप विदेश मंत्री जैकब हेलबर्ग और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर शामिल थे। यह कदम दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तावित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने और संबंधों में गंभीर तनाव के दौर के बाद द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए कई अन्य पहलों पर आगे बढ़ने के प्रयासों के बीच आया है।

गोर ने कहा, व्यापार समझौते से लेकर पैक्स सिलिका और रक्षा सहयोग तक, दोनों देशों की साथ काम करने की संभावनाएं वास्तव में असीमित हैं। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि पैक्स सिलिका में भारत का प्रवेश केवल एक प्रतीकात्मक कदम नहीं है, बल्कि एक रणनीतिक कदम है जो द्विपक्षीय संबंधों की समग्र दिशा को और मजबूत करेगा। भारत ऐसा देश है जहां प्रतिभा का भंडार है, जो प्रतिद्वंद्वियों को चुनौती देने के लिए काफी है। भारत की इंजीनियरिंग क्षमता इस महत्वपूर्ण गठबंधन के लिए आवश्यक योग्यताएं प्रदान करती है। प्रतिभा के अलावा, भारत ने महत्वपूर्ण खनिज प्रसंस्करण क्षमता की दिशा में भी उल्लेखनीय प्रगति की है और हम इसमें भी पूरी तरह से सहभागिता कर रहे हैं। गोर ने सुझाव दिया कि अमेरिका पैक्स सिलिका ढांचे के तहत भारत से एआई प्रौद्योगिकियां साझा कर सकता है। अमेरिकी उप विदेश मंत्री हेलबर्ग ने भारत के फैसले की सराहना की और पैक्स सिलिका को आपूर्ति श्रृंखलाओं में दबाव की रणनीति व ब्लैकमेल के खिलाफ पहल बताया, जिसे चीन की ओर एक स्पष्ट इशारा माना जा रहा है।



नई दिल्ली में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव।

### मोदी ने एआई व डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ संग कृषि, शिक्षा में एआई की संभावनाओं पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने एआई व डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ के साथ शुक्रवार को बैठक की और कृषि, पर्यावरण संरक्षण एवं मातृभाषा में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे क्षेत्रों में कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी के उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। प्रधानमंत्री के साथ आयोजित गोलमेज बैठक में 16 एआई एवं डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ तथा संस्थापकों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। मोदी ने मजबूत 'डेटा गवर्नेंस' की आवश्यकता पर जोर दिया, दुष्प्रचार के प्रति सावधान रहने को कहा और भारत की जरूरतों के अनुरूप समाधान विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने यूपीआई को सरल एवं व्यापक डिजिटल नवाचार का उदाहरण बताते हुए भारतीय कंपनियों पर विश्वास जताया और घरेलू उत्पादों पर भरोसा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### अंतरराष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस पर बाल मित्र केंद्र में आयोजन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर समाधान अभियान संस्था और इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में "चुप्पी तोड़-हल्ला बोल" परियोजना के अंतर्गत थाना सदर बाजार स्थित बाल मित्र केंद्र पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लैंगिक शोषण से प्रभावित बच्चों और उनके परिजनों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया तथा बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप स्कूल बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रभावित परिवारों को सामाजिक न्याय के महत्व से अवगत कराना और समाज में उनकी भूमिका को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम में संस्था की निदेशक सौम्या द्विवेदी और जिला समन्वयक सुभाष सक्सेना उपस्थित रहे। अंत में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ सामूहिक संकल्प लिया गया।

### श्री लंगोटी वाले बाबा सेवा समिति ने कराया श्री राम कथा का शुभारंभ

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** श्री लंगोटी वाले बाबा सेवा समिति की ओर से आयोजित नवदिवसीय श्री राम कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास अंजनी शरण महाराज ने श्रीराम नाम और रामचरितमानस की महिमा का वर्णन किया। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। राम कथा की अमृत धारा 28 फरवरी तक प्रवाहित होगी। प्रथम दिवस के यजमान अनुराग मिश्रा, विवेक मिश्रा और पवन कुमार मिश्रा सपत्नीक उपस्थित रहे।

### बोर्ड परीक्षा से लौट रहे छात्र की बाइक को इको ने मारी टक्कर, घायल

**कलान, अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर गांव जाखिया के पास बोर्ड परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की बाइक को तेज रफ्तार इको कार ने टक्कर मार दी, जिससे छात्र परविंदर पुत्र अनार पाल निवासी उदिया नगला थाना उसावा जिला बदायूं और उनके चाचा अमित पुत्र किशन पाल निवासी सहजनी थाना सिविल लाइंस बदायूं घायल हो गए। परविंदर मकरंद सिंह इंटर कॉलेज में परीक्षा देकर लौट रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े। ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर राजकीय मेडिकल कॉलेज बदायूं रेफर किया गया।

### दावत खाने आया युवक गांव से युवती को अगवा करके ले गया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 11 फरवरी की शाम उसकी 18 वर्षीय पुत्री गांव में दावत खाने के लिए गई थी। वह देर रात घर वापस नहीं आई तो तलाश किया। आरोप है कि सेहरामऊ दक्षिणी का पवित्र भी दावत खाने के लिए आया था। आरोप है कि आरोपी उसकी पुत्री को अगवा करके ले गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# अवैध प्लाटिंग पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

## नवादा इंदेपुर में की गई बड़ी कार्रवाई, 25 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में निर्माण ध्वस्त, अवैध कालोनियों पर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी

- बिना मानचित्र और लेआउट पास प्लाटिंग पर सख्ती

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



अवैध प्लाटिंग तोड़ता शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का बुलडोजर। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नवादा इंदेपुर गांव में लगभग 25 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

प्राधिकरण की ओर से अवैध प्लाटिंग करने वालों के कार्यालय, बाउंड्री वाल तथा प्लाटिंग के लिए बनाई गई डिवीजन लाइन और छोटी दीवारों को जमींदोज कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीन का प्रयोग किया गया। यह अभियान प्राधिकरण सचिव अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में चलाया गया। ध्वस्तीकरण के समय अवर अभियंता रमेश चंद्र वर्मा, प्रदीप त्रिवेदी, कार्यालय सहायक अपार कपूर, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा स्थानीय थाने का पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। प्राधिकरण सचिव ने स्पष्ट किया कि बिना मानचित्र स्वीकृत कराए या लेआउट पास कराए की गई किसी भी अवैध प्लाटिंग को हर हाल में ध्वस्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और नियमों के विपरीत निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सचिव ने आम जनता से अपील की कि वे किसी भी अवैध प्लाटिंग में अपनी गाढ़ी कमाई का पैसा न लगाएं। जमीन खरीदते समय यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि कॉलोनी या प्लाट का नक्शा शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण से स्वीकृत है।

यदि मानचित्र स्वीकृत न हो तो भूमि क्रय न करें, अन्यथा पूंजी फंस सकती है। उन्होंने कॉलोनाइजर से भी कहा कि वे भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2025 में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप ही कॉलोनी का निर्माण करें। मानकों के विपरीत निर्माण पाए जाने पर प्राधिकरण की कार्रवाई तय है। शहर को सुव्यवस्थित और आधुनिक स्वरूप देने के उद्देश्य से नियोजित विकास की दिशा में लगातार कदम बढ़ाए जा रहे हैं। लक्ष्य यह है कि नागरिकों को पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें, जिससे जीवन स्तर में सुधार हो और शहर आधुनिक मानकों पर खरा उतर सके।

नियोजित विकास के तहत चौड़ी सड़कों का निर्माण, सुदृढ़ जल निकासी व्यवस्था, पार्कों का विकास और वाहनों के लिए पर्याप्त मोड़ तथा पार्किंग स्थल सुनिश्चित किए जाने पर बल दिया जा रहा है। इससे यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। शहर में लेआउट पास कॉलोनियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि बिना स्वीकृति के अव्यवस्थित निर्माण पर रोक लगाई जा सके। स्वीकृत मानचित्र के अनुसार विकसित कॉलोनियों में सड़क, नाली, बिजली, पानी और हरित क्षेत्र जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाती हैं। इससे न केवल रहन-सहन का स्तर ऊंचा उठता है, बल्कि भविष्य में किसी प्रकार की अव्यवस्था की संभावना भी कम होती है। नियोजित विकास से शहर का सौंदर्यीकरण भी संभव हो रहा है। सुव्यवस्थित आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों के विकास से निवेश को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। प्रशासन का उद्देश्य है कि शहर को चरणबद्ध तरीके से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए, जिससे स्मार्ट सिटी का सपना साकार हो सके और नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ व व्यवस्थित वातावरण मिल सके।

### जेबें भरने को नियम ताक पर

महानगर में तमाम कालोनाइजर अपनी जेबें भरने के लिए नियमों को ताक पर रख रहे हैं। बिना लेआउट स्वीकृत कराए ही कालोनियां काटी जा रही हैं, जो पूरी तरह अवैध श्रेणी में आती हैं। ऐसे में इन कालोनियों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ता है। अवैध रूप से विकसित कालोनियों में न तो नियमानुसार चौड़ी सड़कें होती हैं, न ही समुचित नाली व्यवस्था और पार्क जैसी सुविधाएं भी नहीं होती हैं। पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और जल निकासी की समस्याएं लंबे समय तक बनी रहती हैं। प्लाट खरीदने के समय आकर्षक वादे किए जाते हैं, लेकिन बाद में खरीदारों को सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ता है। बिना स्वीकृत मानचित्र के विकसित कालोनियों में बैंक लोन नहीं मिल पाता है। जिससे खरीदारों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। कई लोग अपनी जीवनभर की कमाई अवैध कालोनियों में निवेश कर बैठते हैं और बाद में कानूनी व सुविधाजन्य परेशानियों में घिर जाते हैं। जानकारों का कहना है कि कालोनाइजर का उद्देश्य अधिक से अधिक प्लाट बेचकर लाभ कमाना होता है। प्लाट बिकने के बाद सुविधाएं उपलब्ध कराना या क्षेत्र का समुचित विकास करना उनकी प्राथमिकता में नहीं रहता। परिणामस्वरूप आम नागरिकों को असुविधा और अनिश्चितता का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जरूरत है कि प्लाट खरीदने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित कालोनी का नक्शा सक्षम प्राधिकरण से स्वीकृत है या नहीं। नियमों के अनुरूप विकसित कॉलोनियां ही भविष्य में सुरक्षित और सुविधाजनक आवासीय वातावरण प्रदान कर सकती हैं।

### फागुन एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में होगा भव्य आयोजन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** श्याम चौक बरेली मोड़ स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में आगामी 27 फरवरी को मंदिर में फागुन एकादशी उत्सव धूमधाम और श्रद्धाभाव से मनाया जाएगा। मंदिर परिसर में तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। इस बार फागुन एकादशी उत्सव को भव्य रूप देने की योजना बनाई गई है।

मंदिर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक अग्रवाल ने बताया कि फागुन एकादशी के अवसर पर शाम 7 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। जिसमें रातभर भजन, संकीर्तन, कीर्तन और महाआरती होगी। श्याम भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री शालू गुप्ता मुरादाबाद से आएंगी। इस मौके पर कई राजनीतिक हस्तियों और प्रशासनिक अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। मंदिर को रंग बिरंगे गुब्बारों व फूल मालाओं व बिजली की विशेष झालर से सजाया गया जा रहा है और बाबा के श्रृंगार के लिए दिल्ली व कोलकाता से विशेष फूल मंगाए गये हैं। मंदिर समिति ने सभी श्याम भक्तों को परिवार सहित भक्ति पर्व में शामिल होकर बाबा श्याम के दरबार में पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

# शांति, श्रद्धा और साधना का संगम, जुटे हजारों अभ्यासी



बसंत उत्सव के दौरान सामूहिक ध्यान में लीन साधक और संबोधित करते दाजी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- श्री राम चंद्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव 2026 के तीसरे चरण का आरंभ

**अमृत विचारः** श्री राम चंद्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल दाजी के सान्निध्य और मार्गदर्शन में राम चंद्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव 2026 के तीसरे चरण का शुभारंभ हुआ। प्रातःकाल उत्सव की शुरुआत सामूहिक ध्यान साधना से की गई, जिसमें देश-विदेश से आए हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से ध्यान कर मानव कल्याण और विश्व शांति की कामना की। आश्रम परिसर शांति, श्रद्धा और साधना के वातावरण से आलोकित रहा।

दाजी ने अपने संदेश में कहा कि आध्यात्मिक मार्ग पर अहंकार सबसे सूक्ष्म अवरोध है, क्योंकि वह स्वयं को मार्ग के रूप में प्रस्तुत कर देता है। उन्होंने कहा कि वर्षों की साधना, शास्त्र अध्ययन और सम्मान प्राप्त करने वाला साधक भी अहंकार की कुटिल चालों के प्रति असुरक्षित हो सकता है। उपलब्धियां अपने आप में असत्य नहीं हैं, किंतु जब वे पहचान बन जाती हैं तो संकट उत्पन्न होता है। पहचान चाहे आध्यात्मिक आवरण में क्यों न हो, अंततः अहंकार ही है। उत्सव के दौरान दाजी ने लालाजी महाराज और बाबूजी महाराज की प्रतिमाएं अभ्यासियों को वितरित कीं। सायंकालीन ध्यान सत्र में भी साधकों को ध्यान कराया गया, जिससे वातावरण और अधिक आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा। आयोजन को सफल बनाने में विनीत राणावत, सर्वेश चंद्रा, माधो गोपाल अग्रवाल, एके गर्ग, श्री गोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, हर्षवर्धन अग्रवाल, ममता सिंह, राज गोपाल अग्रवाल, प्रमोद कुमार सिंह, शुभम सक्सेना, जोन प्रभारी सौमेंद्र त्यागी, माया सिंह, बबिता यादव, बेबी राज, कुमार अभय, देवतोष श्रीवास्तव सहित अनेक साधकों का योगदान रहा।

# संस्कृत बोर्ड परीक्षा में दूसरे दिन भी नहीं पहुंचा सचल दल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- क्रिश्चियन गर्ल्स व काकोरी शहीद इंका में दूसरे दिन 84 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

**अमृत विचार :** उप्र संस्कृत शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में शुक्रवार को दूसरे दिन भी सचल दल नहीं पहुंचा। संस्कृत परीक्षा बृहस्पतिवार को यहां शहर में क्रिश्चियन गर्ल्स इंटर कालेज और जलालाबाद में काकोरी शहीद इंटर कालेज केंद्रों पर शुरू हुई। दोनों केंद्रों पर दूसरे दिन 84 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी।

दूसरे दिन क्रिश्चियन गर्ल्स इंका में प्रथम पाली में पूर्व मध्यमा द्वितीय में पंजीकृत 116 में से 101 छात्रों ने परीक्षा दी। जबकि 15 छात्र अनुपस्थित रहे। उत्तर मध्यमा प्रथम में पंजीकृत 29 में से 23 छात्रों ने परीक्षा दी। जबकि 06 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में उत्तर मध्यमा द्वितीय में समाजशास्त्र व गृह विज्ञान की परीक्षा में पंजीकृत 13 में से 12 छात्र उपस्थित रहे। जबकि 01 छात्र अनुपस्थित रहा।

वहीं, जलालाबाद में काकोरी शहीद इंटर कालेज में प्रथम पाली में पंजीकृत 226 में से 168 छात्र उपस्थित रहे। जबकि 58 छात्र अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में पंजीकृत 52 छात्रों में से 48 ने परीक्षा दी तथा 4 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी।

संस्कृत परीक्षा के लिए डीआईओएस हरिवंश कुमार के नेतृत्व में चार सदस्यीय दल गठित किया गया है। मगर दोनों केंद्रों पर आज भी सचल दल नहीं पहुंचा। केंद्र व्यवस्थापकों अल्पना सिंह व संदीप कुमार ने बताया कि उनके केंद्रों पर अभी तक सचल दल नहीं आया है। परीक्षा की निगरानी कंट्रोल रूम से की जा रही है। परीक्षा पूरी तरह नकल विहीन और शांतिपूर्ण ढंग से कराई जा रही है।

जिले में कुल 438 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड थे। इसमें से 84 छात्र अनुपस्थित रहे। डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि जिले में बने दोनों केंद्रों पर मुख्यालय पर बने कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही है। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, ब्लूटूथ आदि आईटी गजट को लेकर सख्ती से जांच के बाद छात्रों को प्रवेश दिया गया। कहीं से भी नकल की कोई सूचना या शिकायत नहीं मिली है। दोनों पाली में सामाजिक विज्ञान, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, पौरोहित्य, गृह विज्ञान, भौतिक विज्ञान व व्यवसाय अध्ययन विषय की परीक्षा हुई। संस्कृत बोर्ड की परीक्षाएं 19 फरवरी से 28 फरवरी तक कराई जाएंगी।

### सभी छह सचल दलों ने किया परीक्षा का निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** यूपी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में सभी छह सचल दलों ने परीक्षा का निरीक्षण किया। शुक्रवार को राज्य स्तरीय पर्यवेक्षक डायट प्राचार्य लखीमपुर सोनी ने सचल दल के प्रभारी पीएम श्री जीआईसी शाहजहांपुर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार के साथ नगर क्षेत्र समेत निगोही और भावलखेड़ा के केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा को बोर्ड के नियमों के अनुसार कराने के निर्देश दिए। कंट्रोल रूम प्रभारी संजय मौर्य ने बताया कि हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान की पहली पाली में पंजीकृत 42146 में से 39480 ने परीक्षा दी। जबकि 2666 छात्र अनुपस्थित रहे। इसी तरह इंटर कृषि शस्य विज्ञान में पंजीकृत 434 छात्रों में से 405 परीक्षा में बैठे। जबकि 29 छात्र अनुपस्थित रहे। कंट्रोल रूम प्रभारी के मुताबिक सभी छह सचल दलों ने कटरा, जैतीपुर, खुदागंज, मिर्जापुर, कलान, बंडा, खुटार, पुवायां, तिलहर, मदनापुर, ददरौल, कांट, जलालाबाद, अल्लाहगंज आदि में परीक्षा केंद्रों का मुआयना कर व्सवस्थाओं का आंकलन किया। सचल दलों को कहीं भी नकल नहीं मिली।

### बाल कवि सम्मेलन में दिखा प्रतिभा का प्रदर्शन

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** संस्कार भारती शाहजीपुर और गगनिका सांस्कृतिक समिति के सहयोग से सेठ नवल किशोर भगतराम सरस्वती शिशु-विद्या मंदिर सिंजई में बाल कवि सम्मेलन और चित्रकला प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण से हुई। आयोजन माधव सदाशिवराव गोलवलकर और छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर हुआ। आराध्या बाजपेई, शांतनु मौर्य, लक्ष्य बाजपेई, अभय मिश्रा, अक्षिता बाजपेई और गौरी दीक्षित ने ओजस्वी कविताएं प्रस्तुत कीं। कक्षा एक से आठ तक के विजेताओं को प्रधानाचार्य दयाशंकर शर्मा, राम प्रकाश शुक्ला, संतोष महेंद्रू, विक्रांत सक्सेना, मुन्ना लाल सागर आदि मौजूद रहे।

# टीचर्स फेडरेशन के बैनर तले आंदोलन की रूपरेखा तय

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



टेट अनिवार्यता के विरोध में आयोजित बैठक में मौजूद शिक्षक संघों के पदाधिकारी।

- टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक संगठनों की बैठक

**अमृत विचारः** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले टेट अनिवार्यता के विरोध में उत्तर प्रदेश के मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठन एक मंच पर आए। 15 फरवरी 2026 को लखनऊ स्थित 87/9 शिक्षक भवन में प्रांतीय नेतृत्व की ओर से आहूत बैठक के क्रम में जिला शाहजहांपुर में कचहरी स्थित एक होटल में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ और जूनियर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। तय किया गया कि 22 फरवरी 2026 को अपराहन दो बजे से चार बजे तक एक्स-ट्विटर पर हैशटैग अभियान चलाया जाएगा, जिसमें जिला शाहजहांपुर के शिक्षक बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।

इसके अलावा 23 फरवरी से 25 फरवरी तक सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर विद्यालय में शिक्षण कार्य करते हुए विरोध प्रदर्शन करेंगे। 26 फरवरी को दोपहर एक बजे से चार बजे तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। इसके बाद जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए प्रधानमंत्री भारत सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा।

बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह, जूनियर शिक्षक संघ जिला मंत्री विश्राम सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कोषाध्यक्ष नितिन मिश्रा, संरक्षक राजकुमार सिंह, शिक्षक नेता अजय वर्मा, जूनियर शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष भावलखेड़ा बृजेश वर्मा, ब्लॉक मंत्री निगोही संजय भारती, अमित मिश्रा सहित अन्य शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# रमजान के पहले जुमे को शांतिपूर्ण अदा की गई नमाज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



इमाम मौलाना आदिल रजा नूरी।

- मस्जिदों में उमड़े रोजेदार, अमन और खुशहाली की दुआएं मांगी



ऐमनजई जलाल नगर स्थित मस्जिद नेमत शाह में नमाज अदा करते मुस्लिम।

**अमृत विचार :** जिले में रमजान के पहले जुमे की नमाज अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। शहर की सभी मस्जिदों में रोजेदार नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। रोजेदारों ने अपने गुनाहों से तौबा करते हुए देश और दुनिया में अमन, चैन और खुशहाली की दुआएं मांगीं।

रमजान के पहले जुमे को लेकर मुस्लिम समाज में विशेष उत्साह देखा गया। इस बार रमजान के दूसरे रोजे पर जुमा होने से अकीदतमंदों में अधिक रूहानी एहसास था। दोपहर से पहले ही लोग अपने बच्चों के साथ मस्जिदों में पहुंच गए और नमाज अदा की। महिलाओं ने भी अपने घरों में समूह बनाकर नमाज पढ़ी और देश की सलामती के लिए दुआएं मांगीं।

जुमे की नमाज के लिए जामा मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में विशेष इंतजाम किए गए थे। नमाजियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कई मस्जिदों के आंगन और छतों पर शामियाने लगाए गए, ताकि सभी लोग धूप से बचकर आसानी से नमाज अदा कर सकें। जामा मस्जिद में शहर इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी ने कहा कि रमजान में रोजे रखकर खूब इबादत करें और अपने गुनाहों से तौबा करें। कचहरी वाली मस्जिद में हाफिज जान मोहम्मद ने भी रमजान की अहमियत पर रोशनी डाली। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और भाईचारे का संदेश दिया। ऐमनजई जलाल नगर स्थित मस्जिद नेमत शाह में मौलाना आदिल रजा नूरी ने, एक मीनार मलकों वाली मस्जिद में हाफिज इमरान रजा कादरी ने जुमे की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद इफ्तार की तैयारियों के लिए बाजारों में रौनक बढ़ गई। फल, खजूर, शरबत और अन्य आवश्यक सामान खरीदने के लिए बाजारों में भीड़ उमड़ पड़ी। इससे बाजार गुलजार हो गए और दुकानदारों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी।

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन की टीमें मस्जिदों और संवेदनशील इलाकों में तैनात रहीं। नगर निगम ने भी सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया। मस्जिदों के आसपास चूने का छिड़काव और साफ-सफाई कराई गई, ताकि नमाजियों को कोई असुविधा न हो। रमजान के पहले जुमे पर शहर में अमन, भाईचारे और इबादत का माहौल बना रहा।

### तिलहर में जुमा को मस्जिदों में रही नमाज़ियों की भीड़



**तिलहर।** पवित्र माह रमज़ानुल मुबारक के पहले जुमा के अवसर पर मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाज़ियों ने शिरकत की। इस अवसर पर मौलाना वकार हुसैन हातिमी ने जुमा की नमाज़ से पहले तक़रीर करते हुए रोज़े की फ़ज़ीलत, सब्र व तक़वा की अहमियत और आपसी भाईचारे पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि रमज़ान रहमत, मग़फ़िरत और निजात का महीना है। यह महीना इंसान को अपने अंदर झांकने, बुराइयों से दूर रहने और नेकियों की तरफ बढ़ने का पैग़ाम देता है। तिलहर शहर इमाम हाजी मोहम्मद स्वालेह कादरी शद्दन मियां ने रोजेदारों से अपील करते हुए कहा कि वे रमज़ान के मुबारक महीने में अधिक से अधिक इबादत करें, क़ुरआन की तिलावत करें और ज़रूरतमंदों की मदद करें। साथ ही उन्होंने समाज में अमन-चैन और आपसी सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया। पहले जुमा की नमाज़ के दौरान मस्जिद में विशेष इंतज़ाम किए गए थे। नमाज़ के बाद मुल्क व कौम की तरक्की, अमन और खुशहाली के लिए दुआ की गई।

### ब्रिगेडियर ने किया 25 यूपी बटालियन का निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** ब्रिगेडियर संदीप वर्मा, ग्रुप कमांडर एनसीसी बरेली ग्रुप ने 25 यूपी बटालियन एनसीसी का वार्षिक निरीक्षण किया। उनके बटालियन पहुंचने पर कमान अधिकारी कर्नल संग्राम सिंह चीमा और सूबेदार मेजर सुनील सिंह रावत ने स्वागत किया। इसके बाद एनसीसी कैडेट्स की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इसके पश्चात उन्होंने बटालियन के एडम अफसर कर्नल आनंद शर्मा तथा सभी जेसीओ, एनसीओ और सिविल स्टाफ से मुलाकात की। तत्पश्चात ब्रिगेडियर संदीप वर्मा ने बटालियन परिसर का भ्रमण किया और वहां चल रहे एमईएस के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने बटालियन के ट्रेनिंग सेल का भी निरीक्षण किया, जहां ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार सर्वानंन ने उन्हें प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बटालियन हर क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है इस दौरान सूबेदार अरविंद सिंह, सूबेदार जतविंदर सिंह, सूबेदार सर्वानंन, सूबेदार गुलशन सिंह, सूबेदार तारीख अहमद, हवलदार बलकार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा के दौरान रात 10 बजे बाद नहीं बजेंगे डीजे



डीजे और आर्केस्ट्रा संचालकों के साथ बैठक लेते प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- होली पर शासन निर्देशों के अनुसार ही होंगे ध्वनि उपकरण संचालित

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र और अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार की ओर से जिला में संचालित डीजे और आर्केस्ट्रा संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्तमान में चल रही बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए।

बैठक के दौरान स्पष्ट किया गया कि बोर्ड परीक्षाओं के समय रात्रि 10:00 बजे के पश्चात किसी भी स्थिति में डीजे या आर्केस्ट्रा का संचालन नहीं किया जाएगा। यदि ध्वनि प्रदूषण से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित डीजे संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आगामी होली पर्व के मद्देनजर भी संचालकों को शासन की ओर से जारी निर्देशों के अनुरूप ही डीजे और अन्य ध्वनि उपकरण संचालित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बंदर के हमले में किशोरी छत से गिरकर घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** नगर में बंदर के हमले से एक किशोरी घायल हो गई। घायल अवस्था में परिजन उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मोहल्ला इमली निवासी फिरासत की पुत्री अमरीन शुक्रवार को घर की छत पर पड़ी कचरी की रखवाली कर रही थी। इसी दौरान एक बंदर ने अचानक उस पर हमला कर दिया। बंदर के हमले से घबराकर अमरीन छत से नीचे गिर गई, जिससे वह घायल हो गई। परिवार के लोग उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉ. ने उसका उपचार किया। हालत को देखते हुए चिकित्सक ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### उधार के रुपये वापस मांगने पर दी धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला सैनिक कालोनी गदियाना निवासी महेश कटेरिया ने एसपी को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके पूर्व परिचित जगतरात वर्मा निवासी शाहमतगंज गौटिया थाना सदर बाजार ने आर्थिक आवश्यकता बताकर उनसे रुपये उधार लिए थे। आरोप है कि महेश ने अपने पास से एक लाख 62 हजार रुपये तथा अपने परिचित चंद्र प्रकाश से एक लाख 70 हजार रुपये दिलवाए। इस प्रकार कुल 3 लाख 32 हजार रुपये आरोपी को दिए गए। पीड़ित ने बताया कि उनकी सगी भतीजी की शादी 24 फरवरी 26 को निर्धारित है तथा चंद्र प्रकाश की बहन की शादी 20 मार्च 26 को है। उन्होंने विवाह की तैयारी को लेकर आरोपी से रुपये वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी दी।

### सिग्नल फेल, पद्मावत आधे घंटे खड़ी रही

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर सिग्नल फेल हो जाने से अप लाइनकी पद्मावत एक्सप्रेस करीब आधा घंटे तक खड़ी रही। इस दौरान अन्य ट्रनों को पीछे रेलवे स्टेशन पर रोक दिया। गुरुवार की रात साढ़े 12 बजे पद्मावत एक्सप्रेस प्लेटफार्म तीन पर आकर खड़ी हो गयी। इस दौरान तकनीकी खराबी को लेकर सिग्नल फेल हो गए। सिग्नल की लाल और हरी बत्ती ने काम करना बंद कर दिया। कर्मचारियों ने तकनीकी खराबी को दूर किया। इस दौरान पद्मावत एक्सप्रेस करीब आधे घंटे खड़ी रही। अप लाइन की चंडीगढ़ एक्सप्रेस और अयोध्या एक्सप्रेस को पीछे रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया था।

# ससुर की हत्या के आरोपी दामाद को पुलिस ने साथी समेत किया गिरफ्तार

## दहेज में दुकान न मिलने पर ससुर की डंडा और हॉकी से पीट-पीटकर की थी हत्या

- पचदेवरा पुलिस ने आला कत्ल किया बरामद, तीन फरार

संवाददाता, अल्हागंज


हत्यारोपी अभिषेक सिंह।


हत्यारोपी मनमोहन मिश्रा।

**अमृत विचार:** कस्बे के मोहल्ला विकास नगर इस्लामगंज निवासी चर्चित अशोक बाबू हत्याकांड में थाना पचदेवरा जिला हरदोई की पुलिस ने दामाद सहित दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त हॉकी व डंडा भी बरामद हो गया है। अशोक बाबू ने बेटी की शादी के समय दामाद को दहेज में बस अड्डे के पास दुकान देने का वादा किया था, लेकिन बाद में वह अन्य जगह पर दुकान देना चाहते थे। जबकि आरोपी दामाद मनमोहन बस अड्डे के पास ही दुकान लेने पर अड़ा था और रंजिश मानने लगा था। बताया जा रहा है कि दामाद ने इसी रंजिश में घात लगाकर अशोक बाबू पर हमला किया और उनकी हत्या कर दी।

अशोक बाबू अग्निहोत्री पुत्र नत्थू लाल अग्निहोत्री काफी जमीन-जायदाद के मालिक थे। उनके पिता नत्थू लाल अग्निहोत्री इसलामगंज ग्राम पंचायत के प्रधान रहे थे, जो अब नगर पंचायत अल्हागंज का विकास नगर बन चुका है। अशोक बाबू ने दो वर्ष पूर्व अपनी पुत्री लक्ष्मी देवी का विवाह ग्राम हथौड़ा थाना पचदेवरा जिला हरदोई निवासी मनमोहन मिश्रा के साथ किया था। बताया गया है कि विवाह के समय उन्होंने दामाद को दुकान देने का वादा किया था। बाद में बस स्टेशन के पास की दुकान न देकर दूसरी दुकान देने की बात कही। इसी बात को लेकर मनमोहन उसी दुकान को लेने की जिद पर अड़ा था और दोनों के बीच अक्सर विवाद व गाली-गलौज होती रहती थी। आरोप है कि दुकान न मिलने से नाराज मनमोहन शराब पीकर पत्नी के साथ भी मारपीट करता था।

मंगलवार को सुबह लगभग आठ बजे अशोक बाबू अपनी बहन उपासना को बाइक पर बैठाकर ग्राम हथौड़ा के पास रामताल हनुमान मंदिर प्रसाद चढ़ाने जा रहे थे। उसी दौरान पुलिया पर पहले से बैठे मनमोहन मिश्रा अपने मित्र अभिषेक सिंह निवासी फर्रुखाबाद के साथ मौजूद थे और उनके हाथ में हॉकी डंडे थे। अशोक बाबू को आता देख मनमोहन ने रुकने का इशारा किया। बाइक रुकते ही उसने हॉकी से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में अशोक बाबू और उनकी बहन सड़क पर गिर गए। अशोक बाबू के सिर से अत्यधिक रक्तस्राव हुआ, जबकि उपासना भी चोटिल हो गईं।

सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को फतेहगढ़ के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां अशोक बाबू को मृत घोषित कर दिया गया। उपासना का उपचार शुरू किया गया। घटना की रिपोर्ट उनके भाई कृष्ण कुमार की ओर से थाना पचदेवरा में मनमोहन मिश्रा और अभिषेक सिंह को नामजद करते हुए कुल पांच लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई गई थी। थाना पचदेवरा पुलिस ने दोनों नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शेष तीन नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है।

## तिलकोत्सव में हर्ष फायरिंग से पांच घायल

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव महमदपुर में तिलकोत्सव के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में बंदूक से चली गोली लगने से पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को परिजन आनन-फानन निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार चल रहा है।

बताया गया है कि गांव निवासी सुरेंद्र मिश्रा के बेटे सुभनीत का बृहस्पतिवार को तिलक कार्यक्रम था। कार्यक्रम के दौरान दोनों पक्षों की ओर से हर्ष फायरिंग की होड़ लग गई और करीब 20 राउंड फायर किए गए। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, एक व्यक्ति द्वारा दोनाली बंदूक से फायरिंग की जा रही थी। इसी दौरान बंदूक की नाल खुल गई, जिससे चली गोली की चपेट में गांव के सत्य प्रकाश का पुत्र अंकित, बांके का पुत्र टापू, नरेंद्र का पुत्र हरगोविंद, रामनाथ का पुत्र गुड्डू तथा देव प्रकाश की पुत्री अंजलि आ गए। घटना के बाद कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन तत्काल घायलों को निजी चिकित्सक के पास ले गए। थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही विधिक कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# महिला का शव गांव में संदिग्ध हालात में मिला

- शरीर में चोट के निशान नहीं, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा
- फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और नमूने लिए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मदनापुर क्षेत्र में एक महिला का शव मकान से 50 मीटर दूर कंडे की बटिया के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। उसका पति खेत से घर पर आया और पत्नी नहीं मिली तो तलाश किया था। उसके शरीर में चोट के निशान नहीं है।


बिट्टो देवी।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव छत्तर पटी निवासी सत्यपाल गुरुवार की शाम सात बजे खाना खाने के बाद फसल की रखवानी करने के लिए खेत पर चले गए थे। उनकी पत्नी बिट्टो देवी और बच्चे घर पर थे। वह रात दस बजे खेत से घर पर आए। उन्होंने बच्चों से पत्नी बिट्टो देवी के बारे में पूछा तो बच्चों ने बताया कि शाम को मम्मी शौच करने के लिए गई थी और लौटकर नहीं आई है। उन्होंने गांव वालों के साथ रात में ही पत्नी की तलाश की। उन्होंने गांव में पंचायत भवन के निकट कंडे की बठिया के पास पत्नी बिट्टो देवी को मृत अवस्था में पाया। इस दौरान गांव वालों की भीड़ लग गयी। परिजन ने उसे उठाकर घर पर लेकर आए। विश्वास न होने पर डॉक्टर को बुलाकर दिखाया तो डॉक्टर महिला को मृत घोषित कर दिया। सत्यपाल ने मदनापुर थाना को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक विश्वजीत प्रताप सिंह फोर्स के साथ गांव में पहुंचे और पति तथा बच्चों से जानकारी की। उसके शरीर में कही भी चोट के निशान नहीं थे। पति को कोई आरोप नहीं था। मृतका बिट्टो देवी अपने पीछे बेटा राजपाल, अरुण, राजू और विवाहित पुत्रियां पूजा व रुबी तथा अविवाहित पुत्री गोमती छोड़ गयी है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच करके नमूना लिया। प्रभारी निरीक्षक विश्वजीत सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# माहौल बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

- एसपी ने हाथीथान में जुलूस के मार्ग का किया भ्रमण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** एसपी राजेश द्विवेदी ने होली पर निगोही रोड पर हाथीथान से निकलने वाले जूलुस निरीक्षण किया। उन्होंने जुलूस के आयोजकों से बातचीत की। उन्होंने निर्देश दिए कि जुलूस में पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स लगाया जाए और संवेदन शील स्थानों बेरीकेटिंग की जाए।

एसपी राजेश द्विवेदी सदर बाजार पुलिस फोस के साथ शुक्रवार की शाम होली के पर्व हाथीथान से निकलने वाले जुलूस के मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने जुलूस में पड़ने वाले संवेदन शील स्थानों को देखा। उन्होंने जुलूस मार्गों के प्रमुख बिंदुओं, संवेदनशील स्थानों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि बेरीकेटिंग करायी जाए, संवेदनशील स्थानों पर पुलिस फोर्स की डियूटी लगायी जाए और जुलूस के समय रुट को डायवर्जन किया जाए। एसपी ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने जुलूस के आयोजकों से बात की और कहा कि समय से जुलूस समाप्त हो जाए तथा रुट नहीं बदला जाए। जुलूस शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाए। इस अवसर पर सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक, चौकी प्रभारी कैंट, अशफाकनगर नगर चौकी प्रभारी, संजय सेठी, महेद्र चावला आदि मौजूद रहे।

## नवागत डीपीआरओ प्रमोद यादव ने संभाला कार्यभार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जून 2025 से जनपद में रिक्त चल रहे, डीपीआरओ पद के लिए शासन की ओर से जिला पंचायत राज अधिकारी निदेशालय में तैनात अपर जिला पंचायत राज अधिकारी प्रमोद कुमार यादव की तैनाती दी है। उन्होंने जनपद में आकर विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है। डीपीआरओ ने चार्ज संभालते ही आवास, शौचालय समेत अन्य सरकारी योजनाओं की फाइलों को तलब कर संबंधित लिपिकों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशानुरूप सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना हमारा ध्येय है। नवागत डीपीआरओ मूलतः चंदौली जनपद के निवासी हैं। हालांकि वित्तीय कार्य अभी डीडीओ ऋषिपाल सिंह ही संभालेगे।

# बिस्मिल के घर को संग्रहालय बनाने की मांग

- सहयोग संस्था ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन
- सरकारी संपत्ति घोषित करने की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते सहयोग संस्था के पदाधिकारी।

**अमृत विचार:** जनपद की समाजसेवी संस्था सहयोग के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह को पत्र सौंपा। पत्र में अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के घर को सरकारी संपत्ति घोषित कर संग्रहालय बनाए जाने की मांग की गई।

संस्था की ओर से कहा गया कि पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के नाम पर शाहजहांपुर को शहीदों की धरती कहा जाता है, लेकिन उनका पैतृक घर इस समय लाचार अवस्था में है। इसे संरक्षित कर संग्रहालय के रूप में विकसित किया जाए, ताकि महान क्रांतिकारी की स्मृति सदैव जनपदवासियों के लिए अमर बनी रहे। संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान और शाहनवाज खां एडवोकेट ने कहा कि जनहित के मुद्दों को संस्था लगातार उच्च पटल तक पहुंचाती रहेगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही बहादुरगंज स्थित बहादुर खां के मकबरे के संबंध में भी उच्च स्तर पर बात की जाएगी।

संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता, महासचिव विकास सक्सेना और सचिव संगीता गुप्ता ने बताया कि होली पर्व को लेकर संस्था की ओर से कस्तूरबा विद्यालय, राजकीय बाल गृह और मलीन बस्ती सुंदर नगर में शीघ्र कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## युवक को पीटा, छह लोगों पर आरोप

**संवाददाता, खुटार, अमृत विचार:** जनपद पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव फतेपुर खुर्द निवासी सूरज वर्मा ने पुलिस को बताया कि 19 फरवरी की रात करीब ग्यारह बजे वह अपनी बुआ की लड़की की शादी में खुटार के गांव कुइयां आया था। आरोप है कि गांव के ही तीन लोगों ने अपने तीन साथियों के साथ उससे वेबजह गाली-गलौज की। विरोध करने पर उसके साथ पिटाई की और लाठी-डंडों व धारदार हथियार से प्रहार कर दिया। जिससे उसके सिर से खून बहने लगा। पिटाई से वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। उक्त लोग गंभीर हालत में उसे छोड़कर मौके से भाग निकले। जबकि उक्त लोगों ने मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। शुक्रवार को सूरज वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

# व्यापारियों का कोतवाली प्रभारी पर अभद्रता का आरोप

- सीओ कार्यालय पहुंचकर जताया विरोध, बाजार बंद की चेतावनी
- अतिक्रमण हटाने को लेकर विवाद, सीओ के कहने पर शांत

संवाददाता, तिलहर


तिलहर में सीओ कार्यालय पर विरोध जताते व्यापारी नेता और व्यापारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर क्षेत्र में व्यापारियों ने कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव के कार्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। व्यापारी नेताओं ने घटना की पुनरावृत्ति होने पर बाजार बंद कराने की चेतावनी भी दी।

कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल नगर क्षेत्र में भ्रमण पर निकले थे। बाजार में सड़क पर अतिक्रमण देख उन्होंने कुछ व्यापारियों को सख्त लहजे में ऐसा न करने की चेतावनी दी। इस दौरान व्यापारियों ने मिश्रा गुट के मंडल नगर अध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू को सूचना दी कि पुलिस की ओर से उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया है।

सूचना मिलने पर कंछल गुट के व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि भी बाजार पहुंचे। इसके बाद व्यापारी नेताओं के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारी पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचे और विरोध जताया। इस दौरान बाजार बंदी की तैयारी भी कर ली गई थी। व्यापारी नेता हितेश गुप्ता रिंकू और सौरभ गुप्ता रवि ने कहा कि व्यापारियों के सम्मान के साथ कोई खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसी घटना दोबारा हुई तो बाजार बंद किया जाएगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव ने व्यापारियों को शांत करते हुए कहा कि पुलिस अपना कार्य कर रही थी। यदि किसी प्रकार का असमंजस हुआ है तो उसकी पुनरावृत्ति नहीं होगी। उन्होंने व्यापारियों से बाजार बंद न करने की अपील की। सीओ के आश्वासन के बाद व्यापारियों ने बाजार बंदी का निर्णय निरस्त कर दिया। सीओ से वार्ता के दौरान श्याम अग्रवाल, उपेन्द्र अग्रवाल, चांद अंसारी, मंसूर मंसूरी, प्रियांक सहित अन्य मौजूद रहे।

कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने व्यापारियों से अभद्र व्यवहार के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने व्यापारियों से स्वयं अतिक्रमण न करने के लिए सहयोग की अपील की, जिससे आम जनता को असुविधा न हो। व्यापारी नेता प्रदीप गुप्ता सर्राफ ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रशासन को समस्या का समाधान व्यापारियों से सामंजस्य बनाकर करना चाहिए, दबंगई स्वीकार नहीं की जाएगी।

## महिला चिकित्सक पर लगाया भूमि कब्जाने का आरोप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तहसील तिलहर के धुवला करीमनगर निवासी अरविन्द कुमार ने डीएम को पत्र देकर महिला चिकित्सक पर भूमि कब्जाने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।

पत्र में कहा कि एक किता आराजी गाटा सं 110 क ग्राम धरनीधरपुर परगना जमौर तहसील सदर में 160 वर्गमीटर भूमि रामदास व रामसेवक पुत्र मुकुट निवासी ग्राम पिपरौला अहमदपुर परगना जमौर से क्रय की थी। पीड़ित अपनी जमीन पर हदबन्दी करने गया तो वहां मेडिकल कालेज में तैनात महिला चिकित्सक का नौकर विरोध करने लगा। उसकी भूमि के पास में ही महिला चिकित्सक भी भूमि है। जिस कारण पीड़ित की भूमि पर भी महिला चिकित्सक की नीयत खराब है और कब्जा करना चाहती है।

# पिंकी शुक्ला की मौत में पति दीपक गिरफ्तार

- पुलिस कर रही पूछताछ, अन्य की तलाश में जुटी
- अवैध संबंधों में बाधक बनने पर पति करता था शारीरिक शोषण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


मृतका पिंकी शुक्ला का पति दीपक शुक्ला पुलिस हिरासत में। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** चिनौर गांव की पिंकी शुक्ला की मौत के मामले में सदर बाजार पुलिस ने मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उसे पूछताछ कर रही है। पुलिस उसकी प्रेमिका और अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

हरदोई जिले के थाना बेहटा गोकुल के बेहटा धीरा निवासी राधेश्याम मिश्रा ने सदर बाजार थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसने अपनी पुत्री पिंकी शुक्ला की शादी करीब 20 साल पहले दीपक शुक्ला निवासी चिनौर थाना सदर बाजार के साथ की थी। 15 फरवरी को दिन में तीन बजे उसके नाती अंशु शुक्ला ने फोन करके बताया कि मम्मी पिंकी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। वह बेटी की ससुराल पहुंचा तो मृत अवस्था में मिली। आरोप है कि दीपक शुक्ला के प्रिया गुप्ता से अवैध संबंध थे। दीपक शुक्ला और उसकी प्रेमिका प्रिया गुप्ता उसकी बेटी पिंकी को मानसिक और शारीरिक परेशान करते थे। इसी वजह से उसकी बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मृतका के पति दीपक शुक्ला, प्रिया गुप्ता, राजेश शुक्ला और रमेश शुक्ला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया आरोपी दीपक शुक्ला को पुवायां रोड से शाम गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# विद्यार्थी ट्रॉफी और मेडल से सम्मानित


शिविर के समापन पर छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। • अमृत विचार

- सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ एनएसएस शिविर का समापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जीएफ़ कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो फैयाज अहमद ने स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज की सेवा करते हुए छात्रों में नेतृत्व, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करना है। उन्होंने सात दिवसीय शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र, ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में तीनों इकाइयों के प्रतिनिधि स्वयंसेवियों ने सात दिवसीय शिविर में आयोजित कार्यक्रमों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। अतुल कुमार वर्मा, शान अली और आरिश हुसैन ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किए। अतुल ने स्टैंडिंग कॉमेडी की। अमृत भारती ने नशा मुक्ति पर आधारित लोकगीत प्रस्तुत किया। शिविर में छात्र इकाई में बेस्ट वालंटियर का खिताब अभिनव, सूरज, रुद्र, रोहित, विवेक, नवीन ने तथा छात्रा इकाई में प्रियंका, गौरी, शिवांगी, साक्षी ने और मिश्रित छात्र-छात्रा इकाई में अलवीरा, आलिया, इंशा, अमन, अब्दुल रहमान, प्रियंका तथा संजना ने हासिल किया। संचालन अलवीरा खान ने किया।

## घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** गांव का एक युवक घर में घुस गया और गलत नीयत से युवती को पकड़ लिया। आरोप है कि युवती से छेड़छाड़ करने लगा।

युवती ने शोर मचाया तो आरोपी भाग गया। सिंधौली थाना क्षेत्र के एक गांव की 18 वर्षीय युवती 16 फरवरी की रात में परिवार के साथ कमरे में सो रही थी। गांव का अतुल शर्मा दीवार फांदकर घर में घुस गया। आरोपी ने युवती को गलत नीयत से पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा।

युवती ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। युवती को गलत नीयत से पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# किसान महापंचायत में गुरनाम सिंह चढूनी ने भरी हुंकार

- एमएसपी, बिजली, कर्ज माफी सहित कई मुद्दों पर उठाई आवाज
- मोदी ट्रम्प समझौते का किया विरोध मांगें न मानी तो होगा आंदोलन

संवाददाता, पुवायां


मंडी में प्रदर्शन करते किसान। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** मंडी परिसर में किसानों की महापंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन चढूनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी तथा प्रदेश प्रभारी सूबे सिंह डाबर पहुंचे और किसानों को संबोधित किया।

गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि किसान अपनी हक की लड़ाई किसी के भरोसे नहीं छोड़ें, बल्कि खुद दमदारी और एकजुटता के साथ संघर्ष करें। उन्होंने कहा कि बढ़ती लागत, फसलों के उचित दाम, एमएसपी की कानूनी गारंटी, बिजली बिल, बीज कानून और किसानों की कर्जमाफी जैसे मुद्दों पर सरकार को स्पष्ट निर्णय लेना होगा। बताया कि मोदी और ट्रंप में जो समझौता हुआ है वह पूरी तरह से गलत है, जो समाप्त होना चाहिए। प्रदेश प्रभारी सूबे सिंह डाबर ने भी किसानों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि यदि किसानों की मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

महापंचायत में विभिन्न गांवों से आए किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। आयोजकों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर बड़े स्तर पर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। इस दौरान उल्फत सिंह, भूपेंद्र सिंह गिल समेत भारी संख्या में किसान व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव शहजापुर निवासी लक्ष्मी ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार की दोपहर गांव के खुशीराम ने उसके खेत की मेड़ काट दी। उसने आरोपी से मेड़ बांधने के लिए कहा तो गाली देने लगा। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर आरोपी खुशीरा के बेटे कुलदीप, प्रदीप ने महिला को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### ददरौल बीडीओ दफ्तर का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विकास खंड ददरौल स्थित खंड विकास अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न पटलों के कार्यों, अभिलेखों के रखरखाव और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा साफ-सफाई और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यालय में प्रेरणा कैंटीन का फीता काटकर शुभारंभ भी किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण में आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए उपलब्ध शिशु डेस्क और मैट का वितरण न होने पर डीएम ने नाराजगी जताई और सीडीपीओ से स्पष्टीकरण मांगा। सामग्री का समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।


# पुवायां के गुटैया क्षेत्र में बंदरों का आतंक, किसानों की फसलें तबाह

## भालू की पोशाक पहनकर बंदरों को डराना बेअसर, किसान का अनोखा प्रयोग भी विफल

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गुटैया इलाके में एक किलोमीटर के दायरे में इन दिनों बंदरों का आतंक किसानों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। झुंड के रूप में घूम रहे बंदर खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसानों को आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। स्थिति से निपटने के लिए एमएम फार्म के प्रगतिशील किसान तारा सिंह ने बंदरों को भगाने के उद्देश्य से भालू की पोशाक पहनाकर अपने यहां कार्य करने वाले वर्करों को खेतों में पहरा के लिए लगाया है। शुरुआती दिनों में इसका असर भी देखने को मिला और बंदर कुछ दूरी बनाए रखने लगे, लेकिन धीरे-धीरे बंदरों ने इस तरीके को भी समझ लिया और अब इसका कोई खास असर नहीं हो रहा है।

किसानों का आरोप है कि कुछ दिन पहले बाहरी लोग बंदरों को इस क्षेत्र में छोड़कर चले गए, जिसके बाद से समस्या और बढ़ गई है। ग्रामीणों में इसे लेकर गहरा



बंदर भगाने को भालू की पोशाक पहने किसान


- वन विभाग के अधिकारियों से की गई बंदर पकड़वाने की मांग
- बाहरी लोगों पर बंदर छोड़ने का आरोप, ग्रामीणों में रोष

रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि लगातार हो रहे नुकसान से खेती करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि नए नियमों के अनुसार बंदरों को पकड़कर सुरक्षित जंगल क्षेत्र में छोड़ने की जिम्मेदारी वन विभाग की है। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

### किसान बोले



पहले इस क्षेत्र में बंदर नहीं थे, कुछ दिनों से बंदर बढ़ गए हैं। उन्होंने भालू वाली पोशाक मंगवाई थी, जिससे कुछ दिन राहत रही बाद में फिर बंदरों को आदत पड़ गई। वन विभाग को बंदरों को पकड़वाने का काम करना चाहिए। -**तारा सिंह**



एक दिन भालू वाली पोशाक देखकर अचानक उन्हें डर लगा, बाद में पता चला कि वह बंदर भगाने के लिए है। बंदर किसी दिन किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। प्रशासन से बंदर पकड़वाने की मांग की है। -**पर्वत सिंह**



कई बार बंदर लोगों पर हमला कर देते हैं, साथ ही फसलों का काफी नुकसान कर रहे हैं। ग्रामीण काफी डरे हुए हैं। -**संदीप चौधरी**



उनके गांव तक बंदरों की पहुंच है। कई बार बंदर ग्रामीणों को घायल कर चुके हैं। लेकिन किसानों की आवाज को कोई नहीं सुन रहा है। - **निशान सिंह**

> बंदर छोड़े जाने के मामले में टीम भेजकर निरीक्षण कराते हुए सत्यता का पता करेंगे, और पकड़वाने के लिए निर्देशों के अनुसार काम किया जाएगा। – **वीरेश राव**, रेंजर, वन विभाग

# कांट क्षेत्र में प्रेमी प्रेमिका ने जहर खाया, गंभीर

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** प्रेमी युगल ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की। प्रेमी युगल कांट थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव के रहने वाले हैं। दोनो ने रामलीला मैदान में जहर खाया और फिर दोनो बेसुध मैदान में पड़े रहे। वहां से गुजर रहे लोगों ने देखकर पुलिस को सूचना दी। दोनो को सीएचसी लाया गया और फिर राजकीय मेडिकल कालेज रेफर किया गया। जहां दोनों का इलाज जारी है।

दरअसल घटना थाना क्षेत्र की है। यहां के एक गांव के रहने वाले 19 साल के युवक का दूसरे गांव की रहने वाली 19 साल की युवती के साथ पिछले करीब चार से पांच महीने से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जानकारी के अनुसार, युवक घर से कपड़े खरीदने का कहकर निकला था। उसके बाद वह रामलीला मैदान पहुंच गया। वहां उसको युवती भी मिल गई। बताया जा रहा है कि दोनो ने उसी मैदान में जहरीला पदार्थ खा लिया और बेसुध होकर जमीन पर गिर गए। मैदान से गुजर रहे होगो ने इसकी जानकारी फौरन पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उनकी पहचान कर दोनो को सीएचसी भेजा और फिर वहां से उनको राजकीय मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। दोनो के परिवार के लोग भी अस्पताल पहुच गए हैं।

# बिजली संकट पर भाकियू का प्रदर्शन, आपूर्ति की मांग



प्रदर्शन करते भाकियू टिकैत गुट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- गंगसरा फीडर पर लो वोल्टेज व फाल्ट से ग्रामीण परेशान

**पुवायां।** क्षेत्र के गांव बहादुरपुर में विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर गांव में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि गंगसरा फीडर से जुड़े बहादुरपुर गांव में पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों ने कम से कम 18 घंटे नियमित विद्युत आपूर्ति की मांग उठाते हुए कहा कि लो वोल्टेज, बार-बार फाल्ट और अनियमित कटौती से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली संकट का असर घरेलू कार्यों के साथ-साथ किसानों की सिंचाई व्यवस्था और छात्रों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। इसके अलावा गांव और आसपास क्षेत्र में घरेलू एवं हाईटेंशन लाइन के कई तार जर्जर होकर नीचे लटक रहे हैं, जिससे स्कूली बसों व राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। भाकियू पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में बलजिंदर सिंह, रंजीत सिंह, लालाराम, प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, बलवीर सिंह, गुरप्रीत सिंह, रमेश चंद्र, हरदीप सिंह समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# साक्षरता के स्वयंसेवियों का प्रशिक्षण संपन्न





नव स्वयं सेवियो को सम्मानित करते शिक्षक जितेंद्र। ● अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

- ब्लॉक संसाधन केंद्र पुवायां में हुआ आयोजन

**अमृत विचारः** ब्लॉक संसाधन केंद्र पुवायां में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य करने वाले स्वयंसेवियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षक अनूप कुमार बरनवाल ने स्वयंसेवियों को निरक्षरों को पढ़ाने की विधियों एवं उनके प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा का प्रसार ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है और प्रत्येक स्वयंसेवी की भूमिका इसमें महत्वपूर्ण है। दूसरे प्रशिक्षक जितेंद्र गुप्ता ने स्वयंसेवियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नवभारत साक्षरता अभियान को सफल बनाने के लिए नियमित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक स्वयंसेवी उल्लास ऐप पर कम से कम 10 या उससे अधिक निरक्षरों का डाटा अपलोड करें, ताकि अभियान की प्रगति का सही आकलन किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवियों को कार्यक्रम की रूपरेखा, लक्ष्य और क्रियान्वयन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। अंत में सभी ने साक्षरता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

# दातागंज में कल होगा संविधान बचाओ संवाद

**बदायूं, अमृत विचार :** कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का जमावड़ा 22 फरवरी को दातागंज में देखने को मिलेगा। संविधान बचाओ संवाद कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, सीतापुर सांसद राकेश राठौर, अंतर्राष्ट्रीय शूटर पूनम पंडित समेत अनेक दिग्गज कांग्रेस नेता हिस्सा लेंगे। जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने बताया कि पूनम पंडित ने वीडियो जारी कर लोगों से 22 फरवरी को दातागंज स्थित शुक्रवार बाजार पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के दमन का मुकाबला किया जायेगा। संविधान बचाओ संवाद के द्वारा अधूरे मुढ़ा पुख्ता पुल का निर्माण शुरू कराने, दातागंज में चीनी मिल लगवाने, किसानों के कर्जे माफ करने, छुट्टा पशुओं से किसानों की फसलों की सुरक्षा का मुद्दा उठेगा।

# बोर्ड परीक्षा में शिक्षकों से अभद्रता पर भड़का शिक्षक संघ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित बोर्ड परीक्षाओं में कक्ष निरीक्षण ड्यूटी कर रहे परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के साथ हो रहे अभद्र व्यवहार पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से संबंधित प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों पर तत्काल लगाम नहीं लगाई गई तो परिषदीय शिक्षक कक्ष निरीक्षण कार्य का बहिष्कार करने को बाध्य होंगे।

संघ के जिला अध्यक्ष मुनीश कुमार मिश्रा ने कहा कि निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के नाम पर शिक्षकों का बीच सत्र में समायोजन किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत गरीब बच्चों की शिक्षा प्रभावित करते हुए उन्हीं शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षाओं में लगाई जा रही है।



बोर्ड परीक्षा ड्यूटी को लेकर आक्रोश व्यक्त करते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

जिला मंत्री देवेश बाजपेई ने आरोप लगाया कि कई परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक परिषद के स्पष्ट निर्देशों का उल्लंघन कर रहे हैं। प्रत्येक कक्ष में एक आंतरिक और एक बाह्य कक्ष निरीक्षक की व्यवस्था के स्थान पर दोनों निरीक्षकों के रूप में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को तैनात किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला शिक्षिकाओं से दोनों पालियों में ड्यूटी कराई जा रही है, जबकि उनके जलपान और भोजन की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति ने बताया कि कई परीक्षा केंद्रों पर आवश्यकता से अधिक संख्या में परिषदीय शिक्षकों को

- केंद्र व्यवस्थापकों पर निर्देश उल्लंघन का आरोप
- अधिकारों की रक्षा न होने पर ड्यूटी बहिष्कार की चेतावनी

बुलाया जा रहा है, जिससे विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था बाधित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि खंड शिक्षा अधिकारी परिस्थितियों का समुचित संज्ञान लिए बिना शिक्षकों को परीक्षा ड्यूटी के लिए भेज रहे हैं। जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी ने कहा कि एक विकास क्षेत्र के मान्यता प्राप्त इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य की ओर से महिला शिक्षिकाओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जो निंदनीय है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक से ऐसे प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों के विरुद्ध तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की। संघ शाखा पुवायां अध्यक्ष अश्विनी अवस्थी ने कहा कि कई खंड शिक्षा अधिकारी शिक्षकों के आकस्मिक अवकाश आवेदन निरस्त कर रहे हैं, जो अवकाश नियमावली के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि कई महीनों से व्हाट्सएप के माध्यम से आदेश जारी कर आकस्मिक अवकाश पर रोक लगाई जा रही है, जो नियमों के अनुरूप नहीं है। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि उच्च स्तर से आकस्मिक अवकाश पर रोक का कोई आदेश जारी किया गया है तो उसे लिखित रूप में सार्वजनिक किया जाए। शिक्षकों से अपील की गई है कि परीक्षा केंद्रों पर हो रही असुविधाओं और अभद्र व्यवहार की जानकारी संगठन को उपलब्ध कराएं। संघ ने चेतावनी दी कि यदि परिषदीय शिक्षकों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित नहीं की गई तो संगठन कठोर निर्णय लेने को बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग की होगी।

# गोष्ठी में उन्नत गन्ना किस्मों पर जोर

- पुवायां मिल क्षेत्र के ग्राम केली में बसंत कालीन गोष्ठी

**पुवायां, अमृत विचारः** पुवायां चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम केली में 20 फरवरी 2026 को बसंत कालीन गन्ना बुवाई के संबंध में किसान गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में सहकारी चीनी मिल मुख्यालय से आए अधिकारियों ने किसानों को उन्नत खेती तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी।

गोष्ठी में मुख्य गन्ना विकास सलाहकार डॉ. आर.सी. पाठक, उप मुख्य रसायनविद दीपक कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। कृषकों को ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई, सह-फसली खेती तथा नवीनतम रोगरोधी गन्ना किस्में को 15023, को 13235, 1723, 18231, 19231, को लखनऊ 14201, 16202 आदि के उत्पादन और बीज उपलब्धता के बारे में बताया गया। अधिकारियों ने स्वीकृत किस्मों का अधिक आच्छादन करने और क्षेत्र में बीज गन्ना उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया। प्रधान प्रबंधक चीनी मिल पुवायां ने किसानों को आश्वस्त किया कि आपूर्ति योग्य गन्ने की खरीद सुचारु रूप से की जाएगी। बसंत कालीन बुवाई में बीज और भूमि उपचार के महत्व तथा रोगरोधी किस्मों के उत्पादन पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान ग्राम रूई के कृषक सर्वजीत सिंह के खेत पर बसंत कालीन बुवाई हेतु सुरक्षित को 13231 तथा ग्राम बिलौनी के कृषक रजवीर सिंह के खेत पर बीज वितरण हेतु सुरक्षित को 0118 किस्म के गन्ना बीज का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने विभागीय टीम को बीज वितरण और बुवाई के लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कृषकों को बताया गया कि 18 जनवरी 2026 तक खरीदे गए गन्ने का 5491.20 लाख रुपये का भुगतान किसानों के बैंक खातों में भेजा जा चुका है। गोष्ठी में जिला गन्ना अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्रा, प्रधान प्रबंधक डॉ. सुभाष यादव, मुख्य गन्ना अधिकारी प्रवीण कुमार यादव सहित विभागीय स्टाफ और बड़ी संख्या में गन्ना कृषक मौजूद रहे। अंत में किसानों से अधिकाधिक गन्ना चीनी मिल को आपूर्ति करने की अपील की गई।

# युवक बिना नंबर की बाइक छोड़कर भागा

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** ढकिया रघा गांव में एक युवक बिना नंबर की बाइक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया है। तिलहर थाना क्षेत्र के गांव ढकिया रघा में बुधवार की रात दस बजे एक युवक सोनपाल के दरवाजे पर बाइक छोड़कर भाग गया। गांव वालों ने तिलहर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया और गांव वालों से पूछताछ की। बाइक की नंबर प्लेट पर नंबर नहीं पड़ा है। पुलिस बाइक के चेचिस नंबर से बाइक मालिक का पता लगा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बाइक स्वामी का पता लगाया जा रहा है।

# सीडीओ ने तहसील और ब्लॉक का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता, तिलहर

- अनावासीय भवनों में कमियां मिलने पर दिए सख्त निर्देश
- कमरों की रोशनी और पानी व्यवस्था सुधारने को कहा

**अमृत विचारः** मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह ने तहसील तिलहर के अनावासीय भवनों का अचानक पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवनों के कमरों और मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया।

औचक निरीक्षण में कुछ आवश्यक सुधारात्मक बिंदु सामने आए। मुख्य विकास अधिकारी ने कमरों में एग्जॉस्ट फैन लगवाने, प्रकाश व्यवस्था बेहतर करने के लिए लाइटों की संख्या बढ़ाने, खिड़कियों की जाली और कांच दुरुस्त कराने तथा पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी कमियों को शीघ्र दूर कर कार्यालय परिसर में स्वच्छ, व्यवस्थित और नागरिकों के अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदानंद सरोज मौजूद रहे। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर सभागार और बीडीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने पशु चिकित्सालय परिसर में भी व्यवस्थाएं बेहतर कराने के निर्देश दिए।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777


# फसल रखाकर आ रहे किसान की हादसे में मौत

संवाददाता, खुटार

- लगभग डेढ़ घंटे रोड पर ही तड़पता पड़ा रहा किसान, तोड़ा दम

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर निवासी सुरेंद्र कुशवाहा पुत्र नीलकंठ कुशवाहा 40 वर्षीय बुधवार की रात नौ बजे खेत में आलू की रखवाली कर घर लौट रहा था।

रघुनाथपुर जेवा रोड के 200 मीटर पहले अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह रोड पर उछलकर दूर जा गिरा। लगभग डेढ़ घंटे तक तड़पता रहा। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने सुरेंद्र कुशवाहा को देखा तो वह दमतोड़ चुका था।

सुरेंद्र की मौत की सूचना मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। उधर सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सुरेंद्र के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक सुरेंद्र छह भाइयों में चौथे नंबर का था। मृतक के भाई महेंद्र कुशवाहा ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें कहा है कि भाई सुरेंद्र बुधवार की रात खेत पर रखवाली कर घर आ रहा था। जेवा पुवायां मार्ग पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे सुरेंद्र की मौत हो गई।

बताते चलें कि मृतक सुरेंद्र अपने पीछे पत्नी लक्ष्मी देवी, बेटा रवि कुशवाहा, बेटी संध्या को रोता बिलखता छोड़ गया। थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह ने बताया कि मृतक के परिवार की ओर से तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# स्टेशन पर अधूरा पड़ा है शौचालय का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए प्लेटफार्म पर बनाया गया सार्वजनिक शौचालय पांच माह बीत जाने के बाद भी बनकर तैयार नहीं हुआ। इधर महिला प्रतीक्षालय और प्रथम श्रेणी प्रतिक्षालय में मरम्मत कार्य को लेकर लघुशंका के लिए काफी दिक्कत हो रहीं है। यात्री रेलवे लाइन के किनारे लघुशंका करते है। जबकि प्लेटफार्म दो और तीन पर बना शौचालय तोड़ दिया गया है।

स्थानीय रेलवे स्टेशन ए ग्रेड की श्रेणी में आता है। प्लेटफार्म एक, दो-तीन और चार व पांच पर सार्वजनिक शौचालय गना था। लेकिन रेल प्रशासन ने प्लेटफार्म एक और दो व तीन पर बने शौचालय को तुड़वा दिया। रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफार्म एक पर पूरब दिशा





प्लेटफार्म एक पर अधूरा पड़ा शौचालय।

- महिला प्रतीक्षालय में लटका है ताला, यात्रियों को हो रही दिक्कत

की तरफ रेलवे दूर संचार केंद्र के निकट शौचालय का निर्माण करा रहा है। पांच माह पूर्व शौचालय का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। लेकिन अभी तक शौचालय बनकर तैयार नहीं हुआ। ठेकेदार ने शौचालय के कार्य को अधूरा छोड़ दिया है। इधर प्लेटफार्म एक पर महिला प्रतीक्षालय और प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय बना हुआ है। दोनों प्रतीक्षालय के फर्श को ऊंचा करने को लेकर कार्य चल रहा है। महिला प्रतीक्षालय को लगभग दो माह हो गए और अभी कार्य पूरा नहीं हुआ है। इसी प्रकार प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय में कार्य को अधूरा छोड़ दिया है। प्लेटफार्म पर सार्वजनिक शौचालय न होने से यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही है। सबसे अधिक परेशानी महिला यात्रियों को हो रही है। प्लेटफार्म पर दो व तीन पर शौचालय न होने से यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही है। यात्री मजबूरन रेलवे लाइन के किनारे लघुशंका करने को मजबूर है। यात्रियों ने इस समस्या से अधिकारियों को अवगत करा चुके है। रेल यात्री राम औतार सिंह, विनोद कुमार, ऊषा देवी ने मांग की है कि शौचालय का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए।

### पे एंड यूज में लेते हैं अधिक पैसे

रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म एक पर द्वितीय प्रतीक्षालय के निकट और सर्कुलेटिंग एरिया में पे एंड यूज शौचालय बना हुआ है। रेलवे ने लघुशंका के लिए पांच रुपये और नहाने के लिए दस रुपये शुल्क निर्धारित किया है। यात्रियों ने कई बार शिकायत की है कि ठेकेदार लघुशंका के दस रुपये और पेशाब करने के पांच रुपये लेते है। पेशाब करने का कोई शुल्क नहीं है। यात्रियों की आए दिन नोकझोंक होती है।

> प्लेटफार्म एक पर अधूरा पड़ा शौचालय की जानकारी नहीं है। संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए जाएगे कि सार्वजनिक शौचालय और महिला प्रतीक्षालय का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए। – **आदित्य गुप्ता**, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मुरादाबाद मंडल

न्यूज ब्रीफ

## राजमार्ग पर भिड़ी कार और ऑटो, चार घायल


हादसे के बाद खड़ी कार और टेंपो।

**म्याऊं, अमृत विचार :** गुरुवार रात लगभग दो बजे मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग स्थित हनुमान मंदिर के पास कार और टेंपो की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार उझानी निवासी योगेश, भारत सिंह, गांव पड़ौआ निवासी रवि और टेंपो सवार गांव उसावां निवासी राजीव घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर म्याऊं पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायलों को म्याऊं के स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस हादसे के कारण की जांच कर रही है।

## आज सभी तहसीलों में होगा संपूर्ण समाधान

**बदायूं, अमृत विचार :** 21 फरवरी जनपद की समस्त तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रशासनिक सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपस्थित रहने के आदेश दिए हैं।

## दिव्यांगजनों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**बदायूं, अमृत विचार :** विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने मालवीय आवास गृह पर धरना दिया। उनके द्वारा सात सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से दिव्यांगजनों ने कहा कि उन्हें आने जाने में दिक्कत होती है। इसके लिए मोटर चालित रिक्शा निशुल्क बांटे जाए। अन्तोदय राशन कार्ड धारकों का बिजली बिल माफ किया जाए। कहा गया कि थाना पुलिस आये दिन परेशान करती है। दिव्यांगजनों पर फर्जी तरीके से मुकदमे लिखे जाते हैं। दिव्यांगजनों की इन समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए। इस मौके पर राजेश कुमार वागरे, पप्पू, रमेश सिंद, सोमदेव, राजपाल धर्मेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्राकृतिक रंगों से होगी होली, तैयार हो रहा हर्बल रंग

## अच्छी पहल: स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बना रही हैं हर्बल गुलाल, बाजार में जल्द होगा उपलब्ध

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** हर बार की तरह इस बार भी रंगों का त्योहार होली खास रहेगा। प्राकृतिक रंगों से होली होने वाली है। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्राकृतिक हर्बल रंग-गुलाल तैयार कर रही हैं। जिले के 60 से अधिक स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं रंगों को तैयार करने में लगी हुई हैं। महिलाएं पर्यावरण और स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर रंग और गुलाल को तैयार कर रही हैं। इस बार महिलाओं को करीब पांच टन हर्बल गुलाल तैयार कर बेचने की जिम्मेदारी मिली है।

बाजार में बिकने वाले रासायनिक गुलाल और रंगों से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है। रासायनिक रंगों में उपयोग होने वाले रसायन त्वचा और आंखों के लिए हानिकारक होते हैं है। जिससे लोगों को परेशानी होती है। रंगों का उपयोग किए जाने के बाद लोगों की त्वचा खराब हो जाती है।

पिछले कुछ सालों से केमिकल युक्त रंगों से लोग परहेज करने लगे हैं। इनके स्थान पर हर्बल रंग और गुलाल की डिमांड होने लगी है। केमिकल रंगों से होने वाली हानि और मांग को देखते हुए राज्य आजीविका मिशन विभाग द्वारा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को रंगों को बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हर साल की तरह इस साल भी जिले के करीब 60 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को हर्बल रंग बनाने का कार्य सौंपा है। उन्हें करीब 5 टन हर्बल रंग बनाने की जिम्मेदारी गई है। जगत ब्लॉक की ग्राम पंचायत औरामई में शिव शक्ति समूह की महिलाएं हर्बल रंग तैयार करने में लगी हुई हैं। इनके अलावा दातागंज और म्याऊं ब्लॉक क्षेत्र के साथ सालारपुर ब्लॉक की महिलाएं भी हर्बल रंग और गुलाल तैयार कर रहीं हैं। दातागंज क्षेत्र के गांव नगरिया अभय के ओम महिला समूह की अध्यक्ष शीतल ने बताया कि रंग-गुलाल बनाने की प्रक्रिया पूरी तरह प्राकृतिक है। इसे तैयार करने में औषधीय जड़ी-बूटियों और फूलों का उपयोग किया जाता है। जिससे यह त्वचा के लिए सुरक्षित होता है। विभिन्न रंग बनाने के लिए प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग किया जाता है।


गुलाल तैयार करतीं समूह की महिलाएं। • अमृत विचार


बनाए गए गुलाल की पैकिंग करतीं महिलाएं। • अमृत विचार

- जिले के एक दर्जन से अधिक महिलाओं के समूह रंग बनाने के कार्य में जुटे

> हर्बल रंग-गुलाल की बढ़ती मांग को देखते हुए महिलाएं अब यह काम कर रही हैं। उन्हें करीब पांच टन हर्बल गुलाल बनाने की जिम्मेदारी है। इसकी बिक्री के लिए भी उन्हें बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे उनकी आर्थिक आय में वृद्धि होगी।
>
> - **अखिलेश चौबे**, उपायुक्त, ग्रामीण आजीविका मिशन

### ऐसे बनाया जा रहा रंग और गुलाल

शीतल ने बताया कि गुलाबी रंग के लिए चुकंदर और गुलाब की पंखुड़ियां, पीला रंग के लिए हल्दी और गेंदे के फूल, हरा रंग के लिए पालक व मेंहदी के पत्ते, नीला रंग के लिए अपराजिता के फूल और लाल रंग के लिए टेसू के फूलों का इस्तेमाल कर रही हैं। बताया कि इन फूलों का रस निकाल लिया जाता है। उसके बाद अरारोट और मक्के के आटे में मिलाकर रगड़कर तैयार किया जाता है।

### अरारोट और मक्के के आटे का भी हो रहा इस्तेमाल

म्याऊं ब्लॉक के गांव गुढाना कृष्णा समूह की अध्यक्ष रीना ने बताया कि गुलाल और रंग बनाने के लिए उनके द्वारा अरारोट व मक्के के आटे का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह पूरी तरह से प्राकृतिक हर्बल गुलाल है। और सुगंधित भी है। उन्हें करीब एक टन हर्बल गुलाल तैयार करना है।

# मारपीट का वीडियो वायरल शांतिभंग की हुई कार्रवाई

संवाददाता, इस्लामनगर

- सड़क से हटने को लेकर 15 फरवरी को हुई थी मारपीट

**अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के कस्बा रुदायन में 15 फरवरी की दोपहर करीब दो बजे सरेराह हुई मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई की है।

सहसवान के महीउद्दीनपुर निवासी अब्दुल सलाम पुत्र अब्दुल हमीद अपने दो साथियों के साथ कस्बा रुदायन से गुजर रहे थे। इसी दौरान अक्षय कुमार उर्फ छोटू स्कूटी से हॉर्न बजाते हुए आए। सड़क से हटने को लेकर कहासुनी होने गई थी जो कुछ ही देर में मारपीट में बदल गई। आरोप है कि अक्षय कुमार ने अब्दुल सलाम और उनके दोनों साथियों के साथ मारपीट की। वायरल वीडियो में युवक तीनों लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटता नजर आ रहा है। काफी दूर तक मारपीट करने के बाद जब पीड़ित जान बचाकर भागने लगे तो आरोपी ने उनका पीछा कर फिर से हमला किया। वीडियो में यह भी दिखाई दे रहा है कि एक बुजुर्ग व्यक्ति, जिन्होंने सिर पर टोपी पहन रखी थी। उन्हें भी युवक ने कई थप्पड़ मारे। किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल साइट्स पर वायरल कर दिया। पुलिस ने अक्षय कुमार के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।


वायरल वीडियो में अब्दुल सलाम को पीट रहा युवक। • अमृत विचार

# बबराला-अनूपशहर मार्ग के रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनवाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


सांसद आदित्य यादव।

- जाम की समस्या के चलते सांसद ने रेल मंत्री को पत्र भेजकर बताई समस्या

**अमृत विचार :** बदायूं लोकसभा से सांसद आदित्य यादव ने बबराला-अनूपशहर मुख्य मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 58/बी पर लगने वाले जाम को लेकर चिंता व्यक्त की है। जाम की समस्या को लेकर उन्होंने स्थाई समाधान के लिए रेल मंत्री को पत्र भेजकर यहां ओवरब्रिज बनवाने की मांग की है।

सांसद ने पत्र के माध्यम से बताया कि विधानसभा गुन्नौर उनके लोकसभा क्षेत्र में है। इस क्षेत्र के अंतर्गत बबराला-अनूपशहर मार्ग प्रमुख और अत्यधिक व्यस्त मार्ग है। बड़ी संख्या में आम नागरिक, विद्यार्थी, किसान, व्यापारी और मरीज रोज गुजरते हैं। मार्ग के दोनों ओर कई गांवों की रोजमर्रा की गतिविधियां होती हैं। यहां के रेलवे फाटक से 25 से 30 सवारी और मालगाड़ियां गुजरती हैं। ट्रेनों के आवागमन के कारण रेलवे क्रॉसिंग काफी समय तक बंद रहती है। दोनों ओर वाहनों की कई किमी लंबी लाइन लग जाती है। यात्रियों के समय, ईंधन का नुकसान होता है और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। एंबुलेंस और अग्निशमन वाहनों जाम में फंसे रहते हैं। बताया कि अलीगढ़-बरेली के बीच डबल लाइन रेलवे परियोजना का कार्य प्रगति पर है। परियोजना पूरी होने के बाद इस रेलखंड पर ट्रेनों की संख्या की संभावित वृद्धि से फाटक पर जाम की स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। जिसके चलते सांसद ने ओवरब्रिज बनवाने की मांग की है। जिसके बनने से क्षेत्र में निर्बाध, सुरक्षित और सुगम यातायात सुनिश्चित होगा और दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

## साले के घर से लौट रहे बुजुर्ग की सड़क हादसे में मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव रमनगला निवासी बुजुर्ग रामप्रसाद पुत्र मटरू लाल के साले की मौत हो गई थी। जिसके चलते वह साले के घर कस्बा ककराला गए थे। जहां से लौटते समय वह ऑटो पर सवार हो गए। वह किनारे पर बैठे थे। चालक तेजी से ऑटो चला रहा था। सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में हाफिज सिद्दीकी इस्लामिया इंटर कॉलेज के सामने एक बस को ओवरटेक किया। इसी दौरान सामने से आए ई-रिक्शा से हल्की टक्कर हो गई। रामप्रसाद ऑटो से बाहर जा गिरे। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया।

# गन्ना खरीदने वाली तीन चीनी मिलें बंद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- रूपापुर, न्यौली और फरीदपुर मिल को नहीं मिल रहा गन्ना

**अमृत विचार :** जनपद का गन्ना खरीदने वाली तीन और चीनी मिलें समय से पहले ही बंद हो गयीं। जिससे एक ओर बिचौलिए सक्रिय हो गए हैं दूसरी ओर विभाग ने भी चुप्पी साध ली है। अब गन्ना किसान अपनी उपज दलालों के हाथों बेचने को मजबूर हैं।

जनपद का गन्ना सात चीनी मिलें खरीदती हैं जिसमें जिले की सबसे बड़ी चीनी मिल यदु शुगर मिल 27 जनवरी को गन्ने की कमी के चलते बंद कर दी गयी। उक्त चीनी मिल के किसानों को दूसरी मिलों को गन्ना बेचने को क्रय केंद्र आबंटित कर दिए गए। जहां पर कुछ दिनो तक किसानों ने गन्ना बेचा। अब गन्ने की कमी के चलते न्योली शुगर मिल, हरदोई की रूपापुर चीनी मिल और फरीदपुर चीनी मिल दो दिन से बंद कर दी गयी है। उक्त तीनों मिलें बंद होने के बाद जो गन्ना किसान शेष हैं उनका गन्ना बिचौलियों के हाथों बिक रहा है। जनपद में एक बार फिर गन्ना माफिया सक्रिय हो गए हैं। सिलहरी, आमगांव और गुलड़िया के किसान अपना गन्ना निजी लोगों को औने पौने दामों पर बेच रहे हैं।

गन्ना विभाग भी अब चुप्पी साधे बैठा है। विभाग का कहना है कि अब किसानों के पास गन्ना नहीं बचा है। जो गन्ना है उसका बीज बनाया जा रहा है। कुछ एक किसान अपना गन्ना इधर उधर ले गया होगा इस पर क्या किया जा सकता है।

> लगातार भ्रमण कर रहे हैं। गन्ना किसानों को आगाह किया गया है कि अपना गन्ना बिचौलियों को न दें। मिल पर ही पहुंचाएं। अब हरदोई की रूपापुर चीनी मिल बंद हो चुकी है उसके क्रय केंद्र व अन्य दो चीनी मिलों के क्रय केंद्र हटा दिए गए हैं। बिचौलियों पर नजर रखी जा रही है।
>
> **अशर्फी लाल**, जिला गन्ना अधिकारी

### शेखूपुर चीनी मिल पर बढ़ा गन्ना

सहकारी चीनी मिल शेखूपुर के गन्ना किसान अपना गन्ना लखनपुर क्रय केंद्र पर पहुंचा रहे हैं जबकि अधिकांश किसान मिल गेट पर गन्ना पहुंचा रहे हैं। मिल प्रबंधन का कहना है कि मिल परिसर में फरवरी माह तक का गन्ना पड़ा है जबकि क्षेत्र से भी किसान गन्ना ला रहे हैं। मिल की महा प्रबंधक मणि अरोड़ा ने बताया कि मिल पर गन्ना आ रहा है किसानों को किसी तरह की दिक्कत नहीं हो रही है। तीन अन्य चीनी मिलें बंद हो चुकी हैं उनका शेष गन्ना भी मिल पर आ रहा है इसलिए मिल मार्च के प्रथम सप्ताह तक चलेगी।

# पंचायत चुनाव की मतदाता सूची का प्रकाशन 15 अप्रैल को

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दूसरी बार अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन का बढ़ाया समय

**अमृत विचार:** पंचायत चुनाव मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि को राज्य निर्वाचन की ओर से एक फिर से आगे बढ़ा दिया है। अब मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 अप्रैल को होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग ने अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन का समय आगे बढ़ा दिया है। दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पांडुलिपियों तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करना एवं समस्त डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन की कार्रवाई 16 मार्च तक की जायेगी। मतदाता सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदान स्थलों के वार्ड की मैपिंग, क्रमांक, एसवीएन आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियां करना आदि कार्य 13 अप्रैल तक किये जायेंगे। इसके बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 अप्रैल को किया जायेगा। बताया कि निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जायेगा।

## महिला ने फंदा लगाकर दी जान हत्या का आरोप

**बदायूं, अमृत विचार :** एक गांव निवासी महिला का शव फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने मायका पक्ष पहुंचा। ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव चिर्रा निवासी सुनीता की शादी लगभग तीन साल पहले कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव बसेला निवासी सोनू पुत्र सुरेश पाल सिंह के साथ हुई थी। ससुरालीजनों ने मायका पक्ष को सूचना दी कि सुनीता ने फंदा लगा लिया है। मायका पक्ष मौके पर पहुंचा और हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। मायका पक्ष का आरोप है कि संतान न होने की वजह से ससुरालीजन सुनीता को परेशान करते थे। पैनल में महिला के शव का पोस्टमार्टम हुआ। जिसमें फंदा लगाने की वजह से मौत की पुष्टि हुई है।

# कलश यात्रा निकाली, कथा का आरंभ

संवाददाता, करियामई

**अमृत विचार :** धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ गांव में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई।उसके बाद कथा का शुभारंभ किया गया। कथा वाचक संगम शास्त्री ने गांव में कलश यात्रा से पूर्व विधि विधान से पूजा अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया। इस्लामनगर विकास खंड के गांव करियामई में ब्रह्मदेव महाराज रामस्वरूप उस्ताद के स्थान पर साप्ताहिक श्रीमद भागवत राम कथा का आयोजन किया गया। दोपहर बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद 121 श्रद्धालु पीत वस्त्रधारी महिलाओं बा बच्चों ने सिर पर कलश धारण कर कलश यात्रा निकाली। डीजे की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कथा वाचक ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का महत्व बताया। कथाव्यास ने कहा कि भागवत महापुराण कथा मनुष्य के समस्त पापों को नष्ट करती है। कथा में आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे। रामरतन ने बताया कि 26 फरवरी तक कथा का आयोजन होगा।


कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। • अमृत विचार

# छत पर बंदरों के झुंड के बीच मिला नवजात शिशु

संवाददाता, बिसौली


नवजात के साथ मौजूद महिला।

**अमृत विचार :** बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव तारापुर बुधवार रात में हड़कंप मच गया, जब एक मकान की छत पर नवजात शिशु के रोने की आवाज सुनाई दी। मकान मालिक छाया ने बताया कि छत से बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। जब वह छत पर पहुंची तो वहां बंदरों के झुंड के बीच एक नवजात शिशु रोता हुआ मिला। यह दृश्य देखकर वह दंग रह गई और बंदरों को भगाकर नवजात शिशु को कब्जे में लिया। नवजात शिशु मिलने से छाया के परिवार में खुशी का माहौल रहा ढोल नगाड़े भी बजवाए गए। वहीं तीसरे दिन ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात को सुरक्षित अपने कब्जे में लेकर उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने बच्चे का मेडिकल परीक्षण किया। फिलहाल चिकित्सकों के अनुसार नवजात की हालत स्थिर बताई जा रही है। आशंका है कि किसी महिला ने जन्म के बाद बच्चे को छत पर छोड़ दिया। गांव में नवजात शिशु मिलने से तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।

कवायद | एक मार्च से होगी खरीद, अभी तक बने 76 क्रय केंद्र, 150 किसानों ने ही कराया पंजीकरण

# जिले में गेहूं खरीद को लेकर तेज हुईं तैयारियां

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** गेहूं खरीद एक मार्च से शुरू हो जाएगी। खरीद को लेकर विपणन विभाग की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। अब तक 76 क्रय केंद्र जिले की सभी तहसीलों में स्थापित किए गए हैं। वहीं किसानों का गेहूं खरीदने के लिए पंजीकरण कराया जा रहा है। अब तक 150 से अधिक किसान पंजीकरण करा चुके हैं।

गेहूं की खरीद एक मार्च से शुरू होकर 15 जून तक की जाएगी। किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ दिलाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा गेहूं के एमएसपी में 160 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। इस बार गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। विक्रय करने के लिए नए किसानों को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा, जबकि पिछले वर्ष विक्रय कर चुके किसानों को अपना पंजीकरण अपडेट करना होगा। खरीद के बाद भुगतान सीधे किसानों के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा।

किसान तेजी से पोर्टल पर पंजीकरण करा रहे हैं। विभाग के अनुसार अब तक 150 से अधिक किसानों का पंजीकरण पूर्ण हो चुका है। वहीं दूसरी ओर अब तक जिले में स्थापित किए गए 76 क्रय-विक्रय केंद्रों पर तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। स्थापित गए क्रय विक्रय केंद्रों पर अधिकारी कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है। तौल व्यवस्था, गुणवत्ता जांच व भुगतान प्रक्रिया से जुड़े कार्यों को लगभग पूरा कर लिया गया है। ताकि गेहूं की बिक्री करने आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। वहीं जिला प्रशासन ने दावा किया है कि सभी क्रय केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर ली जाएंगी जिससे गेहूं खरीद अभियान को सफल बनाया जा सके।

### किसानों से पंजीकरण कराने की अपील

स्थापित किए गए क्रय विक्रय केंद्रों पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। यह कर्मचारी किसानों का पंजीकरण करने में सहायता करेंगे। साथ ही आगे खरीद प्रक्रिया सुव्यवस्थित रहे इसकी भी तैयारी करेंगे। विपणन अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वह समय रहते अपना पंजीकरण करा लें। ताकि, खरीद प्रारंभ होने पर उन्हें किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

### अब तक नहीं मिला है लक्ष्य

गेहूं खरीद एक मार्च से शुरू होने वाली है। विपणन विभाग द्वारा लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। जो शेष बची हैं उन्हें पूरा किया जा रहा है। विपणन अधिकारी ने बताया कि अब तक शासन की ओर से खरीद को लेकर लक्ष्य नहीं मिला है। शासन की मंशा के अनुसार गेहूं की खरीद की जाएगी।

> गेहूं खरीद को अब तक 76 क्रय विक्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन पर तैयारी चल रही है। किसानों का पंजीकरण कराया जा रहा है। बिना पंजीकरण के कोई भी किसान केंद्र पर गेहूं बिक्री नहीं कर सकेगा। जो क्रय केंद्र स्थापित हो चुके हैं उन पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है।
>
> **अतुल कुमार वशिष्ठ**, जिला विपणन अधिकारी

## शादी समारोह से महिला का जेवर रखा पर्स गायब

**विजय नगला, अमृत विचार :** शादी समारोह में शामिल होने आई एक महिला के सोने-चांदी के जेवर गायब हो गए। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव अहिरामई गौटिया निवासी पूजा पत्नी सतेन्द्र सिंह गुरुवार को अपने रिश्तेदार की शादी समारोह में शामिल होने के लिए कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के ममता बारात घर गई थी। शादी की सभी रस्म पूरी होने के बाद पूजा ने अपने गले का सोने का हार व चूड़ियां, चांदी का खडुआ उतारकर पर्स में रख लिए थे। फिर बारात में आईं अन्य महिलाओं के साथ बारात घर में सो गई। एक घंटे के बाद वह सोकर उठीं तो पास में पर्स नहीं था। उन्होंने शोर मचा दिया। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

# घटतौली रोकने को अभियान चलाएगा बाट माप विभाग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- त्योहारी सीजन में दुकानदार करते हैं घटतौली

**अमृत विचार:** होली और ईद का त्योहार नजदीक है। लोगों को शुद्ध और पूरी मात्रा में खाद्य पदार्थ उपलब्ध हैं, इसके लिए प्रशासन स्तर पर पूरी तैयारी गई है। एक ओर खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी तो वहीं बाट माप विभाग के अधिकारियों ने भी कमर कस ली है। घटतौली को लेकर विभाग अभियान शुरू करने जा रहा है। अगर किसी दुकानदार का कांटा बाट सही नहीं पाया गया या फिर तौल कम की गई तो उस पर दस हजार रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा।

होली का त्योहार आते ही प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। डीएम के आदेश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें बाजार में उतर चुकी हैं। अब बाट माप विभाग भी तैयार हो गया है। वरिष्ठ निरीक्षक बाट माप विनीत पांडेय ने बताया कि होली त्योहार को लेकर एक दो दिन में अभियान शुरू किया जा रहा है। सभी बाट माप निरीक्षक को आदेश जारी कर दिए गए हैं। धर्मकांटा, मिठाई विक्रेताओं और पेंट विक्रेताओं की दुकानों पर छापेमारी की जाएगी।

गैस एजेंसियों पर भी छापामार कार्रवाई होगी। प्रतिष्ठानों पर रखे तौल उपकरण की जांच होगी। अगर किसी दुकानदार या एजेंसी धारक द्वारा तौल उपकरण का सत्यापन नहीं कराया गया होगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई किए जाने के साथ जुर्माना वसूला जाएगा। अगर किसी परचून और मिठाई विक्रेता द्वारा घटतौली की तो उस पर दो हजार से लेकर दस हजार रुपए तक जुर्माना वसूला जाएगा। लोगों को उचित मात्रा में वस्तुएं मिले यही विभाग का उद्देश्य रहेगा।

## सड़क हादसे में घायल किसान की इलाज के दौरान मौत

**बिल्सी, अमृत विचार :** बिल्सी-वजीरगंज मार्ग पर 15 फरवरी की शाम सड़क हादसे में घायल हुए किसान ने इलाज के दौरान शुक्रवार को दम तोड़ दिया। परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र के गांव घंघौसी निवासी डिंपल पासी (40) पुत्र सियाराम 15 फरवरी की शाम को बिल्सी की बाजार से खरीदारी करके बाइक से वापस लौट रहे थे। बिल्सी-वजीरगंज मार्ग पर राजकीय नलकूप संख्या 22 के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। घायल को बिल्सी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने रेफर किया। परिजनों ने घायल को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से 19 फरवरी की रात घायल हो दिल्ली के अस्पताल भेजा गया। जहां शुक्रवार दोपहर घायल ने दम तोड़ दिया।

**न्यूज ब्रीफ**

### धार्मिक संस्थाओं से दो सप्ताह में भुगतान विवरण मांगा

**बदायूं, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी डा वैभव शर्मा ने बताया कि जनपद की पात्र धार्मिक संस्थाओं से एन्युटी भुगतान का वितरण मांगा गया है। बताया कि अगर यह संस्थाएं राजस्व परिषद स्तर से डीबीटी प्रणाली के अन्तर्गत एन्युटी प्राप्त करना चाहती हैं तो अगले दो सप्ताह के भीतर विवरण दें। निर्धारित अवधि में दावा प्रस्तुत न करने की स्थिति में यह मान लिया जायेगा कि संबंधित धार्मिक संस्था एन्युटी लेने की इच्छुक नहीं है, और उसकी सूचना शून्य मानी जायेगी।

### सीडीओ ने अफसरों को दिए विधिक सेवा शिविर की सफलता के निर्देश

**बदायूं, अमृत विचार :** जिले में 22 फरवरी को वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। मेगा शिविर का आयोजन ऑडिटोरियम में किया जायेगा। शिविर के सफल आयोजन के लिए शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने गूगल मीट एप पर वीडियो कांफ्रेंसिंग कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समस्त सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को शिविर के दिन तक सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

# मधुवन कॉलोनी की गलियों में जलभराव

## नगर पालिका ने बनवाई थीं सड़क और नालियां, अब गलियों में भर रहा गंदा पानी, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बार-बार मांग के बाद नगर पालिका कई साल से मधुवन कॉलोनी में व्याप्त जलभराव की समस्या का निस्तारण करा दिया था। तकरीबन सौ मीटर की इंटरलॉकिंग सड़क बनवा दी गई। जिससे राहगीरों की लिए सहूलियत हुई लेकिन एक गली के लिए नासूर बन गई है। ठेकेदार ने मेन सड़क की नाली का पानी गली के नाली में छोड़ा है। जिससे बिना बारिश के भी गली में घरों के आगे गंदा पानी और कीचड़ भरी रहती है। शिकायत के बाद भी इस ओर पालिका का ध्यान नहीं है।

रेलवे स्टेशन से एक मार्ग मधुवन कॉलोनी होता हुआ पूर्व विधायक रामसेवक की कोठी की ओर जा रहा है। जहां होली मिशन स्कूल के सामने लगभग 50 मीटर तक कई साल से जलभराव की समस्या चली आ रही थी। मांग करने के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं हुआ तो कॉलोनी के लोगों ने चुनाव के बहिष्कार तक का ऐलान कर दिया था। स्कूल की दीवार पर पोस्टर लगाए थे। जिसके बाद नगर पालिका परिषद प्रशासन ने सुध ली। पिछले साल कॉलोनी के लोगों और राहगीरों की इस समस्या का निस्तारण साइड से नाली बनाकर और इंटरलॉकिंग डलवा कर कराया गया। इस दौरान ठेकेदार ने नाली को स्कूल के पास की एक गली की नाली से जोड़ दिया।

जिससे नाली का पानी गली के लास्ट में तालाब में जा सके। गली के लोगों ने विरोध किया तो ठेकेदार ने कहा कि यह अस्थाई व्यवस्था है। जल्द ही स्थाई समाधान होगा। फिर किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया है। अब हर समय गली में घरों के आगे कॉलोनी का गंदा पानी भरा रहता है।



मधुवन कॉलोनी में तालाब ओवरफ्लो से घर के बाहर कीचड़ और जलभराव।

- राहगीरों को तो मिली निजात लेकिन कालोनी वालों को बनी मुसीबत
- पास की गली की नाली से जोड़ दी मेन सड़क की नाली, बढ़ी समस्या



गली में घरों के आगे भरा पानी। ● अमृत विचार

### स्कूल के बराबर वाली गली में निकलना मुश्किल

होली मिशन स्कूल की चारदीवारी से सटी एक छोटी गली है। ठेकेदार ने मेन सड़क की नाली से इस गली में हल्का सा कट दे दिया है। जिससे नाली का पानी गली में भरा रहता है। गली से निकलना भी मुश्किल हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह सड़क ऊंची होना प्रस्तावित है लेकिन कब तक होगी यह नहीं कहा जा सकता। जलभराव की वजह से गली में रहने वाले लोग अपने मकान बेचने तक को मजबूर हैं।

### मेन रोड से नीची है गली की सड़क और नाली

मेन रोड से जुड़ी इस गली की सड़क और नालियां नीची हैं। जिसकी वजह से मेन रोड के नाले के पानी का बहाव गली की नाली में तेजी से होता है। शुरूआती समय में तो लगा कि जैसे पालिका ने सड़क बनवाकर आराम दिलाया और पानी गली की नाली से होता हुआ तालाब में जाता रहा था लेकिन अब तालाब ओवरफ्लो हो गया है। तालाब का गंदा पानी और कीचड़ गली में भरी रहती है। लोग घर के बाहर ईंट डालकर निकलने को मजबूर हैं। गली के लोगों का कहना है कि अभी यह स्थिति है लेकिन बारिश के दिनों में स्थिति भयावह हो जाती है

# अभा. ब्राह्मण एकता परिषद ने की यूजीसी वापस लेने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद, अवध प्रान्त, की दो बैठकें दातागंज व ग्राम जमालपुर में हुईं। बैठकों में ब्राह्मणों ने यूजीसी को वापस लेने व फिल्म घूसखोर पंडित पर रोक लगाने की मांग की।

दातागंज में आयोजित बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष राम अवतार मिश्र ने कहा कि सरकार यूजीसी को वापस ले। घूसखोर पंडित फिल्म पर रोक लगाई जाए। दातागंज ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि घूसखोर पंडित सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज की छवि खराब करने वाली है, सरकार को इस पर अविलंब रोक लगानी चाहिए। ब्लाक म्याऊं अध्यक्ष शिव ओम तिवारी ने कहा कि यूजीसी बिल काला कानून है।

इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं दातागंज की बैठक में तहसील अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा, राघव पाण्डेय, माधव पाण्डेय, पवन शर्मा, सुनील मिश्रा, बब्लू मिश्रा, देशराज शर्मा, राकेश शर्मा, पप्पू शर्मा, सोनू शर्मा, अखिलेश पाण्डेय, नन्द किशोर मिश्रा, शिवा मिश्रा, शानू मिश्रा उपस्थित रहे।

जमालपुर में धर्म प्रकाश तिवारी, राजेश तिवारी, अवधेश पाठक, प्रमोद शर्मा, सुनील मिश्रा, सतीश तिवारी, विनय कुमार तिवारी, सचिन तिवारी, मुनीश तिवारी, कामता प्रसाद तिवारी, अनिल कुमार शर्मा, दिनेश चंद्र शर्मा, इंदु शर्मा आदि मौजूद रहे।



दातागंज में ब्राह्मण समाज की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# बिसौली के बच्चों ने भाषण प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले बच्चे ● अमृत विचार

**बिसौली, अमृत विचार :** बिसौली के द विजडम एलिमेंट्री स्कूल के छात्रों द्वारा जिला मुख्यालय पर शिवाजी महाराज जयंती पर मराठा परिवार द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इस जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता ने इन छोटे सितारों ने सभी का दिल जीत लिया, और ढेर सारे तमगे अपने नाम किए। इस विजडम एलिमेंट्री स्कूल चेयरमैन प्रदीप कुमार अग्रवाल ने यह बताया कि इसके पीछे पिछले तीन वर्षों का कठिन परिश्रम और अभिभावकों का सहयोग है। प्रतियोगिता में रुद्रांश वशिष्ठ प्रथम, रुद्रांश वशिष्ठ तृतीय पुरस्कार मिला। साथ ही मनन, राधिका, ऋषिका, अभिराज, गार्गी, अनुकेश्वर, अध्या, रिदा, विवान, शिवांश, वेदांश, नमो को सांत्वना पुरस्कार मिला।

# 43 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, शांतिपूर्ण माहौल में हुई परीक्षा

**आसफपुर, अमृत विचार:-** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षाओं के तहत तीसरे दिन स्थानीय त्रिवेणी सहाय इंटर कॉलेज, आसफपुर केंद्र पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। केंद्र व्यवस्थापक करतार सिंह के अनुसार, प्रथम पाली में हाई स्कूल की सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस पाली में कुल 600 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 570 उपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। इसमें कुल 325 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 312 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्र के बाहर एवं आसपास पुलिस बल की तैनाती रही।

# यूपी बोर्ड सामाजिक विषय में 4,192 परीक्षार्थी गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले के 98 केंद्रों पर चल रही यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में प्रशासन की सख्ती का असर साफ दिखाई दे रहा है। शुक्रवार तक संपन्न हुई परीक्षा के दौरान 4,192 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। जिला प्रशासन ने नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी व्यवस्था लागू की है।

शुक्रवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल की सामाजिक विज्ञान की परीक्षा हुई, जिसमें पंजीकृत 37149 परीक्षार्थियों में से 2455 छात्र अनुपस्थित रहे। 34694 उपस्थित रहे। इसी पाली में इंटरमीडिएट की कृषि विज्ञान विषय की परीक्षा में 338 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 12 छात्र गैरहाजिर पाए गए। 326 ने परीक्षा दी। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई।

इसमें 29362 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 1725 छात्र अनुपस्थित रहे। 27637 परीक्षा में बैठे। कुल मिलाकर दोनों पालियों में 4,192 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। छात्रों की लगातार बढ़ती अनुपस्थिति को देखते हुए शिक्षा विभाग और प्रशासन सतर्क हो गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक लालजी यादव ने बताया कि सख्ती के कारण कुछ छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हो रहे हैं। स्पष्ट किया है कि परीक्षा की शुचिता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अब तक परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से चल रही हैं और किसी गड़बड़ी की कोई सूचना नहीं है। वहीं परीक्षा के दौरान सचल दल सक्रिय रहे। किसी भी केंद्र पर कोई थी परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए नहीं पकड़ा गया।



पेपर के बाद बाहर आते परीक्षार्थी ● अमृत विचार

- भ्रमण करते रहे सचल, नहीं मिला नकलची, शांतिपूर्वक निपटी परीक्षा

### परीक्षा में स्टाफ की कमी बनी अव्यवस्था का कारण

**बिसौली, अमृत विचार :** क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में शुक्रवार को हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान व इंटर मीडिएट अंग्रेजी विषय की परीक्षा सीसीटीवी कैमरों और वाइस रिकॉर्डर की कड़ी निगरानी में हुई। परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व आंतरिक सचल दल प्रभारी नीरज चौहान, रामौतार मौर्य प्रवीण मिश्रा ने परीक्षार्थियों की गहन तलाशी ली। केंद्र व्यवस्थापक राजकुमार शर्मा ने बताया कि परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न हुई। स्टेटिक मजिस्ट्रेट डॉ रत्न लाल, पशुधन विकास अधिकारी बिसौली, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक महावीर प्रसाद केएम इंटर कालेज इस्लाम नगर परीक्षा प्रभारी विपल्व भारती, कम्प्यूटर ऑपरेटर अश्वनी शर्मा सहित पुलिस बल उपस्थित रहा। मदनलाल कॉलेज में परीक्षा शांति पूर्वक चल रही है। उप शिक्षा निदेशक और संयुक्त निदेशक (जेडी), सेक्टर मजिस्ट्रेट जगन्नाथ समेत अनेक अधिकारियों ने सचल दल के रूप में अनेक केंद्रों का भ्रमण किया।



सेक्टर मजिस्ट्रेट जगन्नाथ निरीक्षण करते हुए।

# एकमुश्त कर व्यवस्था की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर परिवहन विभाग में शुरू हुई एकमुश्त कर व्यवस्था को लेकर प्रचार प्रसार शुरू कर दिया गया है। जिसके अंतर्गत शुक्रवार को एआरटीओ कार्यालय में दो दिवसीय परिवहन मेला शुरू हुआ। एआरटीओ प्रवर्तन व प्रशासन हरिओम और पीटीओ अभिनव चौधरी ने वाहन मालिकों को एक बार में टैक्स जमा करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

परिवहन मेला के पहले दिन लगाए गए बूथ पर एआरटीओ ने बताया कि 30 दिसंबर 2025 को जारी हुई अधिसूचना के अंतर्गत योजना में 7500 किग्रा क्षमता तक के वाहनों के लिए एकमुश्त कर व्यवस्था का निर्णय लिया गया है। अब बार-बार टैक्स का झंझट खत्म हो गया है। वाहन मालिक एक बार में टैक्स की धनराशि जमा कर सकते हैं। कार्यालय के प्रधान सहायक असीम राजा और वरिष्ठ सहायक ज्ञानेंद्र ने वाहन मालिक, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्यों को शासन की नीति से अवगत कराया। कहा कि शासन के निर्देश के अनुसार 7500 किग्रा वजन वाले किसी भी वाहन का तिमाही या वार्षिक आधार पर टैक्स की गणना नहीं होगी। सभी वाहन इस कैटेगरी के अंतर्गत एक मुश्तकर व्यवस्था के तहत 15 वर्ष का टैक्स जमा करेंगे। इसके बाद ही वाहन का फिटनेस, परमिट वाहन का हस्तांतरण संभव हो सकेगा। योजना से वाहन स्वामियों के सामने तिमाही और वार्षिक आधार पर टैक्स जमा करने की समस्या अब नहीं आएगी। इसके अलावा अलग-अलग भार के वाहनों के टैक्स जमा करने का तरीका भी बताया। वाहन मालिक और ट्रक यूनियन के पदाधिकारियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात संबंधी अभियान के बारे में बताया गया।




एआरटीओ कार्यालय पर लगाए गए बूथ पर जानकारी देते एआरटीओ हरिओम।

- शासन के निर्देश पर शुरू किया गया है एकमुश्त कर व्यवस्था, एक बार में जमा कर सकेंगे टैक्स

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाए प्रतिभा के जौहर



पथ संचलन करते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

**करियामई, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम करियामई स्थित एसजीएम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव व अभिभावक सम्मेलन मनाया। बच्चों की भगत सिंह टोली, सुभाष चंद्र बोस टोली, महात्मा गांधी, हरमनप्रीत कौर, विंग कमांडर व्योमिका सिंह, आईएएस अंसार सैफी, लव कुश, आईपीएस किरण बेदी, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम, सर हरिलाल जैकी सुनदास कानिया, डॉ बिधान चंद्र राय सहित अलग-अलग टोलियों ने देशभक्ति गीतों पर डीजे की धुन पर पथ संचलन किया। हाथों में तिरंगा और देशभक्ति के नारे लगाते हुए वे गांव के मुख्य मार्गों से गुजरे। बच्चे वंदे मातरम भारत माता की जय जैसे देशभक्ति गीत गाए। प्रधानाचार्य रवि कुमार व ग्रामीणों और अभिभावकों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

**बदायूं डायरी**

### वन बेहटा में श्रीमद् भागवत कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

**बिल्सी, अमृत विचार :** वन बेहटा गांव के शिव मंदिर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। हवन पूजन कर महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा ने गांव की परिक्रमा की। सुम्बेरी सिंह ने पवित्र ग्रंथ गीता को अपने सिर पर रखकर कलश यात्रा का अनुसरण किया। वृंदावन से आए कथावाचक यतेंद्र ठाकुर ने कहा कि हमें इधर-उधर की बातों में ध्यान न दे कर जीवन को सफल बनाने के लिए कथा को ध्यानपूर्वक सुनना चाहिए। इसमें बताए मार्ग पर चलना चाहिए ताकि हमारा जीवन सफल हो सके। इस मौके पर बाबा राजकुमार दास, अरुण कुमार प्रॉपर्टी डीलर्स, अर्जुन सिंह, सुशील कुमार सिंह, सोनू खुराना, राजीव सिंह सिसोदिया, रणवीर सिंह चौहान, अजयपाल सिंह सोलंकी, सुनील कुमार, मौजूद रहे।



### हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न

**बिसौली, अमृत विचार :** नगर के दवतोरी रोड स्थित ग्रीन फेज़ 2 में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न हुआ। तीन दिन से चल रहे अनुष्ठान में शुक्रवार को अंतिम दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान का महाप्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले मन्दिर के मुख्य यजमान, विष्णु गोपाल, राजेश गुप्ता और प्रवीन अग्रवाल नादान, द्वारा भगवान राम लखन सीता और हनुमान जी की विशाल विग्रह स्थापित किए गए। अनुष्ठान आचार्य सुमित मिश्रा द्वारा करवाया गया। पहले दिन भगवान का पूजन, दूसरे दिन नगर भ्रमण संकीर्तन श्री राधा रानी संकीर्तन मंडल द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्याम अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, पारुल, शिवांग, देव, गौरव गोपाल, गुंजन गोपाल, मीरा, शिखा, अन्नू गुप्ता, काव्य, नवया, सुरेन्द्र अग्रवाल, नीरज साई आदि भक्त उपस्थित रहे।





### सुंदरनगर में 147 बच्चों का हुआ खसरा टीकाकरण

**बिल्सी, अमृत विचार :** शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम द्वारा सुंदर नगर स्थित एसकेएलएम स्कूल में खसरा उन्मूलन अभियान के तहत विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कक्षा एक से पांच तक के 147 छात्र-छात्राओं को खसरे का टीका लगाया गया। एएनएम शशि ने बच्चों को वैक्सीन लगाई। सीएचसी प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि विभाग की ओर से इन दिनों खसरा उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसके प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, खांसी, जुकाम, आंखों में लालिमा और शरीर पर लाल चकत्ते शामिल हैं। समय पर टीकाकरण से इस बीमारी से प्रभावी बचाव संभव है। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा, अजय कुमार, वीरवती, अनीता देवी, ललिता सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### फ्यूचर लीडर्स के बच्चों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**बिल्सी, अमृत विचार :** फ्यूचर लीडर्स स्कूल में हाल ही में कक्षा 7 और 8 के नन्हे विचारकों के बीच एक उच्च स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। विचारों की उड़ान और तर्कों की पहचान के संकल्प के साथ आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता और आत्मविश्वास को एक नया मंच प्रदान किया। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण इसका विषय था "निजी क्षेत्र की नौकरियां बनाम सरकारी नौकरियां रहीं। दोनों ही पक्षों के विद्यार्थियों ने अपनी बात रखने के लिए किसी मंझे हुए वक्ता की तरह तथ्यों का सहारा लिया। विद्यालय के पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए विचार साझा किए। डायरेक्टर वीपी सिंह, एमडी राहुल कुमार सिंह, प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह ने शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम में एकेडमिक हेड सीके शर्मा, विश्व दीपक शर्मा, पीटीआई राखी गुप्ता, मुनीश शर्मा, प्रशांत सिंह, विशेष चौहान, दीक्षा वार्ष्णेय, रागिनी मिश्रा, ट्विंकल जैन, ऐश्वर्या माहेश्वरी, प्रीति श्रीवास्तव, प्रज्ञा वार्ष्णेय, पारस चंद्र आदि शिक्षक मौजूद रहे।



**त्योहारी सीजन** सुबह से लेकर शाम तक दुकानों पर जुट रही ग्राहकों की भीड़

# बाजार में दुकानें गुलजार, कारोबारी खुश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** सहालग का सीजन चल रहा है। ऑनलाइन मार्केटिंग की मार झेल रहे दुकानदारों के चेहरों पर ग्राहकों की भीड़ देखकर खुशी साफ झलक रही है। महिलाएं सौंदर्य प्रसाधन संबंधी वस्तुएं खरीद रही हैं। सुबह से शाम तक दुकानों पर भीड़ आने से कारोबार में भी तेजी आई है।

ऑनलाइन मार्केटिंग की वजह से सौंदर्य प्रसाधन का कारोबार करने वाले लोगों को गहरा धक्का लगा है। ऑनलाइन शॉपिंग से करीब 40 से 50 प्रतिशत कारोबार प्रभावित हुआ है। सीजन न होने पर दुकानदार खाली बैठे दिखाई देते थे। लेकिन सहालग के सीजन में कॉस्मेटिक बाजार की रंगत लौट आई है। ऑनलाइन मार्केट की मार झेल रहे सौंदर्य प्रसाधन के कारोबार में आई तेजी ने व्यापारियों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी है। शहर के बाजार चूना मंडी स्थित छोटी, बड़ी सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों पर सुबह से देर शाम तक ग्राहकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। सहालग के दौरान शादी वाले घरों में खरीदारी की जा रही है। यहां के अलावा टिकटगंज, घंटाघर, बड़ा बाजार स्थित कॉस्मेटिक दुकानों पर इन दिनों काफी भीड़ हो रही है। ग्राहकों की भीड़ आने से दुकानदार काफी प्रसन्न दिखाई दे रहे हैं। अन्य दिनों में खाली बैठने वाले दुकानदारों को अब फुर्सत नहीं मिल रही है।

**ऑनलाइन शॉपिंग से कारोबार प्रभावित :** चूना मंडी स्थित कॉस्मेटिक सामान की बिक्री करने वाले सोमेश साहू ने बताया कि अब लोग ऑनलाइन शॉपिंग अधिक करते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग के कारण सौंदर्य प्रसाधन संबंधी कारोबार 40 से 50 प्रतिशत तक प्रभावित है। जब सीजन नहीं होती है उन दिनों में खाली बैठना पड़ता है। होली और ईद का त्योहार भी नजदीक है। जिससे व्यापार को काफी राहत मिली है।



कॉस्मेटिक दुकान से खरीदारी करतीं महिलाएं ● अमृत विचार

### आर्टिफिशियल ज्वेलरी की बढ़ी मांग

सोना चांदी महंगा होने की वजह से कॉस्मेटिक के साथ साथ आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मांग अधिक हो रही है। दुल्हन के श्रृंगार के आर्टिफिशियल ज्वेलरी महिलाओं की पहली पसंद बनी हुई है। आर्टिफिशियल ज्वेलरी में चेन की कीमत 50 रुपये से लेकर 150 रुपये तक बाजार में उपलब्ध है। इसके साथ ही पायल, अंगूठी, कंगन और हार के सेट की मांग अधिक है। दुकानदार शैलेन्द्र ने बताया कि सोने और चांदी की कीमतों में बेहताशा वृद्धि की वह से अब आर्टिफिशियल ज्वेलरी भी महंगी हो गई है। लेकिन कीमत कम होने पर मांग अधिक है।

# पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ दो फाड़

**बिसौली, अमृत विचार :** उप्र पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ दो फाड़ हो जाने से कर्मचारियों में ऊहापोह की स्थिति बन गई है। पहले संगठन के पदाधिकारियों ने पंचायती राज अधिकारी से मिलकर कथित नए संगठन के चुनाव को बिना विभागीय अनुमति के गलत बताते हुए उनके ही संगठन को मान्यता देने की मांग की है। संघ के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह ने कहा कि बीते दिनों हुए कथित चुनाव में प्रेम सिंह को जिला अध्यक्ष व बच्चू सिंह को महामंत्री दर्शाया गया है जो गलत है। उक्त चुनाव बिना प्रशासनिक व विभागीय अनुमति के कराया गया। लाल बहादुर सिंह के मुताबिक वार्ता के दौरान पंचायती राज अधिकारी ने भी प्रदेश अध्यक्ष बसंतलाल के नेतृत्व वाले उनके संगठन को ही एकमात्र संघ बताया है। ऐसे में उक्त नए संगठन को फर्जी माना जाए। इधर संघ के दो फाड़ होने से सफाई कर्मचारियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

न्यूज ब्रीफ

## आसफपुर सीएचसी का सीएमओ ने किया निरीक्षण

आसफपुर, अमृत विचार : विकासखंड आसफपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी रामेश्वर मिश्र एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मोहन झा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, लेबर रूम एवं स्टोर रूम का बारीकी से जायजा लिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ओल्ड चेन लेबर रूम, वार्ड एवं स्टोर रूम की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विशेष रूप से महिला मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पृथक महिला वार्ड बनाए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सीएमओ ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने भी अस्पताल स्टाफ से संवाद कर मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने और समय पर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएचसी प्रभारी डॉ. पंकज शर्मा सहित समस्त चिकित्सा एवं पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। निरीक्षण के बाद अस्पताल प्रशासन ने निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

# मरम्मत से पहले तटबंधों का होगा निरीक्षण

## उसहैत तटबंध की मरम्मत को फिर बनेगी कार्ययोजना, बजट मिलने के बाद बांध पर पहले होगा काम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


उसहैत क्षेत्र में बह रही गंगा। ● अमृत विचार

अमृत विचार : बाढ़ खंड अपने सभी तटबंधों की मरम्मत करने से पहले एक बार स्थलीय निरीक्षण करेगा। बजट मिलने के बाद सबसे पहले उसहैत तटबंध की मरम्मत कराई जाएगी। विभाग का कहना है मरम्मत कार्य की फिर से कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

मानसून की बारिश से पहले हर साल शासन स्तर से तटबंधों की मरम्मत को बजट दिया जाता है। बाढ़ खंड अपने सभी सातो तटबंधों की मरम्मत करता है जिससे बारिश और बाढ़ की विभीषिका से क्षेत्रीय लोगों को बचाया जा सके। इस साल बाढ़ खंड ने आठ प्वाइंटों की मरम्मत का प्रपोजल शासन को भेजा है। शासन से इसी महीने धन स्वीकृत होने की संभावना है उसके बाद बांधों की मरम्मत शुरू करा दी जाएगी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि बांधों की मरम्मत से पहले एक बार बांधों का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। कहां पर कितना काम होना है यह पहले ही चिन्हित किया जा चुका है लेकिन मरम्मत से पहले बाढ़ खंड क्षेत्र की स्थिति और गंगा के जलस्तर का नाप लेकर शासन को भेजेगा। जिससे बारिश के समय दिक्कत न हो। विभाग का कहना है कि बजट मिलने के बाद सबसे पहले उसहैत के जटा बांध की मरम्मत शुरू कराई जाएगी। उसके बाद 14 किमी लंबा बांध महावा नदी का दुरूस्त किया जाएगा। इन दोनों बड़ो तटबंधों पर दो महीना का समय लगता है जबकि अन्य तटबंधों पर भी मरम्मत होनी है।

बाढ़ खंड के सहायक अभियंता नेशपाल ने बताया कि बहुत जल्द ही बजट मिलने की उम्मीद है। विभाग ने फिर से कार्ययोजना तैयार की है जिसके अनुसार काम किया जाना है। जिले में उसहैत और सहसवान की महावा नदी के बांध संवेदनशील श्रेणी में रहते हैं इनकी मरम्मत से पहले स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा जिससे किसी प्रकार की कमी न रह जाए।

### तटबंधों पर लगाए जाएंगे मिट्टी भरे बैग

उसहैत और हुसैनपुर तटबंध पर इस बार मिट्टी भरे बैग अधिक संख्या में लगाए जाएंगे उसके ऊपर पत्थर डाला जाएगा जिससे बाढ़ की लहरें बांध को क्षति न पहुंचा सकें। पिछले साल भी बैग लगाए गए थे लेकिन इस बार अधिक बैग लगाने की तैयारी की जा रही है। मिट्टी भरे बैग लगने से बाढ़ का पानी तटबंधों से टकरा कर वापस लौट जाता है जिससे बांध सुरक्षित रहता है। विभाग का कहना है कि पिछले साल जो बैग लगाए गए थे उनमें से अधिकांश नष्ट हो चुके हैं इसलिए नए सिरे से बैग लगाए जाने हैं।

### दातागंज और समरेर ब्लॉक क्षेत्रों में भी होगा काम

दातागंज क्षेत्र में बाढ़ के समय करीब दो दर्जन गांवों में पानी भर जाता है जिससे लोगों को दिक्कत होती है। इस बार समरेर और दातागंज ब्लाक के संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है जहां पर निचली जमीन है वहां पर पानी को रोकने के प्रयास किए जाएंगे इसके लिए कुछ मिट्टी भरे बैग लगाए जाएंगे जिससे दोनो ब्लाक क्षेत्रों में कम से कम बाढ़ का पानी पहुंच सके। विभाग ने इस पर काम शुरू कर दिया है।

# सुनियोजित तरीके से मांग रखेगा कांग्रेस का अनुसूचित वर्ग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : कांग्रेस के परशुराम चौक स्थित कार्यालय पर जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग कार्यकारिणी की बैठक हुई। मुख्य अतिथि कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी प्रदीप सरोहा, विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष गंगा राम कठेरिया, प्रदेश कोऑर्डिनेटर ओमकार सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

मुख्य अतिथि ने जिले में कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए अनुसूचित जाति विभाग संगठन को सशक्त करने को कहा। तय किया गया कि जिले में अनुसूचित वर्ग को प्राप्त संवैधानिक अधिकारों की प्राप्ति के लिए विभाग सुनियोजित तरीके से अपनी बातें और मांगे सरकार के समक्ष रखने का काम करेगी। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि जिले में अनुसूचित जाति वर्ग कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विचार धारा को जन-जन तक पहुंचाने के काम करेगा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के हर निर्देश का पूरी ईमानदारी से अनुपालन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता मुनेंद्र कन्नौजिया ने की। डॉ. राज यादव, महेश चंद्र, आकाश, फरहान हुसैन, सलमान, दाताराम, देवेंद्र, सतीश, मोरपाल, माशूक अली, हपलू, राज यादव आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।


बैठक में जानकारी देते राष्ट्रीय सचिव प्रदीप सरोहा। ● अमृत विचार

# तहसील में जय यादव- जय माधव के लगे नारे


फिल्म का विरोध करते यादव समाज के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

● यादव जी की लव स्टोरी फिल्म के विरोध में प्रर्दशन

अमृत विचार : बॉलीवुड द्वारा बनाई और 27 फरवरी को रिलीज़ होने वाली फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के विरोध में यादव समाज के लोग आवाज उठाने लगे हैं। विरोध के बाद मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया।

शुक्रवार को यादव समाज के युवाओं ने तहसील परिसर में जय यादव जय माधव और यादव जी की लव स्टोरी के विरोध के नारों से सभी का ध्यान आकर्षित किया। ये युवा जल्द रिलीज़ होने वाली यादव जी की लव स्टोरी फिल्म का तीखा विरोध कर रहे थे, इन्होंने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार विजय शुक्ला को सौंपा। इन युवाओं का कहना था कि ये फिल्म रिलीस हुई तो यादव समाज इसके विरोध में उग्र आंदोलन भी करेगा। इस फिल्म के ट्रेलर इनके समाज को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। इस मौके पर राहुल यादव, सुमित यादव, विपिन यादव, अंकित यादव, गोविंद यादव, विजय यादव, राजेश यादव समेत दो दर्जन करीब यादव युवा मौजूद रहे।

# सफाई कर्मी न होने से है गंदगी ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत

संवाददाता, विजय नगला


गांव अहिरामई गौटिया में व्याप्त गंदगी।

अमृत विचार : विकास क्षेत्र जगत की ग्राम पंचायत गुरगाव के मजरा अहिरामई गौटिया निवासी नरेश, आयुष, उदय, आदेश, सुदीश, आर्येंद्र, श्रीपाल सिंह, कल्लू आदि ने डीएम से शिकायत करके गांव में गंदगी की शिकायत की है। कहा कि सरकार लगातार स्वच्छता अभियान चला रही है। लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। सफाई के लिए गांवों में सफाई कर्मी तैनात किया गया है लेकिन मिलीभगत की वजह से उनके गांव में सफाईकर्मी नहीं आता। जिससे गांव में गंदगी के ढेर लगे रहते हैं।

नालियां चोक हो गई हैं। नाली बंद होने से होली चौक पर पानी भर गया है। ग्रामीणों ने प्रधान और सचिव से होली चौक पर सफाई कराने को कहा लेकिन उनकी मांग को नजरअंदाज किया जा रहा है। जिसकी वजह से ग्रामीण डीएम से शिकायत करने को मजबूर हुए।

# छात्र-छात्राओं को दिलाई मतदान की शपथ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : दातागंज स्थित रामपाल सिंह सत्यवती देवी डिग्री कॉलेज में नव मतदाता पंजीकरण के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके छात्र-छात्राओं का मतदाता सूची में पंजीकरण कराया गया। मुख्य अतिथि व एनएसएस जिला नोडल अधिकारी डॉ. राकेश कुमार जायसवाल ने विद्यार्थियों से कहा कि विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए सशक्त लोकतंत्र अनिवार्य है। इसके लिए शत-प्रतिशत मतदान जरूरी है। युवाओं से आह्वान किया कि वह हर चुनाव में भागीदारी करें।

उन्होंने सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई। राजकीय महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित मतदाता जागरूकता संगोष्ठी में वक्ताओं ने जोर दिया कि जागरूक युवा ही राष्ट्र निर्माण का आधार हैं।

प्राचार्य ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका महत्वपूर्ण है। नवाचार के तहत मतदाता पंजीकरण जैसे अभियान चलाना आवश्यक है।

जिससे युवा मतदान को अपना कर्तव्य मानें और लोकतंत्र को मजबूत करें।


मतदान करने की शपथ लेते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# नवागत सीओ का व्यापारियों ने किया स्वागत सुरक्षा का दिलाया भरोसा


नवागत सीओ का स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

अमृत विचार : नवागत पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह के आगमन पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश लड्डा के नेतृत्व में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मृगांक जैन टीटू, जिला चेयरमैन चंद्रसेन महेश्वरी, तहसील अध्यक्ष अजीत वार्ष्णेय, नगर अध्यक्ष सचिन असावा, युवा नगर अध्यक्ष विशाल बाबू वार्ष्णेय सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। व्यापारियों ने बाजार में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने, शांति एवं सम्मानजनक माहौल बनाए रखने पर जोर दिया। पदाधिकारियों ने कहा कि व्यापारियों को निर्भय वातावरण मिलना चाहिए, ताकि वे सुचारु रूप से कारोबार कर सकें। सीओ ने आश्वासन दिया कि व्यापारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा और व्यापारी सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

# रिश्ता टूटने पर युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

पीलीभीत, अमृत विचार : दहेज की मांग को लेकर एक युवती का रिश्ता टूट गया। इससे आहत होकर युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। आरोप है कि उसे धमकी भी दी गई थी। पीड़ित पिता ने पांच पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जहानाबाद क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले उन्होंने बेटी का रिश्ता गांव के ही शाहरुख खान के साथ तय किया था। मंगनी में 50 हजार रुपये आदि सामान दिया था। 45 हजार रुपये का खर्च हुआ था। शादी की तारीख 24 मार्च थी 16 फरवरी को अहमद मियां ने पुत्र अरबाज, फैज खान व शाहरुख, पत्नी के साथ मिलकर शादी से इनकार कर दिया। रिश्ता तय होने के समय मांग नहीं की गई थी, लेकिन बाद में बुलेट, डेढ़ लाख रुपये मांगे।

आरोप है कि शाहरुख ने फोन कर युवती को प्रताड़ित कर रहे थे और सामान न देने पर शादी न करने, कहीं और भी शादी न होने देने की धमकी दी। आरोप है कि तनाव के चलते युवती ने जहर खा लिया।

# भूमि का चिन्हांकन, कब्जा करने वालों को चेतावनी


भूमि की नपत कराते लोक निर्माण विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार


दबंगों ने जेसीबी से पीडब्ल्यूडी की भूमि पर लगे हरे पेड़ निकाले

उसहैत, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के करीम नगर मार्ग स्थित पीडब्ल्यूडी की भूमि पर कुछ दबंग कब्जे की कोशिश में लगे हुए हैं। जेसीबी से पेड़ों को निकाल रहे हैं। उसी भूमि पर नींव खोदना शुरू कर दी है। कुछ किसानों ने इसका विरोध करते हुए इसकी शिकायत लोक निर्माण विभाग बाद विभाग के जिम्मेदारों ने मौके पर पहुंच कर रविवार को मुआयना किया। उन्होंने नींव खोद रहे लोगों को चेताया, काम न रोकने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। उसहैत करीम नगर रोड पर गाटा संख्या 162 मिनजुमला में करीब पांच बीघा जमीन लोक निर्माण विभाग की है। किसानों ने मुख्यमंत्री

अमृत विचार में प्रकाशित खबर। ● अमृत विचार

खबर का असर

संवाददाता, उसहैत

● काट डाले थे नीम के हरे पेड़, खोदी जा रही थी नींव

अमृत विचार: करीमनगर रोड स्थित लोक निर्माण विभाग की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की गई थी। जिसे दैनिक अमृत विचार अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। अखबार में प्रकाशित मुद्दे के बाद लोक निर्माण विभाग के जेई ने राजस्व विभाग की टीम की मौजूदगी में भूमि का चिन्हांकन किया। वहीं अवैध कब्जा करने की कोशिश में लगे लोगों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

उसहैत-करीमनगर रोड पर गाटा संख्या 162 मिनजुमला में 5.8 बीघा भूमि लोक निर्माण विभाग की भूमि है। पिछले कुछ माह से दबंग इस भूमि पर अवैध कब्जा करने की कोशिश में लगे थे। दबंगों ने जेसीबी मशीन से भूमि पर लगे हरे पेड़ों को जड़ से उखड़ दिया। जेसीबी से नींव भी खोद डाली। विरोध करते हुए पड़ोसी किसानों ने इसकी शिकायत लोक निर्माण विभाग, एसडीएम और मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई थी। इसके बाद लोक निर्माण विभाग के जेई अजय सिंह भाटी, कानूनगो भगवानदास, लेखपाल सौरभ सक्सेना मौके पर पहुंचे। उन्होंने शिकायतकर्ताओं और पड़ोसी किसानों को बुलाकर जमीन की पैमाइश की, जिसके बाद लोक निर्माण विभाग की 5.8 बीघा भूमि को चिन्हीकरण किया गया। जेई अजय सिंह भाटी ने राजस्व विभाग की मौजूदगी में भूमि का चिन्हीकरण किया गया है। कोई भी व्यक्ति विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा करने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर पीड़ित किसान राजबहादुर का कहना है कि लोक निर्माण विभाग की भूमि गाटा संख्या 162 में दर्ज है जबकि विभाग अन्य खातों में नपत करके गया है। विभाग को चाहिए कि उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में पूरे गाटा संख्या 162 की नपत करवाए।

# रिश्वत के आरोपी लेखपाल की जमानत अर्जी खारिज

बरेली, अमृत विचार: आवंटित प्लाट पर कब्जा दिलाने के एवज में 5 हजार की मांग करने के आरोपी बिसौली के लेखपाल बदायूं निवासी सतीश शर्मा की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट ने खारिज कर दी। सरकारी वकील ने बताया कि वादी ने एंटी करप्शन थाना बरेली में तहरीर दी थी कि 14 सितंबर 2015 को एसडीएम बिसौली के आदेश पर जखौरा जौहरपुर में आवंटित प्लाट पर कब्जा दिलाने के लिए लेखपाल से सम्पर्क किया था। लेखपाल ने 5 हजार रुपये की मांग की थी। 20 जनवरी को लेखपाल को रिश्वत लेते दबोच लिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र छोटे शाह व उसके परिवार को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों (अन्य पुत्र व उनके परिवार) से कोई वास्ता नहीं होगा। **खातून पत्नी स्व. श्री जफर शाह निवासी ग्राम घुर समसपुर थाना भोजीपुरा जिला बरेली।**

सूचना
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम नवाब पुत्र मिया जान एवं जन्मतिथि 10.06.1989 अंकित है जो अशुद्ध है मेरे आधार कार्ड व पेन कार्ड में मेरा नाम नवाब पुत्र मियाजान (NAWAB S/O MIYAJAAN) निवासी मोहल्ला नं0 8, साहबगंज, बिल्सी एवं मेरी जन्मतिथि 01.01.1989 अंकित है जो सही है भविष्य में मुझे इसी नाम, पते से जाना व पहचाना जाये

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

आवश्यकता है
● कंप्यूटर ऑपरेटर
(MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
● नर्स ANM/GNM
● पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
● आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
● रसोइया ● वार्ड बॉय
रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

# जमा करने के बाद भी आया दो लाख का बिजली बिल

● सिरसौली की महिला व कुंवरगांव के उपभोक्ता ने कि शिकायत


कार्यालय संवाददाता, बदायूं


अमृत विचार : बिजली निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत उच्चाधिकारियों से की जा रही हैं फिर भी उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है। हर महीना बिजली का बिल जमा करने के बाद भी लाखों के बिजली बिल आ रहे हैं। शहर से लेकर देहात तक में ऐसी शिकायतें आ रही हैं।

शहर के परशुराम चौक के निकट रहने वाले विनोद भसीन ने बताया कि पिता के नाम पर बिजली का कनेक्शन है। हर महीना बिल जमा करते हैं फिर भी पिछले महीना उन पर विभाग ने एक लाख 20 हजार का बकाया निकाल दिया। जब पनबड़िया में एसडीओ से संपर्क किया तो उसे इधर उधर की बात कर टरका दिया गया। विनोद ने जब उक्त प्रकरण कोर्ट में ले जाने की बात कही तो उन्हें बिठा कर तीस हजार में समझौता कर लिया गया। इसी तरह चित्रांश नगर निवासी एक उपभोक्ता ने बताया कि उसके घर में एक बल्ब और एक फ्रिज चलता है नियम से बिल जमा करते हैं फिर भी उस पर 40 हजार से अधिक का बकाया निकाला दिया गया। पीड़ित ने अधिकारियों से शिकायत के बाद करीब 20 हजार में समझौता किया। इन मामलों की शिकायत करने वाले दर्जनों उपभोक्ता जिला मुख्यालय स्थित बिजली घरों और हाइडिल पर चक्कर काट रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।

### शिविरों में आ रहीं शिकायतें

बिजली बिल राहत योजना के दौरान बिजली बिल राहत शिविरों में 90 प्रतिशत शिकायतें अधिक बिल की आ रही हैं। गांव कस्बों और शहरों में उपभोक्ता अधिक बिल और बकाए को लेकर परेशान हैं। शिविरों में बिजली कर्मियों से उक्त समस्या को लेकर लड़ाई झगड़े भी हो रहे हैं फिर भी बिजली निगम शिकायतों के निस्तारण के प्रति गंभीर नहीं है।


हमारे पुत्र के नाम पर बिजली का कनेक्शन है। हर महीना बिजली का बिल जमा करते हैं फिर भी दो लाख का बकाया निकाल दिया। बाद अधिकारियों के यहां चक्कर लगा रहे हैं अब अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही का मन बना लिया है।
**-गिरिजा देवी**, सिरसौली


हर महीने बिल जमा करते हैं फिर भी डेढ़ हजार का बकाया निकाल दिया। जब अधिकारियों को बिल दिखाए तो अपने बिजली घर पर बात करने को कहा गया। बिजली घर पर कोई सुनने को तैयार नहीं है।
**-इरफान, कुंवरगांव**

बिजली बिल में गड़बड़ी की शिकायतें मिल रहीं हैं इसलिए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर से उपभोक्ता को शिकायत नहीं होगी। वह अपने मोबाइल पर भी बिल देख सकेगा। फिर भी अधिक बिल की शिकायतों को निस्तारित किया जा रहा है। **-चंद्रशेखर कुमार**, अधीक्षण अभियंता

अमृत विचार

बरेली, शनिवार, 21 फरवरी 2026



# बकाया टैक्स नहीं चुकाने पर आठ संपत्तियां सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जोन-1 और 2 में कार्रवाई के दौरान 5.52 लाख मौके पर जमा कराए

**अमृत विचारः** बकाया टैक्स वसूली को लेकर नगर निगम ने सख्त रुख अपना रखा है। इस क्रम में शुक्रवार को नगर निगम के कर विभाग ने शहर में अभियान चलाकर जोन-1 और जोन-2 में आठ संपत्तियों को सील किया। सीलिंग कार्रवाई के दौरान 5.52 लाख की वसूली भी हुई।

जोन-1 में महेशपुर अटरिया के तोता राम, सैदपुर हाकिंस के जयपाल सिंह के खिलाफ कार्रवाई हुई। वहीं जोन-2 के फालतूनगंज में रामेश्वर, चुनिया, आलगिरीगंज के सिराज अहमद, मुख्तार अहमद, अकब,सुनीता गुप्ता, मुमताज अहमद की व्यावसायिक सम्पत्तियों को सील किया गया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि कार्रवाई का उद्देश्य बकाया संपत्ति कर की वसूली करना और नगर की वित्तीय स्थिति को मजबूत करना है, ताकि नगर विकास एवं सेवाओं में सुधार हो सके। साफ कहा कि बकाया संपत्ति कर की वसूली के लिए अभियान अब रुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा नोटिस के बाद भी भुगतान न करने वालों पर नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई जारी रहेगी। निगम ने स्पष्ट संदेश दिया है, बकाया जमा करें, या फिर कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

# सामान्य मरीज का आईसीयू में चल रहा था इलाज, एक्सपायर दवाएं मिलीं

## आयुष्मान योजना : सीएमओ की टीम ने अनुबंधित तीन अस्पतालों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नियमों की खुलेआम उड़ती मिलीं धज्जियां, कार्रवाई के नाम पर सिर्फ नोटिस देकर झाड़ा पल्ला

> शासन के निर्देश पर अस्पतालों में चेकिंग की गई थी। वहां कमियां पाई गईं। सभी अस्पतालों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि दोबारा ऐसा पाया जाता है तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। -**डॉ. विश्राम सिंह**, सीएमओ

**अमृत विचार** : सीएमओ की अगुवाई में टीम ने शुक्रवार को शहर में आयुष्मान योजना के तहत अनुबंधित तीन निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया तो नियमों की धज्जियां उड़ती मिलीं। बिना प्रोटोकॉल को पूरा किए मरीज को दवा लगा लगाई जा रही थी तो कहीं इमरजेंसी ड्रग्स ट्राली में एक्सपायर दवाएं रखी थीं। इतना ही नहीं आयुष्मान कार्ड का लाभ लेने के लिए सामान्य मरीज को आईसीयू में भर्ती कर इलाज कर रहे थे। रक्त की जांच के नाम पर मरीजों से हजारों रुपयों अस्पताल प्रबंधन ने ऐंठ लिए थे। खामियां मिलने के बाद भी इन अस्पतालों को सीएमओ की ओर से सिर्फ चेतावनी दी गई है।

शासन के आदेश पर आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गठित टीम सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के नेतृत्व में सबसे पहले स्टेडियम रोड स्थित एक निजी अस्पताल में पहुंची। टीम ने आईसीयू में देखा कि वहां का स्टाफ बिना प्रोटोकॉल फॉलो करते हुए मरीजों की दवाइयां लगा रहा था। इमरजेंसी ड्रग्स ट्रॉली में एक्सपायर दवाइयां थीं। अस्पताल में योजना के तहत तीन मरीज फारूक, शाहिद और जीनत इलाज कराते मिले।

अस्पताल प्रबंधन ने खून की जांच के नाम पर फारुख से 1100, शाहिद से 1200 और जीनत से 2200 रुपये लिए थे। अस्पताल का बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियमानुसार नहीं मिला। इसके बाद टीम स्टेडियम रोड स्थित एक अन्य अस्पताल पर पहुंची। वहां आईसीयू चेक करने पर पाया गया कि आयुष्मान भारत योजना में वहां एक मरीज निशा सामान्य स्थिति में थी। मरीज को आईसीयू की आवश्यकता नहीं थी, उसके बावजूद मरीज को आईसीयू में भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा था। जनरल वार्ड की मरीज प्रेमवती ने टीम को बताया कि खून की जांच के नाम पर उनसे 3800 रुपये लिए गए थे। उसके बाद टीम माधोबाड़ी स्थित एक में पहुंची तो वहां आईसीयू में कोई मरीज भर्ती नहीं मिला।

इमरजेंसी वार्ड में आयुष्मान भारत योजना के चार लाभार्थी मिले। जिसमें मरीज सुषमा पाल, इरशाद, आबिद एवं मनोरम से जांचों के नाम पर नकद रुपये लिए गए थे। साथ ही अस्पताल का बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियमानुसार नहीं था। टीम को तीनों अस्पतालों में खामियां और नियमों की अनदेखी मिली। मामले में कार्रवाई के नाम पर तीनों अस्पतालों के प्रबंधनों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। आगे इस तरह की कमी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई कर आयुष्मान योजना से पंजीकरण को निरस्त करने की चेतावनी दी गई है।

# स्प्लेंडर बाइक लेने की जिद पर मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक

संवाददाता, खुटार

- 4 घंटे तक चला हाई वोल्टेज ड्रामा, पुलिस ने भरी हामी, तब उतरा
- पुलिस ने लिया हिरासत में, सीमा से सटे गांव खीरी का मामला

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र से सेट गांव पड़सर निवासी गोपी श्रीवास का 25 वर्षीय बेटा सुचित कुमार काली स्प्लेंडर बाइक लेने की जिद पर शुक्रवार दोपहर 11:00 बजे गांव में ही बने मोबाइल टावर पर चढ़ गया और मांग करने लगा कि जब तक उसे काली स्प्लेंडर बाइक नहीं मिलेगी तब तक वह नीचे नहीं उतरेगा। और बाइक न मिलने पर वह टावर से कूद कर अपनी जान दे देगा। जिस पर मोहम्मदी।

थाना क्षेत्र के चौकी मुंडा निजाम के चौकी इंचार्ज विक्रांत चौधरी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को टावर से उतरने के लिए मन्नते करने लगे। लेकिन युवक अपनी जिद पर अड़ा रहा और चौकी इंचार्ज से सवाल किया कि तुम्हारा एक महीने का वेतन कितना है। जिस पर चौकी इंचार्ज ने अपना वेतन बताते हुए उसे नीचे उतरने के लिए आग्रह किया लेकिन उसने कहा कि पहले अपने वेतन के रुपए से काली स्प्लेंडर बाइक लेकर आयो तब मैं टावर से नीचे उतारूंगा। जिस पर चौकी इंचार्ज ने युवक को टावर से उतारने के लिए एक काली स्प्लेंडर बाइक मौके पर मंगवाई और कहा कि यह काली स्प्लेंडर बाइक आ गई है अब नीचे उतर आओ। जिस पर युवक सुचित कुमार काली स्प्लेंडर देख नीचे उतर आया। नीचे उतरते ही पुलिस ने सुचित कुमार को अपनी हिरासत में ले लिया और थाने लेकर चली गई। बताते चलें कि दो तीन दिन पूर्व भी बाइक लेने की जिद पर युवक टावर पर चढ़ गया था। जिस पर पुलिस ने बाइक दिलाने की हामी भरते हुए 1 घंटे के अंदर ही नीचे उतार लिया था लेकिन शुक्रवार को युवक 11:00 बजे से मोबाइल टावर पर चढ़ा और 3:00 बजे नीचे उतरा। युवक के टावर पर चढ़ने व बाइक लेने की जिद को लेकर पास पड़ोस के गांव की भीड़ जमा हो गई।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मिर्चिया विकास खण्ड पलिया जनपद खीरी

पत्रांक : मेमो/2025-26 दिनांक : 24.01.2026

**निविदा सूचना**

अधिकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मिर्चिया में मनरेगा/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम आंगनवाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य हेतु प्रयुक्त सामग्री सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रोड़ा, बालू, सरिया, प्रथम श्रेणी ईट, एंगिल आयरन चौखट, विंडो, दरवाजा, वन्नीलेटर पुट्टी, पेन्ट, प्राइमर, किचन सिंक, वाश बेशन, PVC पाइप 100mm आयरन हैण्डेल कम्पलीट, ग्रेनाइट साइन बोर्ड, PVC वाटर टैंक 500 ली. सेनेट्री फिटिंग सामान, इलेक्ट्रिकल फिटिंग सामान, सबमर्सिबल पम्प, बोटिंग 60 मी. गहरी सामान आदि सामान की आवश्यकता है जिसकी अनुमानित लागत 1183432 रू. है।

अतः उक्त कार्य पर सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों को सीलबन्द निविदायें दिनांक 24.1.2026 से 10.2.2026 तक आमंत्रित की जाती है जो कि दिनांक 10.2.2026 को सायं 4 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी।

श्रीमती राजदीप कौर, ग्राम प्रधान, ग्रा. पं. मिर्चिया वि.खं. पलिया खीरी

श्री रत्नेश सोनकर, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्रा. पं. मिर्चिया वि.खं. पलिया खीरी


### हादसे में दवा कंपनी के एरिया मैनेजर की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** सड़क हादसे में दवा कंपनी के एरिया मैनेजर की मौत हो गई। उनकी बाइक में गुरुवार रात मिनी बाईपास पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी।

# एसडीएम-सीओ पहुंचे, फिर भी नहीं सुलझा होलिका स्थल विवाद

संवाददाता, पुवायां

- ग्राम सभा की भूमि पर कब्जे व अवैध दीवार निर्माण का आरोप
- पारंपरिक स्थल का बार-बार बदला जा रहा स्थान, ग्रामीणों में रोष

**अमृत विचारः** क्षेत्र के ग्राम सभा सतवां बुजुर्ग में होलिका दहन स्थल को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम व सीओ मौके पर पहुंचे, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई स्थायी निस्तारण नहीं हो सका है। इससे ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के पारंपरिक होलिका दहन स्थल की ग्राम सभा भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर दीवार का निर्माण करा दिया गया है। साथ ही होलिका दहन स्थल का बार-बार स्थान परिवर्तन कराया जा रहा है, जिससे गांव में तनाव की स्थिति बन रही है। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि इस संबंध में पूर्व में भी प्रशासन से कई बार गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि को खाली कराने के लिए बार-बार मांग की जा चुकी है, फिर भी प्रभावी कदम नहीं उठाए गए।

ग्रामीणों ने मांग की है कि किसी जिला स्तरीय अधिकारी की निगरानी में राजस्व अभिलेखों के अनुसार भूमि को खाली कराकर होलिका दहन स्थल को स्थायी रूप से सुरक्षित कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो।

# दहेज में पांच लाख रुपये न देने पर शादी का रिश्ता तोड़ा, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गोद भराई हो गई थी, दूल्हे समेत चार को नामजद किया गया

**अमृत विचारः** एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी तय की। वर पक्ष वालों ने पांच लाख रुपये और बाइक की मांग की। दहेज की मांग पूरी न होने पर वर पक्ष वालों ने शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने वर पक्ष वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव कुतुआपुर दक्षिणी निवासी विजय कुमार ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी छह माह पूर्व आदित्य खिरियाहीर थाना सेहरामऊ दक्षिणी के साथ तय की थी। शादी में ढाई लाख रुपये नगद और दहेज का सामान देने को तय हुआ था। एक माह पूर्व उसने अपनी बेटी की गोद भराई की थी। गोद भराई के वीडियो और फोटो बनाए गए। रोक में करीब 51 हजार रुपये तय हुए थे। वर पक्ष वालों ने कहा कि दहेज में पांच लाख रुपये और एक बाइक दो। उन्होंने दहेज देने से मना कर दिया। आरोप है कि वर पक्ष वालों ने शादी करने से मना कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आदित्य, रामपाल, सुशील और शिवानी के खिलाफ दहेज संबंधी मुकदमा दर्ज किया गया है। इधर सिंघौली थाना क्षेत्र के गांव मूर्छा निवासी श्याम कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसने अपनी बेटी अनुराधा की शादी 08 माह पूर्व विभास निवासी कुतुब बिहार नई दिल्ली के साथ की थी। उसने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। ससुराल वाले दहेज को लेकर आए दिन उसकी बेटी को मारते पीटते थे। ससुराल वालों ने उसकी बेटी से कहा कि बुलेट मोटरसाइकिल और एक लाख रुपये मायके से मंगाकर दो। उसकी बेटी ने मना कर दिया। एक माह पूर्व ससुराल वालों ने उसकी बेटी को घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति विभास और सास विमला देवी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बदायूँ।

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

No. : 349 / Nivida(E-T.)/ 2025-26 Date : 12-02-2026

1. महामहिम राज्यपाल, उ0 प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोनिवि बदायूँ के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार वर्षा काल में क्षतिग्रस्त सड़क के सतह सुधार एवं यातायात सुगम किये जाने हेतु अल्पकालीन ऑनलाइन ई–निविदा दि0 23.02.2026 से दि0 28.02.2026 की दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैः–

2. वित्तीय वर्ष 2025–26 में विशेष मरम्मत योजनान्तर्गत कार्यः–

| Sr. No. | District | Name of work | Cost of Construction | Bid Security (in Rs.lac) | Cost of Bid Document (Rs.) | Time of completion | Address of Executive Engineer Executing the work | Address of Superintending Engineer | Address of Chief Engineer | Category of Contractor (Road Work) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Budaun | सुरैनी हबीबपुर मुगर्रा सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0 सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य | 31.00 | 3.10 | 944.00 | 2 Month | Const. Div. PWD Budaun | Budaun/ Pilibhit Circle PWD Bareilly | Bareily Zone, PWD Bareilly | A,B,C,D |

3- बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in. पर दिनांक 23.02.2026 से दि0 28.02.2026 तक उपलब्ध है, निविदाये दिनांक 28.02.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 28.02.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

UP - 246568 दिनांक: 19/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(देवपाल सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., बदायूँ।


### नगर पंचायत कांट का निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर पंचायत कांट का निरीक्षण कर विकास कार्यों की समीक्षा की। जन्म-मृत्यु पटल के अभिलेखों का परीक्षण करते हुए दैनिक रजिस्टर तैयार करने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी ने कान्हा गौशाला, मां शीतला देवी मंदिर परिसर में वंदन योजना के तहत बने विश्रामालय, मदनापुर रोड पर निर्माणाधीन दुकानों, आदर्श नगर पंचायत योजना के अंतर्गत मार्ग प्रकाश, सीसी रोड, नाला निर्माण और एसबीएम 2.0 के अंतर्गत शौचालय निर्माण की जानकारी दी। डीएम ने 31 मार्च 2026 तक कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वेट वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट और एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण कर कूड़ा वाहनों का पंजीकरण और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने को कहा।

# स्पा सेंटर की रिसेप्शनिस्ट से रंगदारी मांगने की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फोन कर खुद को बताया था हिंदू संगठन का नेता, मांगे थे 40 हजार

**अमृत विचार** : स्पा सेंटर की रिसेप्शनिस्ट से रंगदारी मांगने के आरोप में बारादरी पुलिस ने आशु यादव, ऋषभ ठाकुर समेत तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपियों में एक जिलाबदर भी शामिल है।

जिला रायबरेली के थाना बछरावा के गांव रामपुर सिदोली निवासी मुस्कान ने बताया कि वह मेडिसिटी अस्पताल के पास काशा गोल्डन स्पा सेंटर में रिसेप्शनिस्ट है। 17 फरवरी को दो-तीन लड़के स्पा सेंटर पर आए। वे स्पा सेंटर की सुविधाओं के बारे में जानकारी मांगने लगे। उसके बाद 18 फरवरी को उसके स्पा सेंटर पर पुलिस भी चेकिंग के लिए आई थी। चेकिंग करने पर उन्हें कुछ नहीं मिला। आरोप है कि उनके फोन पर खुद को हिंदू संगठन का नेता बताने वाले आशु यादव की कॉल आई। उसने अपने नेता का नाम ऋषभ ठाकुर बताया। आरोप है कि कॉल करने वाले आशु यादव ने कहा कि स्पा सेंटर में गलत काम होता है, जिसका वीडियो बना लिया गया है। उसने कहा कि वह वीडियो फेसबुक पर डालेगा, अगर 40 हजार रुपये दे दिए तो वीडियो को डिलीट कर देगा। आरोपियों ने कहा कि पैसे नहीं दिए तो स्पा सेंटर को भी बंद करा देंगे। आरोपियों की धमकी से वह घबरा गई। उसने बारादरी पुलिस से मामले की शिकायत की। पुलिस ने आशु यादव, ऋषभ ठाकुर समेत तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हादसे में तीन युवकों की मौत, तीन घायल

संवाददाता, निघासन

- ओवरलोड लकड़ी भरी ट्रॉली में बाइक घुसने से हुई घटना

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक सड़क हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। सेमल से भरी ओवरलोड ट्रॉली में पीछे से घुसी बाइक पर सवार चार युवकों में से तीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में दूसरी बाइक पर सवार दो लोग भी घायल हुए हैं। हादसे के बाद गांव बरोठा में कोहराम मच गया।

पुलिस के मुताबिक गांव बरोठा निवासी मालती के बेटे की बारात सिंगाही थाना क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद गई थी। शाम को बारात लौट रही थी। इस दौरान एक बाइक पर चार युवक बरोठा की ओर आ रहे थे। बताया जा रहा है कि सरयू पुल के आगे ढंगदा से निघासन की ओर जा रही सेमल की लकड़ी से भरी ओवरलोड ट्रॉली के पीछे लाइट नहीं जल रही थी। अंधेरे में ट्रॉली दिखाई न देने के कारण बाइक सवार पीछे से उसमें जा भिड़े। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीन युवकों ने मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चौथा पचपेड़ी निवासी बिरजू (25 )गंभीर घायल हो गया। घायल को तत्काल अस्पताल भेजा। मृतकों में एक की पहचान 22 वर्षीय विकास निवासी बरोठा के रूप में हुई है। दो अन्य की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि हादसे में एक और बाइक दुर्घटनाग्रस्त हुई है। बाइक सवारों की पहचान सुन्दरेश और हीरालाल के रूप में हुई है। मामूली रूप से चोटिल होने के कारण दोनों अपने घरों को चले गए। पुलिस ने बाइक और ट्रॉली को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद घर में बारात की खुशियां थीं, वहां मातम छा गया।


## कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली सम्भाग, बरेली

पत्रांक : 3047/स्वी.अनु./गे.ख./परि.–ई–निविदा/2026–27/बरेली दिनांक : 20.2.2026

**अल्पकालीन ई–टेण्डर नोटिस**

कार्यालय आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. जवाहर भवन, लखनऊ, के कार्यालय पत्रांक 5471/अ.आ.वि./र.वि.व. –01/2026–27 दिनांक 27.12.2025 के साथ संलग्न शासनादेश सं–380/29–5–2025 (ई2000859) दिनांक 24.12.2025 के द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026–27 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत गेहूँ क्रय व्यवस्था संबंधी समय सारिणी में दिये गये निर्देशों तथा शासनादेश सं. 591/29–4–2023/4013(99)/7/2022 दिनांक 16.05.2023, शासनादेश सं. 1215/29–4013(99)7/2022 दिनांक 15.09.2022, शासनादेश सं. 571/29–4–2023/4013(99)/7/2022 दिनांक 03.05.2023, शासन के पत्र संख्या 831/29–4–2023–385/19 दिनांक 25.07.2023 एवं अपर आयुक्त (विपणन), खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. जवाहर भवन लखनऊ के पत्रांक 3773/अ.वि.श./है.परि./परि.दर/359/2022 दिनांक 25.04.2023 के साथ संलग्न राज्य स्तरीय कमेटी (एस.एल.सी.) की दिनांक 10.07.2023 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक 3893/स्वी.अनु./गे.ख./ परि./ई–निविदा/2026–27/बरेली दिनांक 02.02.2026 के द्वारा प्रथम बार एवं कार्यालय के पत्रांक 2972/स्वी.अनु./गे.ख./परि./ई–निविदा/2026–27 बरेली दिनांक 10.02.2026 के द्वारा वित्तीय बार बरेली सम्भाग के जनपद बरेली बदायूँ, पीलीभीत एवं शाहजहांपुर में रबी विपणन वर्ष 2025–26 के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा नामित समस्त क्रय एजेन्सियों से सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारियों द्वारा स्वीकृत गेहूँ क्रय केन्द्रों पर गेहूँ क्रय केन्द्रों से निर्धारित/सम्बद्ध भारतीय खाद्य निगम डिपो तक गेहूँ के परिवहन कार्य हेतु (एस.एल.सी. द्वारा अनुमोदन की प्रत्याशा में) शेड्यूल दर के सापेक्ष ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ई–निविदायें आमंत्रित की गयी थी।

उक्त ई–टेण्डर के उपरांत मण्डल में विज्ञापित केन्द्रों पर परिवहन कार्य हेतु विचारणीय निविदा न प्राप्त होने वाले अवशेष केन्द्रों एवं जिलाधिकारी बरेली, बदायूँ, पीलीभीत, शाहजहाँपुर द्वारा स्वीकृत नवीन गेहूँ क्रय केन्द्रों पर संलग्न सूची (सूची सं. 01) के अनुसार समस्त क्रय संस्थाओं के गेहूँ परिवहन कार्य हेतु जनपद बरेली के 5, जनपद बदायूँ के 22 जनपद पीलीभीत के 07 एवं जनपद शाहजहाँपुर के 13 कुल 47 गेहूँ क्रय केन्द्रों पर पुनः ई–टेण्डर आमंत्रित किये जाते है।

शासनादेश सं. 380/29–5–2025 (ई2000859) दिनांक 24.12.2025 में निर्धारित व्यवस्थान्तर्गत क्रय केन्द्रों का चयन जिलाधिकारी द्वारा किया जायेगा। यदि जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृत/प्रस्तावित क्रय केन्द्रों में से किसी क्रय केन्द्र का चयन नहीं किया जाता है अथवा चयन के उपरान्त निरस्त किया जाता है तो क्रय केन्द्र हेतु डाली गयी समस्त परिवहन कार्य की निविदायें निरस्त समझी जायेगी। संलग्न सूची के अनुसार रबी विपणन वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत गेहूँ परिवहन कार्य हेतु ई–निविदायें जनपदवार प्राप्त की जायेगी। निविदादाता द्वारा प्रत्येक केन्द्र के लिए पृथक–पृथक निविदा प्रपत्र संलग्न किये जायेंगे तथा निविदा शुल्क (प्रत्येक केन्द्र हेतु) एवं धरोहर धनराशि के रिसीट/यू.टी.आर. की "स्कैन्ड कापी" ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी। परिवहन कार्य हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि निविदा विशिष्टीकरण निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। परिवहन कार्य हेतु निविदा प्रपत्र शुल्क 500+90(जी.एस.टी.)=590/– तथा प्रत्येक निविदा के साथ परिवहन कार्य के लिये धरोहर धनराशि रू. 15,000/– सम्भागीय वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी (खाद्य), बरेली के पदनाम से खाता संख्या 0232104000190848 आई.एफ.एस.सी. कोड IBKL0000232 आई.डी.बी.आई. बैंक सिविल लाइन्स, बरेली में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. से जमा किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि के रिसीट/यू.टी.आर. की "स्कैन्ड कापी" ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 27.02.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। टेक्निकल बिड दिनांक 27.02.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तदर्थ गठित ई–निविदा समिति के द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड के प्रपत्रों की जांचोपरान्त इसमें अहर्य निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा तदोपरांत वित्तीय निविदा, निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली के पास सुरक्षित होगा।

निविदा की शर्त में परिवर्तन तथा शुद्धि पत्र आदि की सूचना केवल ई–टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होंगे।

(डा. मनिकन्डन ए.)
आई.ए.एस.
सम्भागीय खाद्य नियंत्रक,
बरेली सम्भाग, बरेली



**कार्यालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) मीरगंज, बरेली**
**वाद संख्या–T20251213/2026-0611137 दि. 30.1.26**

वादीगण 1. श्रीमती चरन देवी पत्नी नन्दराम 2. सुरजा देवी पत्नी मुकुटलाल 3. कलावती पत्नी गोविन्द राम 4. भोले राम पुत्र उदय राम निवासीगण ग्राम भिटौरा नौगवां उर्फ फतेहगंज प. तहसील मीरगंज जिला बरेली बनाम प्रतिवादीगण 1. धनीराम पुत्र गेंदन 2. नरायन दास पुत्र गेंदन 3. श्रीमती चन्द्रवती पत्नी राम किशन सिंह 4. नेनीराम पुत्र ठाकुर दास निवासीगण ग्राम भिटौरा नौगवां उर्फ फतेहगंज प. तहसील मीरगंज जिला बरेली 5. श्रीमती शहनाज बी पत्नी कैसर अली 6. रिहाना बी पत्नी शाकिर अली निवासीगण मौ. अहमद नगर कस्बा फतेहगंज प. तहसील मीरगंज जिला बरेली 7. किशन लाल यादव पुत्र राम स्वरूप यादव 8. गजेन्द्र सिंह यादव पुत्र किशन लाल यादव 9. यश यादव पुत्र सतेन्द्र सिंह यादव संर. किशन लाल यादव निवासीगण ग्राम पनवडिया तहसील मीरगंज जिला बरेली 10. रविन्द्र सिंह यादव पुत्र किशन लाल यादव नि. मो. साहूकारा कस्बा फतेहगंज प. तहसील मीरगंज जिला बरेली 11. फकीर चन्द्र पुत्र लाल 12. राम बाबू मिश्रा पुत्र कृष्ण मिश्रा 13. उमेश बाबू मिश्रा पुत्र कृष्ण मिश्रा 14. पृथ्वी राज सिंह पुत्र जन्डैल सिंह 15. श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी ओमपाल सिंह 16. पवन कुमार सिंह पुत्र प्रेम प्रकाश सिंह 17. राजीव कुमार सिंह पुत्र 18. रामपाल सिंह पुत्र नन्दन सिंह 19. भगवान सिंह पुत्र रघुराज सिंह 20. धनपाल सिंह पुत्र रघुराज सिंह 21. जगदीश सिंह पुत्र रघुराज सिंह 22. प्रदीप सिंह पुत्र रघुराज सिंह 23. बलवीर सिंह पुत्र रघुराज सिंह 24. राज कुमार सिंह पुत्र राज पाल सिंह 25. राजवीर सिंह पुत्र राज पाल सिंह 26. सत्यवीर सिंह पुत्र राज पाल सिंह 27. महेन्द्र सिंह पुत्र संग्राम सिंह 28. नरेन्द्र सिंह पुत्र संग्राम सिंह 29. रजत सिंह पुत्र हेमेन्त सिंह 30. जातिन सिंह पुत्र हेमेन्त सिंह 31. श्रीमती धनदेवी पत्नी हेमेन्त सिंह 32. महेश चन्द्र पुत्र गंगाराम 33. हरीराम पुत्र गंगाराम 34. पोथीराम पुत्र गंगाराम 35. ओमकार पुत्र टीकाराम 36. नन्की प्रसाद पुत्र सोहन लाल 37. राम बहादुर पुत्र फकीरी 38. श्रीमती लीलावती पत्नी फकीरी 39. रामभजन पुत्र अयोध्या प्रसाद 40. धर्मेन्द्र पुत्र अयोध्या प्रसाद 41. अजय कुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद 42. कु. जम देवी पुत्री अयोध्या प्रसाद 43. कु. गुड्डी पुत्री अयोध्या प्रसाद 44. रूपवती पत्नी अयोध्या प्रसाद 45. सुखदेई पत्नी गोधन लाल 46. विद्या देवी पत्नी बुद्धसेन 47. पप्पू मौर्य पुत्र किशन लाल मौर्य 48. मंगलसेन मौर्य पुत्र किशन लाल मौर्य 49. कमल मौर्य पुत्र बुद्धसेन 50. कृष्णपाल मौर्य व भूपेन्द्र मौर्य पुत्रगण बांधूराम व सूरज मौर्य पुत्र रामचन्द्र व सरिता मौर्य पुत्री रामचन्द्र व ओमवती पत्नी रामचन्द्र नि. ग्राम भिटौरा फतेहगंज प. तहसील मीरगंज जिला बरेली। अन्तर्गत धारा–24 राजस्व संहिता–2006 आराजी ग्राम भिटौरा नौगवां उर्फ फतेहगंज प. परगना बरेली तहसील मीरगंज जिला बरेली। चूंकि श्रीमती चरन देवी पत्नी नन्दराम आदि निवासी ग्राम भिटौरा नौगवां उर्फ फतेहगंज प. परगना बरेली तहसील मीरगंज जिला बरेली ने धारा–24 राजस्व संहिता–2006 वाद दायर किया है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप तारीख 27.02.2026 को असालतन या मार्फत किसी वकील के जो मुकदमा हाजा से बखूबी वाकिफ हो और जो मुकदमा हाजा को जवाब दे मय कागजात मुकदमा के हाजिर हो वरना गैरहाजरी में मुकदमा हाजा फैसला कर दिया जायेगा।

आज तारीख 30.01.2026 मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अदालत से जारी किया गया।

उप जिलाधिकारी (न्यायिक)
मीरगंज, बरेली।


खबरे www.amrit vichar.com पर भी


**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश के अतिरिक्त न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय ग्वालियर (म.प्र.)**
**प्रकरण क्र. 802/2024 आर.सी.एस.एच.एम.**
**अमित रजक ....आवेदक बनाम श्रीमती सिमरन रजक ....अनावेदिका**

**सूचना पत्र**

बनाम अनावेदिका श्रीमती सिमरन रजक पत्नी श्री अमित रजक पुत्री श्री प्रेमकुमार आयु 22 वर्ष, निवासी–गुलाबनगर, गौरी मंदिर के पास, जिला बरेली (उ.प्र.)

**सूचना पत्र**

यह कि आवेदक अमित रजक पुत्र श्री संजीव रजक आयु 25 वर्ष निवासी आपागंज गली नं. 01, गौराबाई का मकान, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) के द्वारा आपके विरूद्ध इस न्यायालय के समक्ष याचिका अंतर्गत धारा 9 हि.वि. अधि. के तहत प्रस्तुत की गई है।

अतः जरिये सूचना पत्र पत्र से आप अनावेदिका श्रीमती सिमरन रजक को सूचित किया जाता है कि इस संबंध में अपना जवाब इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 24.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यदि नियत दिनांक को न्यायालय अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते हैं तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर की जायेगी।

आज दिनांक 22.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(श्री ए.के. मिश्रा)
प्रधान के अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय, ग्वालियर (म.प्र.)


# शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करें : डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में सीएम डैशबोर्ड राजस्व वाद समीक्षा एवं स्टाफ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने छह माह से अधिक लंबित स्टांप वादों को अगले दो माह में निस्तारित करने के निर्देश दिए। आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए गलत तरीके से स्पेशल क्लोज करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी और शिकायतकर्ता से अनिवार्य वार्ता करने को कहा। निर्धारित समय के बाद शराब दुकान खुलने और ओवर रेटिंग पर उपजिलाधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। आपदा के लंबित प्रकरणों तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा के 45 दिन से अधिक लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने को कहा। अंश निर्धारण में त्रुटिपूर्ण आवेदनों को समय से सही कराने तथा जनता दर्शन में दो बार से अधिक आने वाले शिकायतकर्ताओं के मामलों में नायब तहसीलदार व राजस्व निरीक्षक को मौके पर भेजकर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। विभिन्न न्यायालयों व धाराओं में पांच वर्ष से अधिक लंबित वादों को 31 मार्च तक नियमित सुनवाई कर निर्धारित करने तथा धारा 24 के मामलों को 45 दिन से अधिक लंबित न रखने को कहा। कर-करेत्तर समीक्षा में आबकारी, मंडी समिति सहित अन्य विभागों की लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की समीक्षा कर समय सीमा में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।


## पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचना सं.: इज्जत/इलै./ओ.टी./01/2026 दि. 13.02.2026**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा अनन्त्रित की जाती हैः–**क्रम सं.:–01,कार्य का नामः**–पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मण्डल के पीलीभीत स्टेशन के "संशोधित मास्टर प्लान के अनुसार नए स्टेशन भवन और प्लेटफार्म के निर्माण" और पीलीभीत स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग से सम्बन्धित सामान्य विद्युतीकरण कार्य।, **विवरणः– अनुमानित लागत रु. में:–** 2,25,54,102.26, **धरोहर राशि रु. में:**–2,62,800.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में:**–शून्य, **निविदा का प्रकारः**– खुली निविदा, **ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः**– 09.03.2026 15.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः**– 12 माह, • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए। • निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वे समय–समय पर ऑन लाइन जारी किए गए शुद्धिपत्र की जाँच करे, यदि कोई हो। समाचार पत्र में अलग से कोई प्रकाशन जारी नही किया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/ इज्जतनगर
मुजाधि/विद्युत–285

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# प्रदेश के सरकारी उपक्रमों में हजारों करोड़ की अनियमितताएं

## विधानसभा के पटल पर रखी गई सीएजी रिपोर्ट में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा, निर्माण निगम से परिवहन व औद्योगिक उपक्रमों तक नियम विरुद्ध भुगतान व ठेके

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधानसभा में शुक्रवार को वित्तमंत्री सुरेश खन्ना द्वारा रखी गई भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की ताजा रिपोर्ट ने प्रदेश के राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों यानी एसपीएसई में व्यापक भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं और कमजोर शासन व्यवस्था की परतें उधेड़ दी हैं। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि कई उपक्रमों में बिना अनुमति काम शुरू करना, वास्तविक कार्य के बिना भुगतान, नियमों को ताक पर रखकर ठेके देना और सरकारी धन पर अर्जित ब्याज को जमा न करना जैसी गंभीर गड़बड़ियां सामने आई हैं।

- **घाटे में डूबे उपक्रम, कमजोर निगरानी और सरकारी धन के दुरुपयोग पर गंभीर सवाल**

मार्च 2023 को समाप्त अवधि के लिए तैयार यह रिपोर्ट उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिवेदन संख्या-9 राज्य विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च 2023 तक यूपी में सीएजी के लेखापरीक्षा दायरे में 113 एसपीएसई थे, जिनमें 72 क्रियाशील और 41 निष्क्रिय (13 परिसमापनाधीन सहित) थे। 68 क्रियाशील उपक्रमों में जहां 39 ने 2,169.50 करोड़ का लाभ कमाया, वहीं 27 उपक्रमों ने 32,393.08 करोड़ का भारी घाटा उठाया। सीएजी का कहना है कि यह घाटा केवल कारोबारी जोखिम नहीं, बल्कि खराब वित्तीय प्रबंधन और नियंत्रण तंत्र की विफलता को भी दर्शाता है।

**निगरानी और गवर्नेंस की नाकामी :** रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि अधिकांश एसपीएसई में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति नहीं हुई, कई बोर्डों ने अनिवार्य बैठकें तक नहीं कीं और लेखापरीक्षा समिति, नामांकन-पारिश्रमिक समिति जैसी वैधानिक व्यवस्थाएं कागजों तक सीमित रहीं। महिला निदेशकों की नियुक्ति में भी व्यापक लापरवाही पाई गई। सीएजी ने इसे संस्थागत भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला वातावरण बताया है।


विधानसभा में सीएजी रिपोर्ट रखते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

### निर्माण निगम बना भ्रष्टाचार का केंद्र

सीएजी ने प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड की निष्पादन लेखापरीक्षा में सबसे गंभीर अनियमितताएं दर्ज की हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, तकनीकी स्वीकृति और पर्यावरणीय अनापत्ति के बिना 2,058 करोड़ से अधिक के कार्य शुरू कर दिए गए। कई मामलों में कार्य के वास्तविक निष्पादन के बिना 31.72 करोड़ का भुगतान कर दिया गया। उप-संविदाकारों को बिना बैंक गारंटी के करोड़ों रुपये के अग्रिम दे दिए गए। सरकारी निधियों पर अर्जित 641.45 करोड़ का ब्याज कोषागार में जमा नहीं कराया गया। ठेकों में खुली निविदा प्रक्रिया के बजाय सीमित कोटेशन से काम देकर पारदर्शिता को नुकसान पहुंचाया गया। सीएजी ने इसे गंभीर वित्तीय कदाचार करार देते हुए कहा है कि इससे न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ, बल्कि जवाबदेही तंत्र भी पूरी तरह विफल रहा।

### भ्रष्टाचार के मुख्य बिंदु

- बिना तकनीकी स्वीकृति 2,058 करोड़ के कार्य शुरू
- बिना वास्तविक काम के 31.72 करोड़ का भुगतान
- उप-संविदाकारों को 20.40 करोड़ के अग्रिम बिना गारंटी
- सरकारी निधियों पर 641.45 करोड़ ब्याज जमा नहीं
- ठेकों में खुली निविदा की अनदेखी, सीमित कोटेशन से काम

### वित्तीय रेड फ्लैग्स

- घाटे में एसपीएसई : 27
- कुल घाटा : 32,393.08 करोड़
- ब्याज वहन में अक्षम उपक्रम : 12
- पूरी तरह नेटवर्थ गंवाने वाले उपक्रम : 16

### गवर्नेंस फेल्योर

- स्वतंत्र निदेशक नहीं : 26 एसपीएसई
- अनिवार्य बोर्ड बैठकें नहीं : 35 एसपीएसई
- लेखापरीक्षा समिति का अभाव/गलत गठन : 21 एसपीएसई

# नियोजन से लेकर आवंटन तक गड़बड़ी की भरमार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) ने गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा विकास एवं संपत्तियों के आवंटन को लेकर गंभीर प्रशासनिक लापरवाही, वित्तीय अनियमितताओं और संभावित भ्रष्टाचार को उजागर किया है। एनसीआर का हिस्सा होने के बावजूद गाज़ियाबाद महायोजना-2021 को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड से अनुमोदन नहीं कराया गया, जो नियोजन कानूनों का सीधा उल्लंघन है। इसके अलावा, एकीकृत महायोजना बनाने के बजाय गाज़ियाबाद और मोदीनगर के लिए अलग-अलग महायोजनाएं तैयार की गईं, जिनके ज़ोनिंग नियमों में भारी विरोधाभास पाए गए। इन योजनाओं के निर्माण में चार से दस वर्षों तक की देरी हुई और आठ में से केवल एक ज़ोन के लिए ही ज़ोनल विकास योजना तैयार की गई।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने शुक्रवार को सीएजी का निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन संख्या-11 (वर्ष 2025), को राज्य विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत किया। इसमें वर्ष 2017-18 से 2021-22 की अवधि के दौरान जीडीए की कार्यशैली का व्यापक मूल्यांकन किया गया। सीएजी ने पाया कि महायोजना-2021 के तहत निर्धारित विकास लक्ष्य अधिकांश क्षेत्रों में पूरे ही नहीं किए गए। खुले स्थान, पार्क और मनोरंजन क्षेत्र में 79 प्रतिशत, व्यावसायिक क्षेत्र में 66 प्रतिशत और सार्वजनिक सुविधाओं में 39 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। दुर्बल आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए वर्ष 2017-22 में न्यूनतम 25,000 आवासीय इकाइयों के लक्ष्य के मुकाबले मात्र 9,960 इकाइयां ही बन सकीं।

सीएजी की रिपोर्ट साफ संकेत देती है कि गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण में अनियमितताएं केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि संस्थागत लापरवाही और संभावित भ्रष्टाचार का परिणाम हैं। रिपोर्ट में दोषी अधिकारियों के विरुद्ध उत्तरदायित्व तय करने, पारदर्शी डाटा प्रणाली विकसित करने और अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

- **गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल**
- **ईडब्ल्यूएस आवास, संपत्ति आवंटन और अवैध निर्माण पर कार्रवाई में भारी चूक**

### अनियमितता के प्रमुख बिंदु

- महायोजना-2021 बिना एनसीआर बोर्ड की मंजूरी
- ईडब्ल्यूएस आवास लक्ष्य का केवल 40% ही पूरा
- संपत्ति आवंटन का कोई योजनावार डाटा बैंक नहीं
- हिंडन बाढ़ क्षेत्र में अवैध निर्माण पर ढीली कार्रवाई
- बिना रिकॉर्ड कारणों के नीलामी/आवंटन से संपत्तियां बाहर

### वित्तीय रेड फ्लैग्स

- राजस्व लक्ष्य में कमी : 40–58%
- व्यय लक्ष्य में कमी : 40–63%
- राज्य सरकार से लंबित वसूली : 347.43 करोड़

### गवर्नेंस और नियंत्रण की विफलता

- ज़ोनल विकास योजनाओं का अभाव
- आंतरिक लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर सुधार नहीं
- तकनीकी संवर्ग में भारी मानवशक्ति की कमी
- बोर्ड बैठकें मानकों के अनुरूप नहीं




### वित्तीय प्रबंधन में भारी चूक, करोड़ों की वसूली लंबित

वित्तीय मोर्चे पर भी जीडीए की स्थिति चिंताजनक रही। वर्ष 2017-18 से 2021-22 के दौरान, 2018-19 को छोड़कर, राजस्व लक्ष्य में 40 से 58 प्रतिशत तक की कमी रही। वहीं, व्यय लक्ष्य भी 40 से 63 प्रतिशत तक कम रहा। सीएजी ने यह भी इंगित किया कि उप-निबंधन कार्यालयों द्वारा अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क वसूली के बावजूद, जीडीए की 347.43 करोड़ की वैधानिक मांग अब तक राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हो सकी, जो कमजोर वित्तीय फॉलो-अप और जवाबदेही को दर्शाता है।

### आवंटन और प्रवर्तन में पारदर्शिता का अभाव

संपत्तियों के आवंटन में पारदर्शिता की भारी कमी सामने आई। जीडीए के पास योजनावार विकसित, बेची गई और शेष संपत्तियों का कोई समेकित डाटा बैंक नहीं था। बोली-सह-नीलामी और पहले आओ-पहले पाओ जैसी प्रक्रियाओं में यह तक स्पष्ट नहीं किया गया कि पूर्व नीलामी में अविकसित/अविक्रीत संपत्तियों को आगे क्यों नहीं लाया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 45,000 इकाइयों के लक्ष्य के मुकाबले मात्र 20,173 इकाइयों की योजना बनाई गई और मार्च 2024 तक केवल 5,801 इकाइयां ही निर्माणाधीन पाई गईं। हिंडन नदी के बाढ़ क्षेत्र में अवैध निर्माण रोकने में भी जीडीए विफल रहा। अनधिकृत निर्माण के चिन्हित मामलों में केवल 19 से 65 प्रतिशत पर ही कार्रवाई की गई। 1,303 स्वीकृत मानचित्रों में से मात्र 125 को ही पूर्णता प्रमाण-पत्र जारी किया गया, जबकि शेष भवनों की स्थिति का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया।

# स्पष्ट नीति व सख्त वित्तीय अनुशासन से बदला यूपी : योगी

## मुख्यमंत्री ने सदन में रखा 'न्यू यूपी' के विकास का ब्लूप्रिंट, कांग्रेस-सपा पर निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बजट 2026-27 पर चर्चा के दौरान नौ वर्षों की सरकार के कामकाज का विस्तृत लेखा-जोखा पेश करते हुए कांग्रेस और सपा पर जमकर निशाना साधा। कहा कि यूपी आज बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकलकर देश के टॉप-3 राज्यों में शामिल हो चुका है। यह परिवर्तन किसी एक योजना का नहीं, बल्कि स्पष्ट नीति, शुद्ध नीयत और प्रभावी वित्तीय प्रबंधन का परिणाम है। उन्होंने डाटा, इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और रोजगार की योजनाएं गिनाते हुए कहा कि इनके सहारे यूपी ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की धुरी बनेगा।

मुख्यमंत्री ने बजट सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को अपने लंबे भाषण में बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार किसी मुख्यमंत्री को दसवां बजट प्रस्तुत करने का अवसर मिला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह बजट केवल खर्च का दस्तावेज नहीं, बल्कि भविष्य के उत्तर प्रदेश का रोडमैप है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने लीकेज रोके, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया। इसी का नतीजा है कि आज बैंक, निवेशक और अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं उत्तर प्रदेश पर भरोसा कर रही हैं। नीति आयोग की फिस्कल हेल्थ इंडेक्स और कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यूपी को अब फ्रंट रनर स्टेट माना जा रहा है। योगी ने बताया कि वर्ष 2016-17 में प्रदेश का पूंजीगत व्यय करीब 71 हजार करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर में लगाया गया एक रुपये का निवेश पांच से छह गुना प्रतिफल देता है। उन्होंने डाटा को नई अर्थव्यवस्था की आधारशिला बताते हुए कहा कि एआई 'न्यू ऑयल' बनने जा रहा है। बजट 2026-27 में डाटा सेंटर क्लस्टर, स्टेट डाटा सेंटर अथॉरिटी और डिजिटल गवर्नेंस को मजबूत करने के प्रावधान किए गए हैं। यूपी अब रिएक्टिव नहीं, बल्कि प्रोएक्टिव गवर्नेंस मॉडल की ओर बढ़ रहा है।

- **डाटा, इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और रोजगार के सहारे यूपी बनेगा ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की धुरी**



### घालमेल की राजनीति अब नहीं चलेगी नेता प्रतिपक्ष पर साधा निशाना

वित्तीय प्रबंधन पर विपक्ष के सवालों को खारिज करते हुए मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि उम्र और अनुभव के साथ आंकड़ों में ईमानदारी आएगी, लेकिन चच्चू का प्रभाव अब भी हावी दिखा। योगी ने तथ्यों के साथ जवाब देते हुए कहा कि 2016-17 में समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 4.39 प्रतिशत था, जो अब 2025-26 में घटकर 2.97 प्रतिशत रह गया है। उन्होंने बताया कि ऋणग्रस्तता लगभग 30 प्रतिशत से घटकर 26 प्रतिशत आ गई है और 2026-27 तक इसे 23 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य है। प्रति व्यक्ति आय पर विपक्ष को घेरते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2016-17 में यह करीब 43 हजार रुपये थी, जबकि आज 1.20 लाख रुपये से अधिक हो चुकी है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि क्या 43 हजार और 1.20 लाख में कोई फर्क नहीं दिखता।

### आठ हजार न्याय पंचायतों में चुने जाएंगे डिजिटल इंटरप्रेन्योर

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि आठ हजार न्याय पंचायतों में डिजिटल इंटरप्रेन्योर चुने जाएंगे। हर जिले में 'सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन' विकसित होंगे। अगले पांच वर्षों में 100 नई टाउनशिप, 27 एक्सप्रेसवे क्लस्टर और 75 हजार एकड़ का लैंड बैंक तैयार किया जाएगा। महिलाओं के लिए 100 करोड़ रुपये से महिला उद्यमी उत्पाद विपणन केंद्र, 60 लाख सुरक्षित प्रसव के लिए 1000 करोड़ और बालिकाओं के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की गई। उन्होंने दावा किया कि सरकार में प्राइमरी स्कूलों का ड्रॉपआउट रेट शून्य हुआ है और शिक्षकों व कार्मिकों के आश्रित परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा दी जाएगी। पर्यटन, स्टार्टअप, एमएसएमई, पशुधन, मत्स्य और पर्यावरण संरक्षण पर बजट फोकस का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे तरक्की और रोजगार बढ़ा है।

### कांग्रेस पर देश की छवि बिगाड़ने का आरोप

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भारत मंडपम में अराजकता फैलाकर कांग्रेस ने देश की अंतरराष्ट्रीय छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जब 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि और 20 राष्ट्राध्यक्ष एआई समिट के लिए भारत आए थे, तब कांग्रेस के युवा संगठन ने शर्मनाक कृत्य कर दुनिया के सामने भारत को बदनाम करने की कोशिश की। सीएम योगी ने दो टूक कहा कि देश की प्रतिष्ठा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए।


पेशी पर आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मिलते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व आराधना मिश्रा।

# पूरे देश में राहुल गांधी के खिलाफ कराए जा रहे मुकदमे : प्रमोद तिवारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर राहुल गांधी का हुआ स्वागत**

**अमृत विचार :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को दिल्ली से लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर उतरे तो उनका स्वागत किया गया। इस दौरान प्रमोद तिवारी ने कहा कि पूरे देश में राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमे कराए जा रहे हैं।

राहुल गांधी के खिलाफ सुल्तानपुर के एमएलए-एमपी कोर्ट में एक मानहानि का मुकदमा चल रहा है। उसी मामले में शुक्रवार की सुबह राहुल गांधी दिल्ली से एयरपोर्ट पर उतरे। वहां पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सांसद प्रमोद तिवारी, वरिष्ठ नेता अखिलेश सिंह, कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता अराधना मिश्रा, प्रवक्ता अंशु अवस्थी समेत भारी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। यहां से राहुल गांधी कार से सुल्तानपुर गए। वहां से दोपहर में करीब ढाई बजे एयरपोर्ट लौटे और दिल्ली के लिए चले गए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि राहुल गांधी सुल्तानपुर की एक अदालत में चल रहे मामले में आए थे, उनका और कोई कार्यक्रम नहीं था।

## न्यूज ब्रीफ

### मोदी यूपी को देंगे सेमीकंडक्टर और रैपिड रेल की रफ्तार



**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 और 22 फरवरी को प्रदेश को सेमीकंडक्टर विनिर्माण और अत्याधुनिक परिवहन कनेक्टिविटी का तोहफा देंगे। दोनों कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति रहेगी। शनिवार को प्रधानमंत्री वर्चुअली उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट 'इंडिया चिप' का शिलान्यास करेंगे। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के सेक्टर-28 में 48 एकड़ भूमि पर स्थापित होने वाली यह परियोजना एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप का संयुक्त उपक्रम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव परियोजना स्थल पर मौजूद रहेंगे। यह देश की पहली डिस्प्ले ड्राइवर इंटीग्रेटेड सर्किट ओसैट सुविधा होगी, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 45,000 करोड़ के जीडीपी योगदान और करीब 3,000 रोजगार सृजन की संभावना है। रविवार को पीएम मोदी मेरठ में नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। मेरठ साउथ से मोदीपुरम तक रैपिड रेल के संचालन से दिल्ली-मेरठ का सफर एक घंटे से भी कम समय में पूरा होगा। 180 किमी प्रति घंटे की डिजाइन गति और हर 10 मिनट में ट्रेन उपलब्ध होने से यातायात सुगम होगा और प्रदूषण घटेगा। साथ ही, 12 मेट्रो स्टेशनों के साथ 21 किमी की शहरी यात्रा आधे घंटे से कम में संभव होगी।

### आज किसानों को बड़ा तोहफा देंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** शनिवार सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानों और आपदा मित्रों को बड़ी राहत देंगे। पीएम फसल बीमा योजना (खरीफ 2025) के तहत 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के 3,500 परिवारों को 175 करोड़ की सहायता राशि वितरित की जाएगी। आपदा मित्रों को जीवन बीमा लाभ मिलेगा। साथ ही बागपत, शामली, कासगंज, भदोही में उप कृषि निदेशक कार्यालय व मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं, मऊरानीपुर (झांसी) में 50 शैय्या छात्रावास और लखनऊ में स्मार्ट कृषि ब्यूरो स्टूडियो का शिलान्यास होगा।

### लापता लोगों को न तलाश पाने पर डीजीपी नाराज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में 20,350 लोग लापता चल रहे हैं, लेकिन पुलिस का भारी भरकम अमला उन्हें तलाश नहीं कर सका है। उधर डीजीपी राजीव कृष्ण ने लोगों को तलाश नहीं कर पाने पर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने एक कार्य योजना तैयार की है। साथ ही सभी पुलिस अफसरों से कहा है कि वह हर माह लापता लोगों और बच्चों को तलाशने के लिए विशेष अभियान चलाएं। प्रदेश में एक जनवरी-2024 से 18 फरवरी-2026 यानी दो साल के भीतर 1,08,372 लोग लापता हो गए। हालांकि पुलिस ने 88,022 लोगों को तलाश भी कर उनके घरों तक पहुंचा दिया। अब 20,350 लोग ऐसे हैं, जो कि अपनों के पास नहीं पहुंच सके हैं। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक लापता व्यक्ति को तलाशना पुलिस की पहली प्राथमिकता है।

# विशेषाधिकार हनन और शिक्षामित्रों के मुद्दे पर तीखी बहस

## विधान परिषद : अधिकारियों के फोन न उठाने समेत कई मामलों पर सत्ता पक्ष व विपक्षी सदस्य एकमत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बजट सत्र में विधानसभा के बाद विधान परिषद में भी अधिकारियों द्वारा फोन न उठाने का मुद्दा उठा है। विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष सदस्यों ने भी सुर में सुर मिलाए। दोनों पक्षों ने शिकायत की कि जिलों में जिलाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी फोन नहीं उठाते, जिससे जनसमस्याओं के समाधान में बाधा आ रही है।

बजट सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को शून्य प्रहर में शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने जिलों के जिलाधिकारी सीयूजी नंबर खुद नहीं उठाने की सूचना दी। कहा कि उनके अर्दली फोन उठाते हैं, बात नहीं कराते हैं, जिससे समस्याओं के समाधान में दिक्कत आती है। भाजपा के उमेश द्विवेदी ने भी विधायक त्रिपाठी की सूचना का समर्थन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जिले की डीएम को पांच महीनों में कई बार फोन किया, लेकिन हर बार मैडम व्यस्त थीं। भाजपा के ही सुरेंद्र चौधरी ने बिजली विभाग के एमडी के पीआरओ द्वारा एमडी बनकर बात करने का गंभीर आरोप लगाया। सपा सदस्य जासमीर अंसारी ने कहा कि अधिकारी जब सत्ता पक्ष के विधायकों और मंत्रियों की नहीं सुन रहे और उन्हें धरने पर बैठना पड़ रहा है तो विपक्ष की कौन सुनेगा।

जवाब में नेता सदन एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आश्वासन दिया कि वह संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों से सीधे बातचीत करेंगे और समस्या का समाधान कराने का प्रयास करेंगे।

मगर, सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि यह स्थिति केवल कुछ जिलों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश के अधिकांश जिलों में यही हाल है। नेता सदन को निर्देश दिए कि सभी जिलों के जिलाधिकारियों से इस विषय में बात कर स्थिति में सुधार लाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रोटोकाल में किसी प्रकार की अनदेखी नहीं होनी चाहिए । इसी क्रम में नियम 223 अंतर्गत निर्दलीय डॉ. आकाश अग्रवाल ने 18 फरवरी 2026 को ताज महोत्सव के आयोजन में अपना नाम शामिल न किए जाने को विशेषाधिकार हनन बताया। सभापति ने संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया है। शाम 6 बजे सभापति द्वारा सदन अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गयी है।



### शिक्षकों के मुद्दे पर गरमाया सदन

शून्य काल में नियम-105 अंतर्गत सपा सदस्यों ने शिक्षा मित्रों की समस्याओं का मुद्दा उठाया, कहा कि कम मानदेय में कई कार्य कराना नियति बन चुकी है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने जवाब दिया। शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने नियम-105 अंतर्गत अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में स्ववित्तपोषित शिक्षकों के वेतन भुगतान व विनियमितीकरण की सरकार से मांग उठाई। सभापति ने मामले को प्रभावी कार्रवाई के लिए सरकार को भेजा।

### शहीद के सम्मान में कोताही नहीं : केशव मौर्य

महराजगंज के शहीद पंकज त्रिपाठी को उनके शहादत दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा सम्मान न दिए जाने का मामला विधान परिषद में भाजपा सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह ने उठाया। उन्होंने कहा कि शहीदों का सम्मान करना प्रशासन की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। सभापति ने भी चिंता जताई और कार्रवाई के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### उप मुख्यमंत्री के तंज पर भड़के सपा सदस्य

सदन की कार्यवाही के दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और सपा सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। केशव मौर्य ने तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री थे और पूर्व ही रहेंगे। इस पर सपा एमएलसी भड़क गए और पलटवार करते हुए कहा कि 15 मार्च 2027 को अखिलेश यादव बतौर मुख्यमंत्री सदन में मौजूद होंगे। इसके अलावा, सदन में मंत्रियों की अनुपस्थिति को लेकर भी सभापति ने नाराजगी जताई। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के देरी से पहुंचने पर सभापति ने उनके स्पष्टीकरण को स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

### जिला विद्यालय निरीक्षक पर भ्रष्टाचार की जांच के निर्देश

भाजपा सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह ने मिर्जापुर के जिला विद्यालय निरीक्षक पर भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच को लेकर प्रश्न उठाया। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी के जवाब से सदस्य के असंतुष्ट होने पर कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने उच्च अधिकारियों से जांच कराकर पुराने अधिकारियों एवं संबंधित जिला विद्यालय निरीक्षक पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

# वंदेभारत पर पथराव करने में दो किशोर पकड़े गए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **ट्रेन में सफर कर रहे थे संघ प्रमुख मोहन भागवत**

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक मोहन भागवत के पास वाले कोच में पथराव करने के आरोप में हरदोई आरपीएफ ने दो किशोरों को अभिरक्षा में ले लिया। दोनों किशोर आपस में मौसेरे भाई हैं। अभी तक की जांच में खुलासा हुआ है कि बच्चे वंदे भारत ट्रेन को देखने के लिए आए थे, तभी खेल-खेल में कोच पर पथराव कर दिया।

संघ प्रमुख गुरुवार को दोपहर 2 बजे के करीब वंदे भारत ट्रेन से लखनऊ से मेरठ के लिए रवाना हुए थे। जैसे ही ट्रेन अपरान्ह 3.20 बजे के करीब हरदोई जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के बलोखर फाटक के पास पहंची, तभी एक पत्थर ट्रेन के कोच की खिड़की पर पत्थर जोर से लगा। जिस कोच की खिड़की पर पत्थर लगा उसके बराबर वाले कोच में संघ प्रमुख बैठे थे। पुलिस ने तुरंत उनका कोच बदल दिया गया। उधर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम कर जीआरपी और आरपीएफ ने सीसी कैमरे तलाश कर दो किशोरों को अभिरक्षा में ले लिया। पुलिस के मुताबिक, एक बच्चे की उम्र 12 साल है, जो कि शाहजहांपुर जिले का रहने वाला है। दूसरे की उम्र 14 साल है। दोनों रिश्ते में भाई लगते हैं। दोनों को जुवेलाइन कोर्ट में पेश किया गया।

एडीजी जीआरपी प्रकाश डी. ने बताया कि सीसी कैमरों की सहायता से शुक्रवार को दो किशोर को अभिरक्षा में ले लिया गया। दोनों को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया गया।





नरक क्या है? मेरा मानना है कि यह प्रेम करने में असमर्थ होने का दुख है।
-फ्योदोर दोस्तोवस्की, रूसी साहित्यकार



# पारदर्शी जांच की उम्मीद

महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता अजित पवार की विमान दुर्घटना में हुई असामयिक मृत्यु ने राज्य ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी गहरी संवेदना और सवालों का वातावरण निर्मित किया। किसी भी हाई-प्रोफाइल दुर्घटना के बाद स्वाभाविक रूप से संशय और आशंकाएं जन्म लेती हैं। ऐसे में यक्ष प्रश्न यही है कि क्या दुर्घटना के वास्तविक कारण निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ सामने आ पाएंगे। इस संदर्भ में केंद्र सरकार और नागरिक उड्डयन मंत्रालय का रुख भरोसा जगाने वाला है।

दुर्घटना की जांच का दायित्व 'एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो' यानी एएआईबी को सौंपा गया है, जो अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन आईसीएओ के मानकों के अनुरूप कार्य करता है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी तरह तकनीकी, साक्ष्य-आधारित और राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त होगी। यह घोषणा स्वयं इस बात का संकेत है कि सरकार इस मामले को औपचारिक प्रक्रिया के रूप में नहीं, बल्कि संस्थागत विश्वसनीयता की कसौटी के रूप में देख रही है। तकनीकी स्तर पर हुई प्रगति इस प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करती है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने पुष्टि की है कि डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर या डीएफडीआर से डेटा सफलतापूर्वक डाउनलोड कर लिया गया है। यह डेटा विमान की गति, ऊंचाई, इंजन की स्थिति और पायलट के तकनीकी इनपुट्स का विस्तृत रिकॉर्ड प्रस्तुत करता है। इस आधार पर एएआईबी ने 30 दिनों के भीतर प्रारंभिक जांच रिपोर्ट जारी करने की घोषणा की है। समयबद्ध रिपोर्टिंग की यह सार्वजनिक प्रतिबद्धता पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा सकती है, हालांकि कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर यानी सीवीआर से डेटा निकालने में तकनीकी चुनौतियां सामने आई हैं, विशेषकर दुर्घटना के बाद लगी आग के कारण। इसके बावजूद सरकार ने स्पष्ट किया है कि विशेषज्ञों और निर्माता कंपनी की सहायता ली जा रही है, ताकि उपलब्ध प्रत्येक तकनीकी स्रोत का उपयोग किया जा सके। यह दृष्टिकोण इस बात को रेखांकित करता है कि जांच एजेंसियां किसी भी तथ्य को अधूरा छोड़ने के पक्ष में नहीं हैं। इस बीच विपक्ष की ओर से, विशेषकर एनसीपी (एसपी) की नेता सुप्रिया सुले द्वारा पारदर्शी और औपचारिक जांच की मांग की गई है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसी मांगें स्वाभाविक हैं। उल्लेखनीय यह है कि सरकार ने इन आवाज़ों को प्रतिरोध के रूप में नहीं देखा, बल्कि जांच की निष्पक्षता और विधिक प्रक्रिया को दोहराते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। इससे यह संकेत मिलता है कि इस मामले को राजनीतिक विवाद के बजाय सार्वजनिक विश्वास के प्रश्न के रूप में लिया जा रहा है। सरकार द्वारा संबंधित विमानन संचालन और रख-रखाव प्रक्रियाओं की समीक्षा तथा आवश्यक ऑडिट की पहल भी की गई है।

कुल मिलाकर अजित पवार विमान दुर्घटना की जांच तकनीकी संस्थाओं की क्षमता और सरकार की नीयत दोनों की परीक्षा है। अब तक के संकेत, डेटा रिकवरी, समयबद्ध रिपोर्ट की घोषणा और विशेषज्ञ सहयोग, यह दर्शाते हैं कि प्रक्रिया को गंभीरता और विधिक अनुशासन के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। यह जांच न केवल सत्य को सामने लाएगी, बल्कि सार्वजनिक विश्वास को भी सुदृढ़ करेगी।

## प्रसंगवश

# इतिहास के गर्त में समाती मातृभाषाएं

दुनिया भर में अंग्रेजी भाषा के पसरते पांव और मिल रहे संरक्षण ने विश्व में बोली जाने वाली उन सैकड़ों लोक भाषाओं के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर दिया है, जो सदियों से बोली जाती रही हैं। इस परिप्रेक्ष्य में चौकानें वाला तथ्य यह है कि विलुप्त हो रही भाषाओं में भारत के तकरीबन 196 भाषाओं का अस्तित्व भी खतरे में है। गत वर्ष पहले 'भाषा रिसर्च एंड पब्लिकेशन सेंटर' द्वारा किए गए 'भारतीय भाषाओं के लोक संरक्षण' की रिपोर्ट से उजागर हुआ था कि विगत 50 वर्षों में भारत में बोली जाने वाली 850 भाषाओं में तकरीबन 250 भाषाएं विलुप्त हो चुकी हैं। इनमें भी 130 से अधिक भाषाओं का अस्तित्व तो पूरी तरह खतरे में है। इस शोध के मुताबिक असम की 55, ओडिसा की 47, त्रिपुरा की 10, महाराष्ट्र एवं गुजरात की 50, मेघालय की 31, मणिपुर की 28, नागालैंड की 17 और त्रिपुरा की 10 भाषाएं मरने यानी खत्म होने के कगार पर हैं। इन्हें बोलने वालों की संख्या लगातार घट रही है। उदाहरण के तौर पर सिक्किम में माझी बोलने वालों की संख्या सिर्फ चार रह गई है। इसी तरह कई अन्य लोक भाषाओं के बोलने वालों की तादाद ऊंगली पर है।



अरविंद जयतिलक
लेखक


गौर करें तो यह लोक भाषाओं के अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौती है। चूंकि भारत भाषायी विविधता से समृद्ध देश है और लोक भाषाएं लोक संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती हैं, ऐसे में उनका संरक्षण और भी अधिक जरूरी हो जाता है, लेकिन विडंबना है कि भाषाओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ने के बजाए उदासीनता ज्यादा है। गौर करें तो भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर भी लोक भाषाएं तेजी से विलुप्त हो रही हैं। गत वर्ष पहले मैक्सिको की पुरानतम भाषाओं में से एक अयापनेको के विलुप्त होने की खबर अच्छी खासी चर्चा में रही, इसलिए कि अयापनेको भाषा को जानने और बोलने वाले लोगों की संख्या विश्व में महज दो रह गई है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इन शेष दो लोगों ने भी ठान लिया है कि वह आपस में इस भाषा के जरिए वार्तालाप नहीं करेंगे। मतलब साफ है कि अयापनेको भाषा का अस्तित्व मिटने जा रहा है।

विश्व की हर भाषा की अपनी ऐतिहासिकता और गरिमा होती है। प्रत्येक समाज अपनी भाषा पर गर्व करता है। अयापनेको भाषा की भी अपना एक विलक्षण इतिहास रहा है। इस भाषा को मैक्सिको पर स्पेनिश विजय का गवाह माना जाता है, लेकिन विडंबना है कि जिस अयापनेको भाषा को युद्ध, क्रांतियां, सूखा और बाढ़ लील नहीं पाया वह आज अपने ही लोगों की संवेदनहीनता के कारण अस्तित्व के दौर से गुजरने को मजबूर है। इन सबके बीच सुखद बात यह है कि इंडियाना विश्वविद्यालय के भाषायी नृविज्ञानी अयापनेको भाषा का शब्दकोष बनाकर उसे विलुप्त होने से बचाने की जुगत कर रहे हैं। पर देखा जाए तो भाषाओं के विलुप्त होने की समस्या सिर्फ अयापनेको तक ही सीमित नहीं है। विश्व के तमाम देशों में बोली जाने वाली अन्य स्थानीय भाषाएं भी दम तोड़ रही हैं।

दुनियाभर में तकरीबन 6900 भाषाएं बोली जाती हैं। इनमें से 2500 से अधिक भाषाओं के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। नतीजा इन्हें 'भाषाओं की चिंताजनक स्थिति वाली भाषाओं की सूची' में रखने के लिए मजबूर होना पड़ा है। गत वर्ष पहले संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा कराए गए एक तुलनात्मक अध्ययन से खुलासा हुआ कि 2001 में विलुप्तप्रायः भाषाओं की संख्या जो 900 के आसपास थी, वह आज बढ़कर तीन गुना के पार पहुंच चुकी है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# प्रमाणन की होड़ में दम तोड़ती अकादमिक गुणवत्ता





डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका

गलगोटिया यूनिवर्सिटी में रोबोडॉग के प्रदर्शन से जुड़ा हालिया विवाद सोशल और मुख्यधारा मीडिया में व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है। सतह पर यह मामला उपयुक्तता, प्राथमिकताओं या कैंपस संस्कृति से जुड़ा प्रतीत होता है, लेकिन वास्तविकता में यह भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में वर्षों से पनप रहे एक गहरे और संरचनात्मक संकट का केवल एक लक्षण है। समस्या रोबोडॉग नहीं है। समस्या यह है कि हमारे विश्वविद्यालय धीरे-धीरे क्या बनते चले गए हैं।

पिछले दो दशकों में भारत में उच्च शिक्षा का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। निजी विश्वविद्यालयों, स्ववित्तपोषित कॉलेजों और डिग्री संस्थानों की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। इस विस्तार को अक्सर 'शिक्षा तक पहुंच बढ़ने' और 'जनसांख्यिकीय लाभ' के रूप में प्रस्तुत किया गया, लेकिन जब यह विस्तार समानांतर नियमन, अकादमिक कठोरता और जवाबदेही के बिना हुआ, तो इसकी क़ीमत गुणवत्ता को चुकानी पड़ी। परिणाम यह हुआ कि मात्रा बढ़ी, पर गुणवत्ता गिरती चली गई।

आज देश के अधिकांश (हालांकि सभी नही) निजी विश्वविद्यालय और डिग्री कॉलेज शिक्षा के केंद्र कम और डिग्री वितरण केंद्र अधिक बन गए हैं। शिक्षा एक बौद्धिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लेन-देन बनती जा रही है। पैसे के बदले डिग्री। उपस्थिति, अकादमिक भागीदारी, प्रयोगशाला कार्य और बौद्धिक अनुशासन जैसी बातें अब अनिवार्य नहीं रहीं, बल्कि समझौते के दायरे में आ गई हैं। जो कभी उच्च शिक्षा में गैर-समझौतावादी हुआ करता था, वह अब लचीला, कमजोर और विकृत हो चुका है।

> गलगोटिया यूनिवर्सिटी में रोबोडॉग के प्रदर्शन से जुड़ा विवाद की उच्च शिक्षा व्यवस्था में वर्षों से पनप रहे एक गहरे और संरचनात्मक संकट का केवल एक लक्षण है।

यह गिरावट विशेष रूप से उन विषयों में चिंताजनक है, जहां कठोरता अनिवार्य है। सैद्धांतिक पढ़ाई का कमजोर होना एक बात है, लेकिन विज्ञान शिक्षा का खोखला हो जाना कहीं अधिक गंभीर है। आज स्थिति यह है कि छात्र बिना नियमित कक्षाओं में गए और बिना प्रयोगशाला में व्यावहारिक प्रशिक्षण लिए विज्ञान जैसे विषयों में स्नातक और परास्नातक डिग्रियां प्राप्त कर रहे हैं। प्रयोगात्मक कार्य, जो कभी वैज्ञानिक प्रशिक्षण की रीढ़ हुआ करता था, अब औपचारिकता बनकर रह गया है। डिग्रियां तो दी जा रही हैं, लेकिन दक्षता सुनिश्चित नहीं की जा रही।

इस खोखलेपन के परिणाम तब स्पष्ट होते हैं, जब छात्र नौकरी के लिए सामने आते हैं। रसायन विज्ञान में परास्नातक छात्र बुनियादी वैज्ञानिक अवधारणाएं नहीं समझ पाता। कॉमर्स स्नातक डेबिट और क्रेडिट की मूल अवधारणा स्पष्ट नहीं कर पाता। प्रबंधन की डिग्री रखने वाला छात्र समस्या-समाधान और आलोचनात्मक सोच में कमजोर दिखाई देता है। ये कोई इक्का-दुक्का उदाहरण नहीं, बल्कि उद्योग जगत द्वारा बार-बार देखी जा रही सामान्य प्रवृत्तियां हैं। स्वाभाविक रूप से इससे छात्रों और अभिभावकों में निराशा पैदा होती है। वर्षों की पढ़ाई और भारी आर्थिक निवेश के बावजूद जब रोजगार नहीं मिलता, तो सवाल उठते हैं। माता-पिता यह पूछने में बिल्कुल सही होते हैं कि पढ़ाई के बाद भी बच्चा बेरोज़गार क्यों है? रोजगार सृजन एक नीतिगत चुनौती है, लेकिन यह विमर्श एक असहज सच्चाई को नज़रअंदाज़ कर देता है कि बड़ी संख्या में स्नातक वास्तव में रोजगार-योग्य ही नहीं हैं।

यहीं से मूल प्रश्न जन्म लेता है। यदि छात्रों में आवश्यक ज्ञान और कौशल नहीं है, तो उन्हें योग्य घोषित करने वाली डिग्रियां उन्हें कैसे मिल गईं? ऐसी संस्थाओं को बिना अकादमिक गुणवत्ता सुनिश्चित किए प्रमाणपत्र बांटने की अनुमति किसने दी? इसका उत्तर हमें उच्च शिक्षा के नियामक ढांचे में मिलता है। भारत में उच्च शिक्षा की देखरेख कई मंत्रालयों, विभागों और नियामक संस्थाओं द्वारा की जाती है, जिनका घोषित उद्देश्य मानकों की रक्षा, गुणवत्ता सुनिश्चित करना और अकादमिक ईमानदारी बनाए रखना है।

मान्यता प्रणालियां, निरीक्षण, मूल्यांकन और अकादमिक ऑडिट इसी उद्देश्य से बनाए गए थे, लेकिन व्यवहार में ये प्रक्रियाएं अक्सर वास्तविक मूल्यांकन के बजाय औपचारिक अनुष्ठान बनकर रह गई हैं। निरीक्षण प्रायः पूर्व-निर्धारित होते हैं। दस्तावेज़ औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए सजाए जाते हैं। इमारतों और बुनियादी ढांचे को शिक्षण गुणवत्ता पर प्राथमिकता दी जाती है। अनुपालन को सीखने के परिणामों से ऊपर रखा जाता है। छात्रों का वास्तविक अकादमिक अनुभव, शिक्षण की गुणवत्ता, परीक्षा की कठोरता और जिज्ञासा की संस्कृति, इन पर गंभीर और निरंतर निगरानी शायद ही होती है। नतीजतन, संस्थान शिक्षा सुधारने के बजाय नियामकों को 'मैनेज' करना सीख लेते हैं।

इस नियामक शिथिलता ने एक दुष्चक्र को जन्म दिया है। संस्थान न्यूनतम अकादमिक जवाबदेही के साथ चलते रहते हैं, नियामक निगरानी का आभास बनाए रखते हैं और डिग्रियां लगातार जारी होती रहती हैं। इस व्यवस्था की क़ीमत न तो संस्थान चुकाते हैं, न ही नियामक बल्कि छात्र, नियोक्ता और समाज चुकाता है। विडंबना यह है कि एक ओर उद्योग जगत योग्य मानव संसाधन की कमी की शिकायत करता है, वहीं दूसरी ओर देश शिक्षित बेरोज़गारी के गंभीर संकट से जूझ रहा है। यह कोई विरोधाभास नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का स्वाभाविक परिणाम है, जहां प्रमाणपत्र को क्षमता से ऊपर रखा गया है। कंपनियां नए कर्मचारियों को फिर से प्रशिक्षित करने पर भारी ख़र्च करने को मजबूर हैं, जबकि युवा पेशेवर आत्मविश्वास की कमी और करियर ठहराव से जूझते हैं। इस व्यवस्था का सबसे बड़ा शिकार वे ईमानदार और प्रतिभाशाली छात्र हैं, जो अक्सर विकल्पों की कमी या भ्रामक ब्रांडिंग के कारण औसत संस्थानों में दाख़िला ले लेते हैं। वे मेहनत करते हैं, सीखना चाहते हैं, लेकिन अंततः उन्हें अपनी काबिलियत से ज़्यादा अपनी मार्कशीट पर दर्ज संस्थान के नाम का बोझ उठाना पड़ता है। उनकी व्यक्तिगत योग्यता संस्थागत विश्वसनीयता की कमी में दब जाती है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने




रमजान के नाम पर बेवजह लाउडस्पीकर बजाकर बच्चों की पढ़ाई और बीमार लोगों की सेहत से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों और सरकारों की ओर से बनाए गए कानून का पालन करना चाहिए। मुझे अजान से दिक्कत नहीं है।

-बालमुकुंद आचार्य
बीजेपी विधायक, राजस्थान

बीजेपी विधायक खुद ही एक लाउडस्पीकर हैं, जो हमेशा नफरती बोल बोलते रहते हैं। इन्हें दूसरों से क्या परेशानी होगी, ये तो खुद सड़क से लेकर विधानसभा सदन तक लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। आचार्य बीजेपी की ही भाषा बोल रहे हैं।

-घनश्याम महर
कांग्रेस विधायक
राजस्थान



# राज्यों के चुनाव और भाजपा की स्थिति



डॉ. विकास शुक्ला
चिकित्सक

इस साल केरल, असम, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में भाजपा की सरकार है तो पुडुचेरी में भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए सत्ता में है। भाजपा इन राज्यों की सत्ता में पुनः वापसी करने की भरपूर कोशिश कर रही है, तो पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के हाथों से सत्ता छीन कर वहां पहली बार सरकार बनाने का सपना संजोए हुए है। पार्टी को उम्मीद है कि वह केरल और तमिलनाडु में मजबूत स्थिति में उभरेगी। इन राज्यों के चुनाव भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के लिए भी चुनौती हैं, क्योंकि उनकी ताजपोशी के बाद पहला चुनाव होने जा रहा है। इन चुनावों में उनके रणनीतिक कौशल का भी प्रदर्शन होगा।

बिहार में मिली अभूतपूर्व सफलता से भाजपा उत्साहित है। पार्टी के रणनीतिकारों को लगता है कि इस बार वे पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज हो जाएंगे। माना जा रहा है कि बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से बाहर हुए हैं। पार्टी वहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मुस्लिम तुष्टीकरण के आरोप भी लगाती रही है। इसी को मुद्दा बनाकर भाजपा ने वहां मतदाताओं को अपने पक्ष में लामबंद करने के प्रयास शुरू किए हैं।

> इस साल होने वाले पश्चिम बंगाल के चुनाव में बीजेपी जीत का परचम लहराना चाहती है, लेकिन यहां पार्टी का अंतर्कलह उसके लिए सर दर्द है।

तृणमूल कांग्रेस को लगता है कि वह जनकल्याणकारी योजनाओं के दम पर पुनः सत्ता पा लेगी, हालांकि वहां भाजपा की निगाहें अभी कांग्रेस और वामपंथी दलों के कदम पर टिकी हुई हैं। कांग्रेस अभी ममता बनर्जी के साथ भी गठजोड़ करने को आतुर दिख रही है, लेकिन अभी उसे कोई भाव नहीं मिला है। कांग्रेस चाहेगी कि इस चुनाव में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराए, पर यह तभी संभव है, जब उसका वामपंथी दलों या ममता की पार्टी के साथ गठजोड़ हो।

भाजपा को भी पार्टी के आतंरिक कलह को खत्म करना होगा। ऐसे कई वरिष्ठ नेता हैं, जो नाराज हैं। उन्हें लगता है कि दूसरे दलों से आए नेताओं को भाव ज्यादा मिल रहा है और उन्हें किनारे किया जा रहा है। इसका लाभ ममता बनर्जी को पिछले चुनाव में मिला था। आतंरिक कलह खत्म हो, इसके लिए भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रणनीतिकार पूरी शिद्दत से काम कर रहे हैं। यह आंतरिक कलह ही बड़ी चुनौती है। 2021 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने 213 सीटें जीतीं थीं, जबकि भाजपा को 77 सीटों से संतोष करना पड़ा था। भाजपा यहां कांग्रेस के मतदाताओं पर भी निगाह लगाए हुए है।

बात अगर असम की करें, तो यहां की सत्ता में भाजपा की तीसरी बार वापसी हो सकती है। मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सर्मा के आक्रामक हिंदुत्व वाले दांव से विरोधी परेशान हैं। 2021 में 75 सीटें जीतने वाले बीजेपी गठबंधन को इस बार और अधिक सीटें मिलने की उम्मीद है। यहां पार्टी एकजुट नजर आती है, लेकिन कांग्रेस को लगता है कि वह सत्ता विरोधी लहर का लाभ उठा सकती है, इसीलिए वहां प्रियंका गांधी और राहुल गांधी अभी से सक्रिय हो गए हैं। कांग्रेस यहां गौरव गोगोई के नेतृत्व में चुनाव लड़ने को तैयार है, तो हिमंता लगातार गौरव गोगोई को भारत विरोधी सिद्ध करने में लगे हुए हैं।

मुस्लिम वोटों के दम पर वहां मजबूती से डटी एआईयूडीएफ अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का मुद्दा उठाकर भाजपा को घेर रही है। भाजपा को लगता है कि यह मुद्दा जितना दमदारी से उठेगा, उसे सत्ता वापसी करने में उतनी ही आसानी होगी। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन जल्द ही इस राज्य का दौरा कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के कई दौरे यहां हो चुके हैं।

तमिलनाडु में एमके स्टालिन के नेतृत्व में डीएमके की सरकार है। भाजपा यहां अन्नाद्रमुक के साथ उन्हें सत्ता से हटाने के लिए लड़ रही है। डीएमके का कांग्रेस से गठजोड़ है। उम्मीद लगाई जा रही है कि यह गठबंधन टूट जाएगा। यदि ऐसा होता है, तो भाजपा और अन्नाद्रमुक के लिए बड़ा फायदा होगा। यहां बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। इस मुद्दे को भाजपा और उसके सहयोगी दल उभार रहे हैं, तो सबसे बड़ी चुनौती अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके भी पेश कर रही है। कांग्रेस इस चुनाव में अभिनेता विजय के साथ मैदान में उतरना चाहती है। यहां भाजपा हिंदुत्व के मुद्दे को उभार रही है।

केरल में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट सत्ता में है। इस फ्रंट ने 2021 में 99 सीटें जीतीं थीं। यहां मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन बड़ी चुनौती है, लेकिन भाजपा मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटी है। यहां भी भाजपा हिंदुत्व के सहारे है, तो पुडुचेरी में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस के मुखिया एन. रंगासामी मुख्यमंत्री हैं। भाजपा को यहां यकीन है कि वह पुनः सत्ता में वापसी करेगी, हालांकि इस राज्य में मुद्दा हिंदुत्व नहीं, बल्कि विकास का है और इसी मुद्दे पर भाजपा और उसके सहयोगी दल मैदान में हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# फागुन पूर्णिमा का बसंतोत्सव

फागुन का महीना हिंदी भाषी प्रदेशों में होली की मस्ती लेकर आता है। ठंड की विदाई की घोषणा होली के दिन के साथ ही मानी जाती है। रंगों और फूलों के इस मौसम से भला गुरुदेव रवींद्रनाथ का स्वप्न-संसार शांति निकेतन कैसे अछूता रहता। स्वयं गुरुदेव ने बसंत का स्वागत करने के लिए आश्रम के निवासियों के लिए बसंतोत्सव का आरंभ किया। हर साल यह फाल्गुन पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है।



सुधा सिंह
शिक्षाविद्

गुरुदेव ने अपने संस्मरण में लिखा है, 'शांति निकेतन आकर ही मैं अपने जीवन में पहले पहल विश्व-प्रकृति के बीच उन्मुक्त हो सका था।' शांति निकेतन में प्रकृति अपने स्वच्छंद रूप में दिखती है, लेकिन यह उन्मुक्तता यहां अपने संपूर्ण रूप में बसंतोत्सव के दिन मुखरित दिखाई देती है।

बसंतोत्सव की प्रतीक्षा अन्य सभी आश्रमवासियों की तरह मुझे भी होती थी। इस समय सारा वातावरण ही तरह-तरह के फूलों और पत्तों से मह-मह करता है। मेरे अत्यंत पुराने और उसी अनुपात जर्जर दो तल्ले के घर, जिसका नाम 'प्राक्तनी' था, के सामने एक बहुत बड़ा बागान था। इसमें कई तरह के पेड़-पौधे लगे हुए थे- आम, शरीफा, बेर, अमरूद, जामुन आदि के पेड़ तथा रातरानी, छातिम, कचनार, रक्तजवा आदि फूलों के पौधे थे।

प्रवेशद्वार पर लोहे के फाटक के ठीक दोनों तरफ दो पलाश के बड़े-बड़े पेड़ थे, जो फागुन के महीने में लाल-लाल दहक कर पूरे परिवेश पर अपना वर्चस्व क़ायम कर लेते थे। सड़क के उस पार ठीक सामने उतने ही बड़े बागान के बीच बना छोटा-सा सादा और सुंदर अमृता सेन (अमर्त्य सेन की मां) का घर 'प्रतीची' है।

बसंतोत्सव की उद्घोषणा के पंद्रह-बीस रोज पहले से मेरे घर के लोहे के फाटक के दोनों ओर लगे इस पेड़ की पहरेदारी जैसी करनी पड़ती थी। सारे प्रयत्नों के बाद भी दोल या बसंतोत्सव के दिन सुबह-सुबह उठने पर एक ही नजारा हुआ करता था, बेचारे पलाश वृंतच्युत हो चुके होते थे। नंगी डालियां और जमीन पर नुचे-गिरे कुछ पलाश के फूल अमूमन यही दृश्य होता था। ऐसा इसलिए होता था कि कालिदास की शकुंतला की तरह या पुरा-मिथकों की अप्सराओं-किन्नरियों की तरह रूपसी शांति निकेतनी बालाओं का साज-सिंगार बसंतोत्सव के दिन लाल पलाश के फूल ही होते थे। उनकी बासंती रंग की साड़ी और शांति निकेतनी उत्तरीय के साथ हाथ, गले, कान और केश-सभी में गहनों का स्थानापन्न पलाश के फूल बनते थे। इस कारण बाजार में इनकी मांग बढ़ जाती थी। -फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# कदम-कदम पर पहचान के लिए लड़ती स्त्री

हर शाम जब वह अपने दफ़्तर से लौटकर घर का दरवाज़ा खोलती है, तो केवल ताला नहीं खुलता, बल्कि समाज की संदेहभरी निगाहें भी उसके साथ भीतर प्रवेश कर जाती हैं। वह शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरी एक आधुनिक महिला है, जो अपनी गाड़ी स्वयं चलाती है। किताबों में सुकून तलाशती है और अपने सपनों की दुनिया खुद गढ़ती है, लेकिन समाज की नजर में उसकी यह सफलता सम्मान का कारण नहीं बनती, बल्कि उसे 'समस्या' का रूप दे देती है। आज लाखों महिलाएं अविवाहित, तलाकशुदा या विधवा होकर आत्मसम्मान से जी रही हैं, फिर भी उन्हें अधूरा मान लिया जाता है। मानो विवाह ही स्त्री के अस्तित्व की अंतिम स्वीकृति हो। यही सीमित सोच उन्हें सराहना के बजाय संदेह और सवालों के कटघरे में खड़ा कर देती है।

यह मानसिकता अचानक उत्पन्न नहीं हुई, बल्कि सदियों पुरानी परंपराओं की गहराइयों से निकली है। समाज ने स्त्री को सदैव किसी न किसी पुरुष की छाया में देखने की आदत बना ली है। पिता, पति और पुत्र, इन्हीं के माध्यम से उसके जीवन की पहचान तय कर दी गई। आज भी अनेक परिवार विवाह को ही स्त्री की सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार शहरो में अविवाहित महिलाओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है, फिर भी सामाजिक सोच अब तक पिछड़ेपन से मुक्त ीं हो सकी है। स्वतंत्र और आत्मनिर्भर महिला को व्यवस्था के लिए खतरा माना जाता है, क्योंकि वह पारंपरिक सत्ता संरचना को चुनौती देती है और स्थापित मान्यताओं को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा कर देती है।



कृति जैन
लेखिका

इस भय का सबसे गहरा प्रभाव महिलाओं के रोज़मर्रा के जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मकान मालिक उन्हें किराए पर घर देने से हिचकिचाते हैं, पड़ोसी कानाफूसी करते हैं और रिश्तेदार बार-बार विवाह की याद दिलाकर मानसिक दबाव बढ़ाते हैं। कार्यस्थल पर भी उन्हें अलग दृष्टि से देखा जाता है, मानो उनकी योग्यता नहीं, बल्कि उनका वैवाहिक दर्जा ही उनकी पहचान हो। पुरुषों का अविवाहित रहना सामान्य माना जाता है, किंतु किसी महिला का अकेले रहना उसके चरित्र पर प्रश्नचिह्न लगा देता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जहां अविवाहित या विधवा महिलाओं को सामाजिक बहिष्कार और उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। यह दोहरा मापदंड धीरे-धीरे महिलाओं की आत्मविश्वास और मानसिक शक्ति को कमजोर करने का माध्यम बन जाता है।

अकेली महिलाओं की कठिनाइयां केवल सामाजिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संस्थागत ढांचों में भी गहराई से समाई हुई हैं। संपत्ति अधिकार, बैंक ऋण, बीमा योजनाएं और अनेक सरकारी सुविधाएं आज भी विवाहितों को प्राथमिकता देती हैं। व्यवस्था अब तक यही मानकर चलती है कि महिला का जीवन किसी पुरुष के सहारे ही पूर्ण होता है। जब वह अपने बल पर आगे बढ़ती है, तो उसे अपवाद की तरह देखा जाता है। यह मानसिकता वास्तव में पितृसत्ता की असुरक्षा को उजागर करती है। पुरुष-प्रधान व्यवस्था को भय है कि यदि महिलाएं बिना किसी सहारे के सफल हो गईं, तो नियंत्रण और प्रभुत्व की दीवारें स्वतः ढह जाएंगी। इसी कारण अविवाहित रहना आज केवल निजी पसंद नहीं, बल्कि एक सशक्त सामाजिक विद्रोह बन चुका है। जब कोई महिला स्पष्ट कहती है कि उसे अभी या कभी विवाह नहीं करना, तो वह परंपराओं को सीधी चुनौती देती है। वह यह सिद्ध करती है कि पहचान केवल पत्नी या मां बनकर ही नहीं बनती। यह विद्रोह दहेज, घरेलू हिंसा और भावनात्मक शोषण जैसी कुरीतियों के विरुद्ध भी आवाज़ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# शब्द रंग

मुरुदेश्वर कर्नाटक राज्य में अरब सागर के किनारे स्थित भटकल नगर से 13 किमी दूर स्थित उत्तर कन्नड़ जिले का एक धार्मिक और पर्यटन के लिए प्रसिद्ध नगर है। यहां विश्व की दूसरी सबसे बड़ी 123 फिट ऊंची भगवान शिव की मूर्ति स्थापित है। इसे अरब सागर में बहुत दूर से देखा जा सकता है। इस मूर्ति को इस तरह बनाया गया है कि सूरज की किरणें पड़ने से यह चमकती रहे। इसे बनाने में दो साल लगे थे और शिवमोग्गा के काशीनाथ और अन्य मूर्तिकारों ने बनाया था।

## समुद्र का सौंदर्यपूर्ण संगम

# मुरुदेश्वर







आचार्य अमरेश मिश्र
पीठाधीश्वर शकुंतला शक्ति पीठ विकास नगर, कानपुर

बेंगलुरु से मुरुदेश्वर पहुंचने के लिए हमने ट्रेन का चुनाव किया। रोज शाम 6.50 बजे बेंगलुरु से चलने वाली पंचगंगा एक्सप्रेस दूसरे दिन सुबह छह बजे मुरुदेश्वर पहुंचा देती है। मंदिर स्टेशन के पास ही स्थित है, लेकिन हमने पहले होटल पहुंचने का निश्चय किया। मुरुदेश्वर का सागरतट काफी खूबसूरत माना जाता है। पर्यटकों को यहां धार्मिक स्थल के साथ प्राकृतिक सुंदरता का आनंद भी मिलता है। कंदुका पहाड़ी पर, तीन ओर से पानी से घिरा मुरुदेश्वर मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। यहां भगवान शिव का आत्मलिंग स्थापित है। यहां का राजा गोपुरा या राज गोपुरम विश्व में सब से ऊंचा गोपुरा माना जाता है। यह 20 मंजिल के बराबर करीब 249 फीट ऊंचा है। इस विशाल मीनार जैसे गोपुरम में लिफ्ट लगी है, जिसके ऊपर से अरब सागर और भगवान शिव की प्रतिमा का अद्भुत नजारा नजर आता है। इस गोपुरम को एक स्थानीय व्यवसायी ने बनवाया था। द्वार पर दोनों तरफ सजीव हाथी के बराबर ऊंची हाथी की मूर्तियां बनी हैं। मंदिर में दर्शन के लिए जींस-टीशर्ट की मनाही है। मुरुदेश्वर मंदिर हिंदू स्थापत्य शैली (द्रविड़ शैली) में बना है, जिसमें चालुक्य और काम्बा राजवंश की मूर्तिकला-शैली और ग्रेनाइट निर्माण देखने योग्य है। यहां अब पर्यटकों की बढ़ती संख्या देखते हुए स्कूबा डाइवंग और वॉटर स्पोर्टस के भी इंतजाम किए गए हैं।

### पौराणिक कथा


मुरुदेश्वर मंदिर में भगवान शिव का आत्मलिंग स्थापित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, रावण ने अमरता का वरदान पाने के लिए भगवान शिव की कठिन तपस्या की। इससे प्रसन्न भगवान शिव ने उसे एक शिवलिंग दिया, जिसे 'आत्मलिंग' कहा जाता है। शिव ने कहा कि अगर तुम अमर होना चाहते हो, तो इसे लंका ले जाकर स्थापित कर देना, लेकिन एक बात ध्यान रखना कि इसे जिस स्थान पर रख दोगे, ये वहीं स्थापित हो जाएगा। रावण के अजेय होकर पृथ्वी को नष्ट करने की आशंका से भयभीत होकर नारद तुरंत गणेश जी के पास पहुंचे और एक योजना बनी। रावण संध्याकाल में विशेष उपासना करता था। जब वह गोकर्ण के पास था, तब भगवान विष्णु ने अपनी शक्ति से संध्याकाल का भ्रम उत्पन्न किया। गणेश जी ब्राह्मण बालक के रूप में रावण के सामने पहुंचे। रावण ने उनसे प्रार्थना समाप्त होने तक आत्मलिंग को थामे रखने का अनुरोध किया, लेकिन गणेश जी ने आत्मलिंग को धरती पर रख दिया। इसी बीच विष्णु ने अपना सुदर्शन चक्र हटा लिया, जिससे रावण ने सूर्य का प्रकाश देखा और खुद को ठगा हुआ महसूस किया। उसने आत्मलिंग को हटाने का बहुत प्रयास किया पर वह स्थापित हो चुका था।

### पास ही में घूम सकते हैं फोर्ट

मुरुदेश्वर मंदिर के बाद मुरुदेश्वर फोर्ट घूमने जा सकते हैं। मंदिर के पास होने के कारण बड़ी संख्या में सैलानी यहां जाते हैं। इस फोर्ट के ऊपर से सामने सिर्फ नीले रंग का पानी ही पानी दिखाई देता है। इस फोर्ट का इतिहास विजयनगर साम्राज्य के राजाओं से जोड़ा जाता है। कहा जाता है कि टीपू सुल्तान के बाद किसी ने भी मुरुदेश्वर फोर्ट का जीर्णोद्धार नहीं कराया। फोर्ट का कुछ हिस्सा अब खंडहर में तब्दील हो चुका है।

### कैसे पहुंचें

मुरुदेश्वर से मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 165 किलोमीटर दूर स्थित है। हवाई अड्डे से टैक्सी या बस से मुरुदेश्वर जा सकते हैं। रास्ते में हरे-भरे वातावरण और तटीय परिदृश्यों के मनोरम दृश्य देखने को मिलते हैं। मुरुदेश्वर में रेलवे स्टेशन भी है, जो मंगलुरु, बेंगलुरु और मुंबई से जुड़ा है। रेलवे स्टेशन से ऑटो-रिक्शा से मंदिर पहुंच सकते हैं। मुरुदेश्वर के लिए मंगलुरु, उडुपी और बेंगलुरु जैसे शहरों से नियमित बस सेवाएं



उपलब्ध हैं। कार से यात्रा करने पर एनएच-66 से सफर करते हुए अरब सागर के किनारे मनोरम दृश्यों का आनंद उठा सकते हैं।

---

जॉब का पहला दिन

## जब सपना बना सकारात्मक परिवर्तन का संकल्प



कृष्ण कुमार मिश्र
प्रधानाचार्य, अयोध्या

मेरा बचपन से ही शिक्षक बनने का सपना था। विद्यालय के दिनों में जब मैं अपने गुरुओं को श्रद्धा और सम्मान के साथ देखता, तो मन में यही आकांक्षा जन्म लेती कि एक दिन मैं भी ज्ञान का दीप प्रज्वलित करूंगा। वह स्वप्न 4 जुलाई 1994 को साकार हुआ, जब मैंने अपने शिक्षकीय जीवन की पहली पारी शुरू की। वह दिन आज भी स्मृतियों में उसी ताजगी के साथ अंकित है।

पहले दिन मैं ऊर्जा, उत्साह और हल्की-सी घबराहट के मिश्रित भावों से भरा विद्यालय पहुंचा। परिसर में प्रवेश करते ही बच्चों की चहचहाहट और प्रार्थना की धुन ने मन को अद्भुत सुकून दिया। प्रार्थना सभा में जब मेरा परिचय समस्त विद्यार्थियों और शिक्षकों से कराया गया, तो हृदय गर्व से भर उठा। उसी क्षण मुझे कक्षा अध्यापक का दायित्व भी सौंपा गया। यह विश्वास मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ उत्तरदायित्व का संकेत था।

सभा के उपरांत शिक्षा अधिकारी श्री जीपी वंतू ने मुझे अपने कक्ष में बुलाया। उन्होंने मुस्कुराते हुए मेरी शक्तियों और कमजोरियों के बारे में पूछा। मैंने निस्संकोच कहा कि अनुशासन और नैतिक मूल्यों के प्रति मेरी दृढ़ आस्था मेरी सबसे बड़ी शक्ति है। साथ ही स्वीकार किया कि कभी-कभी शीघ्र क्रोध आ जाना मेरी कमजोरी रही है, पर मैं स्वयं को निरंतर सुधारने का प्रयास करता रहूंगा। मेरी स्पष्टवादिता से वे संतुष्ट दिखे और मुझे शुभकामनाएं दीं। पहली बार जब मैं



अपनी कक्षा में पहुंचा, तो उत्सुक निगाहें मुझे देख रही थीं। मैंने औपचारिकता छोड़कर संवाद का रास्ता चुना। बच्चों से उनके सपनों, रुचियों और खेलकूद के बारे में बात की। खेल मेरा प्रिय क्षेत्र रहा है और इसी माध्यम से विद्यार्थियों से आत्मीय संबंध स्थापित करने की शुरुआत हुई। मुझे लगा कि शिक्षक का दायित्व केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, चरित्र निर्माण और जीवन मूल्यों के संवर्धन से भी गहराई से जुड़ा है। उस दिन घर लौटते समय मन में संतोष और संकल्प दोनों थे।

संतोष इस बात का कि मेरा स्वप्न साकार हुआ और संकल्प इस बात का कि मैं अपने विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का कारण बनूंगा। रात को देर तक मैं उसी दिन की घटनाओं को याद करता रहा और भविष्य की योजनाएं बनाता रहा। सचमुच, वह पहला दिन मेरे जीवन की दिशा तय करने वाला अविस्मरणीय अध्याय बन गया।

---

## बैगपाइप: पहाड़ों की सांसों में बसा सुर

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी



आप पहाड़ की शांत सुरम्य वादियों में हों और दूर कहीं कोई छोटा सा गांव बसा हो। अचानक वहां से सुरीली सी स्वर लहरियां आकर हवा में बिखरने लगें, तो सोचिए कितना सुंदर अनुभव होगा। ऐसा ही अनुभव होता है बैगपाइप को सुनकर यानी हमारी भाषा में मशक बीन या जिसे बीन बाजा भी कहते हैं। मशक बीन जैसे ही अपने स्वर बिखेरती है, तो पहाड़ जीवंत होने लगते हैं, पत्ता-पत्ता मुस्कराने लगता है और फूलों में निखार आ जाता है। अंग्रेज भारत आए और अपने साथ ग्रेट ब्रिटेन के उत्तरी भाग में स्थित स्कॉटलैंड का वाद्य यंत्र बैगपाइप भी साथ लाए। फिर ब्रिटिश आर्मी के बैंड में इसे इस्तेमाल किया गया। आर्मी में शामिल भारतीय सैनिकों को भी इसे सीखने का अवसर मिला।

प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भी भारतीय सैनिकों ने इसका खूब अभ्यास किया। यह बैगपाइप भारत का खासकर कुमाऊं और गढ़वाल का होकर रह गया, शायद इसलिए कि स्कॉटलैंड की आबोहवा और प्रकृति उत्तराखंड के सुरम्य वातावरण से काफी हद तक मेल खाती है। संगीत यूं भी भौगोलिक सीमाओं और सात समंदर की दूरियों को नहीं जानता। हमारे लोक संगीत के साथ इसका अटूट नाता बन गया। मशक बीन का साथ मिला, तो लोकगीतों की ध्वनि मशक बीन के माध्यम से निकालने लगी। यह इतना लोकप्रिय हुआ कि इसने यहां के कई परंपरागत वाद्य यंत्रों को पीछे छोड़ दिया। इसे मशक बीन का नाम दिया गया।

मशक यानी पानी की थैली। बचपन में मैदानी क्षेत्रों में भिश्ती को मशक लेकर नालियों को साफ करते देखा था। इस यंत्र की थैली भी बिल्कुल वैसी ही होती हैं। भिश्ती शब्द फारसी शब्द से लिया गया है। पुराने समय में मशक में पानी लेकर युद्ध क्षेत्र में सैनिकों को पानी पिलाकर सेवा करना भिश्ती का ही काम होता था। पांच पाइपों वाला यह एक वायु वाद्य है, जिसे बांसुरी या शहनाई जैसे अन्य वाद्य यंत्रों की तरह ही फूंक मारकर बजाया जाता है। इटली, फ्रांस, इंग्लैंड से होता हुआ यह एशिया की सैर करने आ पहुंचा।

कई पड़ोसी देशों जैसे पाकिस्तान, अफगानिस्तान और नेपाल में भी लोकप्रिय हो गया और पाकिस्तान के सियालकोट और भारत के जालंधर शहर में बनाया जाने लगा। बैगपाइप यानी मशक बीन में चमड़े की थैली में चार छेद होते हैं, जिनमें से एक पाइप नीचे की तरफ और तीन ऊपर की तरफ लगे होते हैं। एक पाइप बैग से जुड़ा रहता है, जिसमें वादक फूंक मारता है और दूसरे पाइप को अपनी उंगलियों से नियंत्रित करता है और ऊपर की तरफ निकलने वाले तीन पाइप जो कंधे पर टिकाए गए होते हैं, उनके माध्यम से सुरीले स्वर निकलते हैं।

बैगपाइप का जिक्र आने पर सबसे पहले स्कॉटलैंड का ग्रेट हाइलैंड बैगपाइप का ही ध्यान आता है, क्योंकि 15 वीं शताब्दी से ही यह वहां के कबीले की संस्कृति में शामिल था। इसकी शुरुआत अक्सर ग्रामीण जीवन के साथ जोड़कर देखी जाती है। ऊब और थकान से बचने के लिए चरवाहे जानवर चराते समय इसे बजाकर मनोरंजन किया करते थे। इसे बनाने के लिए मरे हुए जानवरों का चमड़ा और बांस भी उन्हें जंगल और चारागाह में आसानी से उपलब्ध हो जाता होगा। समय के साथ-साथ इसे मशाल इंस्ट्रूमेंट के तौर पर विकसित किया गया।

आज के समय में दुनियाभर में लकड़ी और ब्रास से बनाए गए सौ से ज्यादा तरह के बैगपाइप प्रचलन में हैं। पारंपरिक रूप में यह बकरी या भेड़ की खाल को सुखाकर बनाया जाता है और इसमें इस्तेमाल किए जाने वाले पाइप, जिन्हें चेंटर भी कहते हैं, बांसुरी की ही तरह बांस के होते हैं। 1947 में अंग्रेज चले गए पर मशक बीन भारतीय सैनिकों के दिलों दिमाग में रच बस गया।



धीरे-धीरे न जाने कैसे यह हमारे संस्कृतिक समारोहों और वैवाहिक उत्सवों में शरीक हो गया। यह भारतीय सेना का भी अनिवार्य हिस्सा बन गया।

कुमाऊं रेजीमेंट के अभ्यास और कार्यक्रम के दौरान मशक बीन के सुरीले स्वर वातावरण में मिठास खोल देते हैं। चाहे रानीखेत का सोमनाथ ग्राउंड हो या अल्मोड़ा का कैंट एरिया। पूर्व सैनिक तो इस पर स्कॉटिश धुन बजाने में भी माहिर हैं। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर राजपथ में होने वाले आयोजन में, जिसमें देसी-विदेशी मेहमानों की उपस्थिति में विशेष परिधान में सजी-धजी सेना की टुकड़ियां इस वाद्य यंत्र के साथ धुन निकालते हुए कदमताल करती हैं। यह धुन इतनी असरकारी है कि पूरा वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज जाता है। इसी तरह सार्वजनिक उत्सवों में अगर ढोल-दमाऊ के साथ मशक बीन की संगत न हो, तो रंगत फीकी सी लगती है। बेडू पाको बारो मासा और कैलै बाजे मुरूली जैसे गीत और मशक बीन एक दूसरे के पर्याय हैं। इन गीतों की धुन मशक बीन पर सुनते ही पैर खुद-ब-खुद थिरकने लगते हैं।

कुमाऊं के छोलिया नृत्य और गढ़वाल के पौणा नृत्य के दौरान मशक बीन की उपस्थिति पैरों की थिरकन और हृदय की धड़कन दोनों को बढ़ा देती है। लोक गीतों के अलावा देश भक्ति गीत, मार्शल म्यूजिक, पश्चिमी धुन, जैज, रॉक, क्लासिकल, फिल्मी गीत सभी बैगपाइप के मदद से बड़ी शान से बजाते हैं। कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स में भी इसका जलवा है। इसे बजाना बहुत मेहनत और लगन का काम है। चूंकि यह पाइप में मुंह से हवा भर के बजाया जाता है, तो फेफड़ों की बढ़िया एक्सरसाइज हो जाती है। इसमें धुन तभी निकलती है, जब बैग में हवा भरी हो।

---

अनुभूति

## जन्मदिन: जीवन के सफर का उत्सव






प्रिंस श्रेयश
शिक्षक

बचपन में जन्मदिन किसी त्योहार से कम नहीं होता था। सुबह से ही घर में हलचल शुरू हो जाती थी। मां रसोई में कुछ खास बनाती थीं, पिताजी मुस्कुराते हुए आशीर्वाद देते थे, रिश्तेदार फोन करते थे या घर आकर गले लगाते थे। एक छोटा-सा केक, कुछ मोमबत्तियां और ढेर सारा स्नेह, बस इतना ही तो चाहिए था खुश होने के लिए। उस समय जन्मदिन केवल तारीख नहीं, बल्कि अपने होने का उत्सव था। फिर समय बदला। बड़े हुए तो जन्मदिन का अर्थ बदल गया। दोस्तों के साथ पार्टी, हंसी-मजाक, देर रात तक जश्न यह सब जन्मदिन की पहचान बन गया। परिवार की जगह दोस्तों का दायरा बढ़ गया। खुशी वही थी, पर रूप अलग था। उस उम्र में लगता था कि यही असली जीवन है।

फिर विवाह हुआ। अब लोग सालगिरह याद रखने लगे और जन्मदिन धीरे-धीरे परिवार तक सीमित हो गया। जिम्मेदारियां बढ़ीं, प्राथमिकताएं बदलीं। जीवन की दौड़ में तारीखें कैलेंडर के पन्नों में सिमटने लगीं। जन्मदिन अब उतना शोर-शराबे वाला नहीं रहा, बल्कि एक शांत-सा दिन बन गया, जिसमें कुछ संदेश, कुछ औपचारिक शुभकामनाएं और सामान्य दिनचर्या शामिल हो गई। धीरे-धीरे अपने बच्चे हुए। अब घर में फिर से जन्मदिन मनाया जाने लगा, पर इस बार अपने बच्चों का। उनके लिए केक, सजावट, उपहार और उत्साह। उनकी आंखों की चमक में हम अपना बचपन तलाशने लगे, लेकिन इसी बीच कहीं हमारा अपना जन्मदिन पीछे छूट गया। कभी-कभी तो चुपचाप गुजर भी जाता है। तब मन में एक विचार उठता है, जब हमारे माता-पिता हमारा जन्मदिन इतने प्रेम से मनाते थे, क्या उस समय उनका अपना जन्मदिन भुला दिया गया था?

शायद यही दुनिया की रीति है। समय के साथ केंद्र बदलता रहता है। बचपन में हम केंद्र में होते हैं, युवावस्था में मित्र, फिर परिवार और अंत में बच्चे। जीवन का चक्र ऐसे ही चलता है। एक पीढ़ी उत्सव मनाती है, दूसरी पीढ़ी उत्सव का कारण बनती है, लेकिन क्या इसका अर्थ यह है कि जन्मदिन की कोई कीमत नहीं रही? नहीं। जन्मदिन केवल केक या पार्टी का नाम नहीं है। यह उस जीवन का उत्सव है, जो हम जी रहे हैं, उन संघर्षों का सम्मान है, जिन्हें हमने पार किया है और उन सपनों का स्मरण है, जो अब भी हमारे भीतर जीवित हैं। आज के बदलते समाज में एक अच्छी बात भी दिखती है कि कई बच्चे अपने माता-पिता का जन्मदिन मनाने लगे हैं। वे उन्हें दो पल की खुशी देते हैं, उनके बचपन और युवावस्था को याद करने का अवसर देते हैं। यह केवल उत्सव नहीं, बल्कि कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।

# एआई से 0.8 प्रतिशत बढ़ेगी वैश्विक वृद्धि मगर नौकरियों के लिए भारी जोखिम भी

## आईएमएफ प्रमुख ने कहा- एआई को अत्यधिक सकारात्मक दिखाने से सावधान रहे दुनिया

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने शुक्रवार को कहा कि एआई वैश्विक आर्थिक वृद्धि को 0.8 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है विकसित भारत बनने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद कर सकती है। जार्जीवा ने इसके साथ यह चेतावनी भी दी कि एआई से नौकरियां कम होने और वित्तीय स्थिरता पर भारी जोखिम भी पैदा हो सकते हैं।

जॉर्जीवा ने यहां आयोजित ''एआई इम्पैक्ट समिट 2026'' में कहा कि वह एआई को लेकर आशावादी हैं, लेकिन इसके प्रभाव को अत्यधिक सकारात्मक दिखाने से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एआई को अच्छाई की ताकत या बुराई की ताकत के रूप में इस्तेमाल किए जाने के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। जॉर्जीवा ने कहा, एआई वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लगभग एक प्रतिशत अंक तक बढ़ा सकता है। हमारा अनुमान 0.8 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि दुनिया की अर्थव्यवस्था कोविड महामारी से पहले की तुलना में तेजी से बढ़ेगी। यह नए अवसर और अधिक रोजगार सृजित करने के लिए शानदार है।

उन्होंने कहा कि एआई उन देशों के लिए अधिक अवसर पैदा करता है जो डिजिटल बुनियादी ढांचा, कौशल विकास और एआई को तेजी से अपनाने में आगे हैं। उन्होंने कहा कि देशों को जोखिमों के प्रति सचेत रहते हुए अवसरों को अपनाना चाहिए। कहा, मैं एआई को लेकर बहुत आशावादी हूं। हालांकि मैं बहुत भोली भी नहीं हूं, इससे काफी जोखिम भी जुड़े हैं।

### अमेरिका के बाजार में पड़ने लगा असर

आईएमएफ के एक अध्ययन के मुताबिक एआई के कारण अमेरिकी श्रम बाजार पर असर पड़ रहा है। अमेरिका में हर दस में से एक नौकरी के लिए अब अतिरिक्त कौशल की जरूरत है और इस कौशल से लैस लोगों को बेहतर वेतन मिलता है। जॉर्जीवा ने कहा, जब लोगों के पास ज्यादा पैसे होंगे, तो वे रेस्तरां, मनोरंजन आदि में जाएंगे, जिससे कम कौशल वाले कर्मचारियों की मांग बढ़ेगी। एआई से एक नई नौकरी बनने पर कुल रोजगार में 1.3 नौकरियां बनती हैं। इसका मतलब है कि कुछ लोगों को ज्यादा अवसर मिलते हैं।



आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टलिना जॉर्जिवा और अन्य वैश्विक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री मोदी।

### एआई से जुड़े तीन बड़े जोखिम गिनाए

- जॉर्जीवा ने कहा कि सबसे पहले एआई से कुछ देशों के पास प्रौद्योगिकी होने और कुछ देशों के पास न होने के कारण वैश्विक असमानता बढ़ने का खतरा है।
- यह पूरी दुनिया में वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा कर सकता है, क्योंकि एआई अनियंत्रित होने पर वित्तीय बाजारों में संकट पैदा कर सकता है।
- एआई आने से नौकरियों के जाने का भी खतरा है, अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि लोग नई एआई अर्थव्यवस्था में अपनी जगह किस तरह बना सकेंगे।

आईएमएफ देशों के साथ मिलकर यह समझने का काम जारी रखेगा कि एआई में क्या बदलाव हो रहे हैं और भविष्य की नीतियों के लिए इसे कैसे आकार दिया जा सकता है। हमें एआई को देखने और समझने में लचीला रुख अपनाना होगा। – क्रिस्टलिना जॉर्जीवा

### जल्द ही श्रम बाजार में आने वाली है सुनामी

जॉर्जीवा ने कहा, हमने इस जोखिम को बहुत ऊपर आंका है। हम वास्तव में श्रम बाजार पर एआई के प्रभाव को एक 'सुनामी' की तरह देख रहे हैं। वैश्विक स्तर पर लगभग 40 प्रतिशत नौकरियां एआई से प्रभावित होंगी, कुछ में सुधार होगा और कुछ खत्म हो जाएंगी। उभरते बाजारों में 40 प्रतिशत प्रभावित होंगे जबकि विकसित अर्थव्यवस्थाओं में यह आंकड़ा 60 प्रतिशत तक है। और यह बदलाव अपेक्षाकृत कम समय में ही होने जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### ओडिशा सरकार ने पेश किया 3.1 लाख करोड़ रुपये का बजट

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 3.10 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इस बजट में कृषि, ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। कुल बजट का लगभग 58 प्रतिशत (1,80,000 करोड़ रुपये) कार्यक्रम व्यय के लिए आरक्षित किया गया है। माझी ने राज्य विधानसभा में तीसरा बजट पेश करते हुए कहा कि प्रशासनिक व्यय 1,14,000 करोड़ रुपये प्रस्तावित है, आपदा जोखिम प्रबंधन कोष के लिए 5,375 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

### हथकरघा प्रदर्शनी में 21 राज्यों के बुनकर व कारीगर होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में 21 फरवरी से दो मार्च तक आयोजित होने वाली विशेष हथकरघा प्रदर्शनी में 21 राज्यों के बुनकर और कारीगर समूह हिस्सा लेंगे। इस प्रदर्शनी का मकसद स्वदेशी हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देना, बुनकरों और ग्राहकों के बीच सीधे बाजार संपर्क बनाना और देशभर के कारीगरों के लिए रोजी-रोटी के मौके मजबूत करना है। जनपथ के हथकरघा हाट में होने वाली प्रदर्शनी में आगंतुक सीधे बुनकरों से उत्पादों खरीद सकेंगे, जिसमें हथकरघा साड़ियां, ड्रेस सामग्री, घरेलू साज-सज्जा की वस्तुयें, शॉल और हथकरघा कपड़े शामिल हैं।

### टेक्समैको रेल और आरवीएनएल ने बनाया संयुक्त उद्यम

**नई दिल्ली।** टेक्समैको रेल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड और रेल विकास निगम लिमिटेड ने देश की रेल विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों कंपनियों ने कहा कि यह संयुक्त उद्यम भारत और अन्य देशों में उन्नत रेल वाहन, उनके रखरखाव और संपत्ति प्रबंधन के साथ बड़े पैमाने पर विनिर्माण और पूरी तरह तैयार परियोजनाओं पर काम करेगा। यह साझेदारी दोनों कंपनियों की ताकत को मिलाकर ऐसे रेल समाधान देगी, जो उन्नत इंजीनियरिंग, कम लागत और उच्च गुणवत्ता वाले होंगे।

# अति उत्साही न बनें, विश्वसनीय होने पर ही एआई का इस्तेमाल करें संस्थान

**नई दिल्ली।** संस्थानों को एआई आधारित समाधानों के इस्तेमाल को लेकर तब तक अत्यधिक उत्साह नहीं दिखाना चाहिए, जब तक उनका पूर्ण परीक्षण न हो और वे विश्वसनीय न हों। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के 'डेटा इन्फॉर्मेटिक्स एंड इनोवेशन' प्रभाग के उपमहानिदेशक रोहित भारद्वाज ने समिट में 'एआई-समक्ष डेटा : नवाचार के लिए साझा अवसंरचना' विषयक सत्र में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों को आंकड़ों को मशीन-रीडेबल बनाना चाहिए। कॉन्टेक्स्ट फाइल और सिमैंटिक्स होनी चाहिए और मेटाडेटा होना चाहिए। कॉन्टेक्स्ट फाइल में किसी जानकारी को समझने के लिए आवश्यक विवरण होता है। सिमैंटिक्स शब्दों या डेटा के वास्तविक अर्थ और संदर्भ को समझने की प्रक्रिया है। मेटाडेटा डेटा के बारे में दी गई अतिरिक्त जानकारी, जैसे उसकी तारीख, स्रोत या संरचना को कहते हैं।

**सांख्यिकी मंत्रालय ने दी सलाह**

# भारत का जोर सभी को किफायती कंप्यूटिंग क्षमता उपलब्ध कराने पर

**नई दिल्ली।** सांख्यिकी सचिव सुमित गर्ग ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक ऐसे मॉडल पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जहां सरकार, परोपकारी संस्थाएं और निजी क्षेत्र मिलकर यह सुनिश्चित कर सकें कि किफायती 'कंप्यूटिंग' क्षमताएं सभी के लिए सुलभ हों।

गर्ग ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' में एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा, हमारा ध्यान कंप्यूटिंग क्षमता तक पहुंच को सीमित करने पर नहीं, बल्कि बुद्धिमानी से प्राथमिकता तय करने पर है। उन्होंने कहा कि इसमें परोपकारी संगठनों की अहम भूमिका होगी, क्योंकि उनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एआई का लाभ सभी तक पहुंचे। इस उद्देश्य के साथ सरकार, परोपकारी संस्थाएं और निजी क्षेत्र सहयोग कर सकते हैं ताकि सभी को किफायती कंप्यूटिंग क्षमताएं मिल सकें। हम इसी तरह के मॉडल पर विचार कर रहे हैं।

# बाजार में लौटी तेजी, सेंसेक्स में 316 अंक का उछाल, निफ्टी भी 25,550 के पार

**मुंबई।** शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 316 अंक की बढ़त के साथ जबकि निफ्टी 25,550 के पार बंद हुआ। बैंकिंग और धातु शेयरों में खरीदारी, व्यापार समझौते में प्रगति को लेकर आशावाद के साथ 'पैक्स सिलिका' में भारत की भागीदारी की खबरों से बाजार को समर्थन मिला।



बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 316.57 अंक यानी 0.38 प्रतिशत चढ़कर 82,814.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 633.94 अंक बढ़कर 83,132.08 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 116.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,571.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 209.2 अंक उछलकर 25,663.55 अंक के उच्च स्तर तक पहुंच गया था। भूराजनीतिक चिंताओं के बीच निवेशकों द्वारा शेयर की अंधाधुंध बिकवाली से बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 1,236.11 अंक और एनएसई निफ्टी 365 अंक टूट गया था।

### आठ बुनियादी क्षेत्रों की वृद्धि दर घटकर चार प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि दर जनवरी में घटकर चार प्रतिशत रह गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह साफ किया। इन बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर एक साल पहले जनवरी, 2025 में 5.1 प्रतिशत थी जबकि दिसंबर, 2025 में यह 4.7 प्रतिशत रही थी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी 2026 में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जनवरी अवधि में इन आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 2.8 प्रतिशत बढ़ा जबकि 2024-25 की समान अवधि में वृद्धि दर 4.5 प्रतिशत रही थी।

### विदेशी मुद्रा भंडार 725.72 अरब डॉलर के रिकॉर्ड पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 8.66 अरब डॉलर बढ़कर 725.72 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक इससे पहले छह फरवरी को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.71 अरब डॉलर घटकर 717.06 अरब डॉलर रह गया था। इससे पहले का सर्वोच्च स्तर जनवरी में 723.774 अरब डॉलर का रहा था। आरबीआई की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 3.55 अरब डॉलर बढ़कर 573.60 अरब डॉलर हो गईं। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार मूल्य 4.99 अरब डॉलर बढ़कर 128.46 अरब डॉलर हो गया।



- समाप्त सप्ताह में 8.66 अरब डॉलर की हुई वृद्धि

### एल्यूमीनियम के लिए ब्राजील की कंपनी का हिंडाल्को से करार

**नई दिल्ली।** ब्राजील की विमान बनाने वाली कंपनी एम्ब्रेयर ने खनन क्षेत्र की भारतीय कंपनी हिंडाल्को के साथ भारत में साझा व्यावसायिक अवसरों की तलाश के लिए शुक्रवार को एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए।

एम्ब्रेयर ने बताया कि इस संयुक्त पहल का उद्देश्य विमानन में इस्तेमाल होने वाले विशेष एल्यूमीनियम से बने कच्चे माल के निर्माण में संभावनाओं की पहचान करना है। कंपनी ने महिंद्रा और अडानी समूहों के साथ भारत में विमान निर्माण संयंत्र की स्थापना के लिए समझौते किए हैं। एम्ब्रेयर में वैश्विक खरीद के कार्यकारी उपाध्यक्ष रॉबर्ट चेव्स ने कहा, यह पहल स्थानीय साझेदारों की पहचान करने पर हमारे फोकस को और मजबूत करती है।

## राष्ट्रीय

# अमेरिका से व्यापार समझौते के खिलाफ युवा कांग्रेस का एआई समिट में प्रदर्शन

## शर्ट उतारकर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ की नारेबाजी, पुलिस ने चार को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को एआई इम्पैक्ट समिट के आयोजन स्थल पर अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए, जिसके बाद पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। भाजपा ने इसके बाद कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि मुख्य विपक्षी दल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि धूमिल की है।

युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता हॉल नंबर-5 के अंदर मार्च करते हुए पहुंचे। इनमें कुछ सफेद टीशर्ट पहने हुए थे और कुछ ने ये टीशर्ट हाथों में ले रखी थी। इन पर प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीरें छपी थीं तथा उन पर इंडिया यूएस ट्रेड डील, एपस्टीन फाइल्स और पीएम इज कम्प्रोमाइज्ड यानी प्रधानमंत्री झुक गए जैसे नारे लिखे थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने टीशर्ट भी उतार दीं। उनके विरोध प्रदर्शन के कारण वहां अफरातफरी मच गई। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद कुछ प्रतिभागियों और कुछ प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी बहस भी हुई।

पुलिस के मुताबिक जिन लोगों को हिरासत में लिया गया, उनमें युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्णा हरि भी शामिल हैं। मौके पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने कहा कि इस घटना के बाद हॉल के अंदर सुरक्षा और कड़ी की जाएगी। यह विरोध प्रदर्शन कुछ ही मिनटों तक चला, जिसके बाद समूह को हॉल से बाहर निकाल दिया गया।

इस अप्रत्याशित घटना ने अतिथियों और आगंतुकों को हैरान कर दिया, क्योंकि 'एआई इम्पैक्ट समिट' के मद्देनजर यह व्यापार समझौता विरोधी प्रदर्शन अप्रत्याशित था।




इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान भारत मंडपम में प्रदर्शन करते युवक कांग्रेस कार्यकर्ता।

### समिट नहीं, किसान विरोधी व्यापार समझौते के खिलाफ

युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु चिब ने एक बयान में कहा, युवा कांग्रेस के साथियों ने स्पष्ट कर दिया कि देश का युवा अब चुप नहीं बैठेगा। पीएम इज कंप्रोमाइज्ड यानी प्रधानमंत्री झुक गए सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि करोड़ों बेरोजगार युवाओं का आक्रोश है। अमेरिका के साथ यह व्यापार समझौता हमारे किसानों और जनता के हितों के साथ खिलवाड़ है, जिससे सिर्फ अमेरिका को फायदा होगा। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध हमारा अधिकार है और हम युवाओं की आवाज बुलंद करते रहेंगे। चिब ने कहा, हम एआई इम्पैक्ट समिट के खिलाफ नहीं हैं। हम भारत के हितों के साथ हो रहे समझौते के खिलाफ हैं, इसलिए हमने ये प्रदर्शन किया है।

### भाजपा ने कहा- प्रदर्शन विश्व में भारत की छवि खराब करने का प्रयास

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह भारत की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, जब भी भारत वैश्विक मंच पर आगे बढ़ता है, कांग्रेस राष्ट्रहित के साथ खड़े होने के बजाय राजनीतिक लाभ लेने को प्राथमिकता देती दिखाई देती है। दलगत राजनीति को देश की प्रतिष्ठा और सम्मान से ऊपर रखना अत्यंत दुखद है। राजनाथ ने कहा कि भारत की जनता भली-भांति समझती है कि कौन भारत को सशक्त और समर्थ बनाने में जुटा है और कौन बार-बार भारत की छवि को धूमिल करने का प्रयास करता है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि यह घटना कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के कहने पर अंजाम दी गई है। उन्होंने कहा, यह साजिश राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी की मौजूदगी में राहुल गांधी के निवास स्थान पर रची गई थी। यह प्रयोग है, संयोग नहीं।

# मृतक के परिवार को मुआवजा देने को गाइडलाइंस बनाए सरकार : हाईकोर्ट

**कस्टोडियल डेथ मामला**

- पीलीभीत के एक मामले में दस लाख का मुआवजा देने का कोर्ट ने दिया आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कस्टोडियल डेथ के मामलों में मृतक के परिवार को मुआवजा प्रदान करने के लिए गाइडलाइंस बनाने का आदेश राज्य सरकार को दिया है। इसी के साथ कोर्ट ने पीलीभीत के एक कस्टोडियल डेथ के मामले में मृतक बंदी के परिवार को दस लाख रुपये का मुआवजा तीन सप्ताह में देने का भी आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ़ व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने पीलीभीत जिला जेल में याची के नाबालिग पुत्र की अप्राकृतिक मृत्यु के मामले में पारित किया है। याचिका में कहा गया था कि वर्ष 2016 में पीलीभीत जनपद के पूरनपुर थाने की पुलिस ने नाबालिग पुत्र के विरुद्ध दुष्कर्म एवं पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। वह लगभग तीन वर्ष दस माह तक कारावास में रहा। जमानत मिलने के पश्चात उसे विचारण कोर्ट के समक्ष उपस्थित होना था, लेकिन वह उपस्थित नहीं हो सका। परिणामतः ट्रायल कोर्ट द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में उसे पुनः गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। 20 फरवरी 2024 को उसकी जेल में मृत्यु हो गई। मजिस्ट्रेट जांच में पाया गया कि याची के पुत्र ने आत्महत्या की। कोर्ट ने कहा कि मृतक की मृत्यु राज्य प्राधिकारियों की अभिरक्षा एवं नियंत्रण में हुई। अभिलेख पर उपलब्ध सामग्री से यह स्पष्ट रूप से सिद्ध होता है कि अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है।

### कोर्ट की टिप्पणी

कोर्ट ने कहा कि हिरासत में यातना मानव गरिमा का उल्लंघन है। जो पीड़ित के आत्म सम्मान और अस्तित्व को मूल से नष्ट कर देती है। जब भी मानव गरिमा आहत होती है, सभ्यता एक कदम पीछे चली जाती है। जांच प्रणाली से यातना को समाप्त करने की सिफारिशों के बावजूद पुलिस हिरासत और जेलों में यातना एवं मृत्यु की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक हैं। हिरासत में हिंसा और मौतें विधि के शासन की मूल भावना पर प्रहार हैं। राज्य अपनी अभिरक्षा में रखे गए व्यक्तियों के जीवन और स्वतंत्रता का संरक्षक है। उन की सुरक्षा सुनिश्चित करने का कठोर एवं अपरिहार्य दायित्व उस पर है।

### प्रमाणन रद्द करने संबंधी याचिका पर हाईकोर्ट ने दिया 'द केरल स्टोरी 2' के निर्माता और सीबीएफसी को नोटिस

**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने कन्नूर के एक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर फिल्म 'द केरल स्टोरी 2 – गोज बियॉन्ड' के निर्माताओं, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। याचिका में अदालत से फिल्म के प्रमाणन को रद्द करने और इसके शीर्षक पर पुनर्विचार सहित संशोधनों का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

- दूसरे राज्यों की घटनाओं पर फिल्म बनाकर भ्रम फैलाने का आरोप

कन्नूर के कन्नवम निवासी श्रीदेव नंबूदरी ने याचिका में सूचना प्रसारण मंत्रालय, सीबीएफसी और निर्माता विपुल अमृतलाल शाह को प्रतिवादी बनाया है। न्यायमूर्ति बेचू कुरियन थॉमस की अध्यक्षता वाली पीठ ने अगली सुनवाई 24 फरवरी को तय की। याचिका में कहा गया है कि सीबीएफसी ने सिनेमाटोग्राफ अधिनियम, 1952 के तहत वैधानिक जनादेश का उचित अनुपालन किए बिना फिल्म को प्रमाण पत्र प्रदान किया है। याचिका के अनुसार, फिल्म के टीजर और ट्रेलर में कई राज्यों की महिलाओं से जुड़ी कहानियों को दर्शाया गया है लेकिन सामग्री को 'द केरल स्टोरी' के रूप में ब्रांड किया गया है, साथ ही आतंकवाद, जबरन धर्मांतरण और जनसांख्यिकीय षड्यंत्र की घटनाओं को विशेष रूप से केरल राज्य से जोड़ा गया है।

### पहलवान सुशील की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट ने पुलिस से पूछा रुख

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनकर की हत्या के मामले में ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस से अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। न्यायमूर्ति अनूप जे भंभानी ने मृतक के परिजनों को भी नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है।

- मृतक सागर धनकर के परिजनों को भी नोटिस जारी कर मांगा जवाब

अदालत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल अगस्त में हाईकोर्ट से सुशील कुमार को दी गई जमानत रद्द कर दी थी। न्यायाधीश ने टिप्पणी की, मुझे लगता है कि आप कुछ ज्यादा ही उम्मीद कर रहे हैं। जब सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है तो आप मुझसे क्या उम्मीद करते हैं। अभियुक्त के वकील ने कहा कि जमानत याचिका पर विचार किया जाना चाहिए क्योंकि सभी सार्वजनिक गवाहों से पूछताछ हो चुकी है। दिल्ली पुलिस और मृतक के परिजनों के वकीलों ने कहा कि सभी सार्वजनिक गवाहों से पूछताछ अभी बाकी है। कोर्ट ने कहा, अगली सुनवाई से पहले स्थिति रिपोर्ट/विस्तृत जवाब दाखिल किया जाए।

### भारत-अमेरिका समझौते के खिलाफ किसान सम्मेलन करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को फैसला किया कि अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते के खिलाफ वह अलग-अलग राज्यों में किसान सम्मेलन करेगी, जिनमें किसानों को बताया जाएगा कि इस समझौते का उनकी आजीविका पर नकारात्मक असर पड़ने वाला है। पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र के पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की, जिसमें यह फैसला किया गया। इस बैठक में इन राज्यों के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और विधायक दल के नेता शामिल हुए। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि पहला किसान सम्मेलन 24 फरवरी को भोपाल और दूसरा सात मार्च को महाराष्ट्र के यवतमाल में आयोजित किया जाएगा।

# कर्नाटक के बागलकोट में निषेधाज्ञा के बावजूद मांस की दुकानों पर पथराव

**बागलकोट।** बागलकोट में शुक्रवार को तनावपूर्ण स्थिति बनी रही क्योंकि निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद कई लोग सड़कों पर उतर आए और मांस की दुकानों पर पथराव किया, जिसके चलते पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ गोयल ने बताया कि शोभायात्रा बृहस्पतिवार को अपराह्न करीब 3:30 बजे पुराने कस्बे से शुरू हुई थी और लगभग पूरी होने वाली थी, तभी नवनागर क्षेत्र के किला ओनी में एक मस्जिद के पास रात करीब 9:30 बजे पथराव की घटना हुई। उन्होंने कहा, ''मस्जिद में जूता रखने का एक स्टैंड था और उसे खड़ा रखने के लिए उसके नीचे दो पत्थर रखे गए थे। उन्हीं पत्थरों में से एक का इस्तेमाल हुआ और वह हमारे पुलिसकर्मियों पर गिरा।

# तमिलनाडु के मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज करने का आदेश

चेन्नई, एजेंसी

मद्रास हाईकोर्ट ने स्थानांतरण, नियुक्तियों और निविदा आवंटन में अनियमितताओं को लेकर तमिलनाडु के नगर प्रशासन एवं जल आपूर्ति मंत्री केएन नेहरू के खिलाफ शुक्रवार को सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय को आपराधिक मामला दर्ज करने के निर्देश दिए।

मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति जी अरुल मुरुगन की पीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा कि मंत्री के खिलाफ लगाए गए आरोपों के प्रथमदृष्टया साक्ष्य मौजूद हैं। पीठ ने माना कि ईडी ने जो सामग्री रखी है, वह संज्ञेय अपराधों का खुलासा करती है इसलिए इस मामले में किसी प्रारंभिक जांच की आवश्यकता नहीं है और प्राथमिकी तुरंत दर्ज की जानी चाहिए। ईडी ने निदेशालय को एक पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि नगर प्रशासन विभाग में सहायक इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर और स्वच्छता निरीक्षक जैसे 2,538 पदों पर नियुक्तियों के बदले लगभग 634 करोड़ रुपये की रिश्वत ली गई थी। ईडी के इसी पत्र के आधार पर अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्ना द्रमुक) सांसद आईएस इनबादुरई और मदुरै के एक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष के अथि नारायणन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक को मामला दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की थी। राज्य सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता ने अदालत को सूचित किया कि ईडी के पत्र को पहले ही निदेशालय के अधिकारियों को भेज दिया गया था और जांच की अनुमति मिल गई थी।



- साक्ष्य मौजूद, प्रारंभिक जांच की जरूरत नहीं : मद्रास हाईकोर्ट

# बलूच आर्मी ने दी समय सीमा खत्म होने पर पाकिस्तानी सैनिकों को मार देने की धमकी

● पाकिस्तान की सरकार को बातचीत को दिए हैं सात दिन

क्वेटा, एजेंसी

बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तान सरकार को चेतावनी दी है कि यदि 21 फरवरी के बाद उसके लड़ाकों को रिहा करने के लिए बातचीत शुरू नहीं हुई, तो वह अपनी हिरासत में लिए गए पाकिस्तानी सैनिकों को मार देगा। बीएलए ने 14 फरवरी को कुछ तस्वीरें और वीडियो जारी कर दावा किया था कि उसने सात पाकिस्तानी सैनिकों को पकड़ लिया है।

इस समूह ने सात दिन की समय सीमा देते हुए मांग की है कि पकड़े गए सैनिकों के बदले हिरासत में लिए गए उसके लड़ाकों को रिहा किया जाए। पाकिस्तानी सेना ने हालांकि इन दावों को खारिज कर दिया था। उनकी ओर से यह तर्क दिया गया कि वीडियो में दिखने वाले लोग पाकिस्तानी सैनिक नहीं हैं और वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है। बीएलए की ओर से इसके बाद जारी एक नए वीडियो में, सातों बंदी एक साथ नजर आ रहे हैं और वे अपने आधिकारिक आर्मी सर्विस कार्ड दिखा रहे हैं। उनमें से एक सिपाही मोहम्मद शहराम अपने सैन्य और राष्ट्रीय पहचान पत्र को लेकर बोल रहा है।

## पत्नी-बच्चों को पीट सकेंगे अफगानी

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार का नया कानून पत्नियों और अपने बच्चों की पिटाई की अनुमति देता है बशर्ते कि पिटाई के कारण हड्डियां नहीं टूटें और खुले जख्म नहीं हों। दे महाकुमु जज़ाई उसूलनामा नामक 90 पन्नों के इस आपराधिक प्रक्रिया संहिता को तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदज़ादा ने मंजूरी दी है। दस अध्यायों और 119 अनुच्छेदों वाले दस्तावेज़ में घरेलू हिंसा को कुछ शर्तों के साथ वैध किया गया है।

## आर्थिक जबरदस्ती पर लगेगी लगाम

नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान भारत ने 20 फरवरी को औपचारिक रूप से अमेरिका के नेतृत्व वाली पैक्स सिलिका पहल में शामिल होने के लिए घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता न केवल भारत और अमेरिका के बीच तकनीकी सहयोग के नए अध्याय की शुरुआत है बल्कि वैश्विक स्तर पर एआई और सेमीकंडक्टर की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम भी है। वर्तमान में सेमीकंडक्टर और महत्वपूर्ण खनिजों लिथियम, कोबाल्ट और रेयर अर्थ एलिमेंट्स की आपूर्ति पर चीन जैसे कुछ ही देशों का एकाधिकार है। यह निर्भरता आर्थिक जोखिम पैदा करने के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा है। पैक्स सिलिका इसी आर्थिक जबरदस्ती को समाप्त करने का वैश्विक प्रयास है।

## पैक्स सिलिका पहल




### रणनीतिक गठबंधन

● शुरुआत : अमेरिका के नेतृत्व वाला एक रणनीतिक गठबंधन है जो सेमी कंडक्टर, महत्वपूर्ण खनिजों और एआई ढांचे की पूरी सिलिकॉन स्टैक को सुरक्षित करने पर केंद्रित है। इसकी शुरुआत 2025 में वाशिंगटन में हुई थी।

● आपूर्ति श्रृंखला बनाना : एआई और चिप निर्माण के लिए आवश्यक कच्चे माल से लेकर अंतिम उत्पाद तक एक बाधा रहित आपूर्ति श्रृंखला बनाना।

● चीन पर निर्भरता कम करना : महत्वपूर्ण खनिजों और सेमीकंडक्टर विनिर्माण में चीन के प्रभुत्व और आर्थिक दबाव को कम करना। डेटा सेंटर, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और एआई मॉडल के लिए देशों का एक समूह तैयार करना।

### भारत को होगा लाभ

● सेमीकंडक्टर हब बनना : भारत को अत्याधुनिक चिप विनिर्माण तकनीक और निवेश प्राप्त होगा, जिससे इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन को गति मिलेगी।

● महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच : लिथियम, कोबाल्ट और सिलिकॉन जैसे खनिजों की सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जो ईवी और रक्षा उपकरणों के लिए अनिवार्य हैं।

● एआई निवेश : अमेरिकी कंपनियों द्वारा भारतीय एआई बुनियादी ढांचे में बड़े निवेश की संभावना है, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

● रणनीतिक स्वायत्तता : भारत बिना अपनी स्वायत्तता खोए वैश्विक उच्च-तकनीकी समूह का हिस्सा बनकर चीन की विस्तारवादी नीतियों का मुकाबला कर सकेगा।

● शेयर बाजार पर असर : विशेषज्ञों के अनुसार, माइनिंग, मेटल और टेक सेक्टर की कंपनियों को इससे दीर्घकालिक लाभ होगा।

### एआई सप्लाई चेन की सुरक्षा

● सुरक्षा के लिए अहम : एआई को चलाने के लिए उन्नत चिप्स, विशाल डेटा सेंटर और निरंतर ऊर्जा की जरूरत होती है। पैक्स सिलिका निम्न तरीकों से सुरक्षा तय करता है।

● खनिजों का सुरक्षित स्रोत : सेमीकंडक्टर के लिए जरूरी रेयर अर्थ एलिमेंट्स की माइनिंग से लेकर प्रोसेसिंग तक सदस्य देशों के बीच सहयोग सुनिश्चित करना

● संवेदनशील तकनीक का संरक्षण : उन्नत एआई एल्गोरिदम और हार्डवेयर डिजाइन को गलत हाथों (विशेषकर प्रतिद्वंद्वी देशों) में जाने से रोकना।

● डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर : फाइबर-ऑप्टिक केबल, डेटा सेंटर और एआई फाउंडेशनल मॉडल के लिए सुरक्षित और पारदर्शी मानक स्थापित करना।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका में 57 वर्षीय सिख का अपहरण

**न्यूयॉर्क।** कैलिफोर्निया के सैन जोकिन काउंटी के ट्रेसी इलाके से 57 वर्षीय सिख व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया है। सैन जोकिन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने फेसबुक पोस्ट में पीड़ित की पहचान अवतार सिंह के रूप में की है, जिनकी लंबाई पांच फुट सात इंच है और वजन लगभग 200 पाउंड है। घटना के समय उन्होंने हल्के रंग के पारंपरिक सिख वस्त्र पहने हुए थे। पुलिस ने बताया कि निगरानी फुटेज में मंगलवार को अपराह्न लगभग ढाई बजे सिंह को गहरे रंग के कपड़े पहने तीन अज्ञात व्यक्ति एक सफेद एसयूवी में बिठाते हुए दिख रहे हैं। पुलिस ने बताया कि फुटेज से प्रतीत होता है कि पीड़ित अपनी मर्जी के बिना कार में बैठा।

### पाकिस्तान ने कश्मीर में संघर्ष विराम तोड़ा

**श्रीनगर।** पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास शुक्रवार को संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के नौगाम सेक्टर में स्थित टीएमजी (टूट मार गली) में दोपहर के आसपास पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) की चौकियों ने भारतीय चौकियों पर छोटे हथियारों से गोलीबारी करते हुए संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। उन्होंने बताया कि कुछ समय बाद गोलीबारी बंद हो गई, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ है।

### वेनेजुएला ने कैदियों को माफी की मंजूरी दी

**काराकस।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने गुरुवार को आम माफी से संबंधित एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए जिससे हिरासत में लिए गए नेताओं, कार्यकर्ताओं, वकीलों और कई अन्य लोगों की रिहाई हो सकती है। इस विधेयक पर हस्ताक्षर के साथ ही राष्ट्रपति ने यह स्वीकार किया कि सरकार ने सैकड़ों लोगों को राजनीतिक कारणों से जेल में रखा है। रोड्रिगेज के इस कदम को बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

### पाकिस्तान में 5.9 तीव्रता का भूकंप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांतों के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को 5.9 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके पेशावर तथा इस्लामाबाद सहित कई शहरों में महसूस किए गए। भूकंप से किसी के हताहत होने या किसी तरह के नुकसान होने की तत्काल कोई जानकारी नहीं है। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, शाम 6:09 बजे आए भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदू कुश क्षेत्र में 101 किमी की गहराई पर था।

# ट्रंप ने ईरान को फिर दी चेतावनी, तय की परमाणु समझौते की समय सीमा

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने चेताया, समझौता नहीं हुआ तो ईरान के साथ होगा बुरा बर्ताव

● ईरान पर 10 से 15 दिन के भीतर कोई फैसला लेंगे ट्रंप

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को ईरान को चेतावनी दी कि यदि वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करने में विफल रहा तो बुरी चीज़ें होंगी और उन्होंने ईरान पर फैसले के लिए अपनी समय सीमा 10-15 दिन तक बढ़ा दी। ट्रंप का यह बयान पश्चिम एशिया में अमेरिका की भारी सैन्य तैयारी के बीच आया है, जिससे बड़े युद्ध की चिंताएं बढ़ गई हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत अच्छी चल रही है, लेकिन उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि ईरान को एक अर्थपूर्ण समझौता करना होगा। इस बीच, अमेरिका इस सप्ताह के अंत तक ईरान पर हमला करने के लिए तैयार है, हालांकि ट्रंप ने अभी तक कोई आखिरी फैसला नहीं लिया है। एयर फोर्स वन में संवाददाताओं से बात करते हुए, ट्रंप ने कहा, 10-15 दिन, ज़्यादा से ज़्यादा। या तो हम समझौता कर लेंगे या यह उनके लिए बुरा होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें 10 दिनों के अंदर पता चल जाएगा कि ईरान के साथ समझौता मुमकिन है या नहीं। उन्होंने बोर्ड ऑफ़ पीस की पहली बैठक में कहा, हमें इसे एक कदम और आगे ले जाना पड़ सकता है, या शायद नहीं भी। शायद हम एक समझौता कर लें। आपको अगले शायद 10 दिनों में पता चल जाएगा। ट्रंप ने दोहराया कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता। अगर उनके पास परमाणु हथियार हैं तो आप पश्चिम एशिया में शांति नहीं ला सकते। ट्रंप ने कहा कि अब ईरान के लिए हमारे साथ उस रास्ते पर चलने का समय है, जो हम कर रहे हैं, उसे पूरा करे।



### तो अमेरिकी ठिकानों पर वैध होगा ईरानी हमला

**न्यूयॉर्क।** ईरान ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को एक पत्र लिखकर चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका अपनी सैन्य धमकियों पर अमल करता है, तो अमेरिकी ठिकानों और संपत्तियों पर ईरानी हमले वैध होंगे। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरवानी ने पत्र में कहा कि ईरान किसी भी हमले का निर्णायक जवाब देगा। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में सैन्य आक्रामकता के गंभीर परिणामों की चेतावनी भी दी। यह घटनाक्रम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को दी गई उस धमकी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने परमाणु मुद्दे पर समझौते के लिए अधिकतम 10-15 दिन का समय दिया है।

### बोर्ड ऑफ पीस को 10 अरब अमेरिकी डॉलर देंगे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा के पुनर्निर्माण के लिए बनाए गए अंतर्राष्ट्रीय निकाय बोर्ड ऑफ पीस में चीन और रूस के भी शामिल होने की उम्मीद जताई। ट्रंप ने कहा कि कई देश बोर्ड में शामिल होने की प्रक्रिया में हैं। मैं चाहूंगा कि चीन और रूस भी इसमें शामिल हों। ट्रंप ने घोषणा की कि बोर्ड के नौ सदस्यों ने कुल सात अरब अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया है, जबकि अमेरिका 10 अरब अमेरिकी डॉलर का योगदान देगा। उन्होंने कहा, युद्ध की लागत की तुलना में यह राशि बहुत कम है। उन्होंने अमेरिका के 10 अरब डॉलर देने को काफी छोटी रकम बताया।

# असम में बोले अमित शाह, देश से सभी घुसपैठियों को बाहर करेंगे

● पूर्वोत्तर राज्य में शुरू किया वाइब्रेंट विलेज का दूसरा चरण

गुवाहाटी, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली असम सरकार ने पिछले दस वर्षों में घुसपैठियों को राज्य में प्रवेश करने से रोका है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे एक बार फिर भाजपा को वोट दें ताकि असम से आखिरी घुसपैठिए को बाहर किया जा सके। केंद्रीय गृह मंत्री ने शुक्रवार को असम के कछार जिले के नाथनपुर गांव में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए 'वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम-द्वितीय' की शुरुआत करते हुए यह बात कही।

इस पहल का उद्देश्य सीमा पर स्थित समुदायों को सुरक्षित, मजबूत और समृद्ध बनाना है, जो विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। वीवीपी-द्वितीय एक 6,839 करोड़ रुपये की योजना है, जिसे 15 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में से लागू किया जाना है। शाह ने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने असम में पहले अवैध घुसपैठ के लिए सीमा खुले छोड़ दिए थे, जिससे जनसांख्यिकीय बदलाव आया है। उन्होंने कहा, सीमावर्ती क्षेत्रों के लोग असुरक्षा के कारण अपनी जमीन छोड़ने लगे और घुसपैठियों ने उन क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया। स्थानीय लोगों और युवाओं ने अवसर खो दिए, क्योंकि घुसपैठियों की आबादी लगातार बढ़ती गई। उन्होंने कहा, असम में भाजपा सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में घुसपैठ को पूरी तरह से रोक दिया था और दूसरे में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने घुसपैठियों को उन जमीनों से उखाड़ फेंका, जिन पर उन्होंने अवैध तरीके से कब्जा किया था।




गृहमंत्री अमित शाह ने असम के कछार जिले में वाइब्रेंट विलेज के द्वितीय का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीएम हिमंत बिस्वा सरमा और मंत्री अतुल बोरा भी उपस्थित रहे।

### हिंदी के साथ मजबूत होती हैं सभी भाषाएं

**अगरतला।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि जब हिंदी को बढ़ावा दिया जाता है, तो अन्य सभी भाषाएं भी मजबूत होती हैं। अगरतला में राजभाषा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह दुष्प्रचार किया जा रहा था कि हिंदी लोगों पर थोपी जा रही है लेकिन पिछले 10 वर्षों में इस बात को गलत साबित किया गया है। उन्होंने कहा कि हिंदी और अन्य स्थानीय भाषाओं के बीच कोई विवाद नहीं हो सकता क्योंकि वे एक ही मां की दो बेटियां हैं, जिन्होंने साथ-साथ प्रगति की हैं। शाह ने कहा कि लिपि और भाषा विवाद का मुद्दा नहीं हो सकतीं। उन्होंने लोगों से यह भी आग्रह किया कि वे घर पर अपने बच्चों से उनकी मातृभाषा में बात करें। गृह मंत्री ने कहा कि अगर आप ऐसा नहीं कर सकते, तो आपके बच्चे अपनी मातृभाषा के साहित्य, परंपरा और संस्कृति से वंचित रह जाएंगे। हमें घर में जितना हो सके अपनी मातृभाषा में बात करनी चाहिए।

## किंग चार्ल्स-3 के भाई पूर्व प्रिंस एंड्रयू किए गए रिहा

**लंदन।** सार्वजनिक पद पर रहते हुए कदाचार के संदेह में गिरफ्तार किए गए ब्रिटेन के पूर्व राजकुमार व किंग चार्ल्स तृतीय के भाई एंड्रयू को रिहा कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि पूर्व राजकुमार को गुरुवार शाम को रिहा किया गया। एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर को उनकी गिरफ्तारी के लगभग 11 घंटे बाद पूर्वी ब्रिटेन स्थित उनके घर के पास स्थित थाने से कार में निकलते हुए देखा गया। एंड्रयू को उनके खिलाफ जांच जारी रहने के बीच रिहा किया गया है। एंड्रयू को गुरुवार तड़के घर से उन जांचकर्ताओं ने गिरफ्तार किया था, जो जेफ्री एप्स्टीन से उनके संबंधों की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि उसने एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर के घर की तलाशी पूरी कर ली है।

## अमेरिका में हिरासत में लिए जा सकते हैं हजारों वैध शरणार्थी

● डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के नए आदेश से बढ़ीं मुश्किलें

मिनियापोलिस, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने एक नया आदेश जारी किया है जिससे देश में मौजूद उन हजारों शरणार्थियों को गिरफ्तार किया जा सकता है जो यहां वैध रूप से रह तो रहे हैं लेकिन अब तक उनका कोई स्थायी आवास नहीं है।

मिनिसोटा में गुरुवार को होने वाली संघीय अदालत की सुनवाई से पहले गृह मंत्रालय द्वारा दाखिल एक मेमो में कहा गया है कि ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने वाले शरणार्थियों को अपने आवेदनों की समीक्षा के लिए अमेरिका में प्रवेश किए जाने के एक साल बाद संघीय हिरासत में रहना होगा। बुधवार को दाखिल मेमो में कहा गया है कि निरीक्षण और जांच प्रक्रिया की अवधि के लिए आव्रजकों को हिरासत में रखा जा सकता है। मानवाधिकार कार्यकर्ता और पुनर्वास समूहों ने इस आदेश की कड़ी आलोचना की है। इस आदेश से पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के दौरान अमेरिका आए लगभग 2 लाख शरणार्थियों के बीच भ्रम और भय पैदा हो सकता है। यह आदेश ट्रंप प्रशासन द्वारा आव्रजन पाबंदियों की श्रृंखला में हालिया कार्रवाई है। पिछले साल के अंत में एक मेमो में कहा गया था कि ट्रंप प्रशासन बाइडन प्रशासन के दौरान अमेरिका में प्रवेश पाने वाले सभी शरणार्थियों की समीक्षा करने की योजना बना रहा है।

## रूस की सीमा पर बारूदी सुरंग बिछाएगा पोलैंड

**वॉरसॉ।** पोलैंड अपनी पूर्वी सीमा पर रूस के बढ़ते खतरे के मद्देनजर बारूदी सुरंग बिछाएगा। यह जानकारी देश के उप रक्षामंत्री पावेल जालेव्स्की ने शुक्रवार को को दी। पोलैंड विवादास्पद हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले अंतर्राष्ट्रीय समझौते से अलग हो गया है। वर्ष 1997 में बारूदी सुरंग पर प्रतिबंध संबंधी संधि को मंजूरी दी गई थी, जिसे ओटावा संधि के नाम से भी जाना जाता है। यह संधि हस्ताक्षरकर्ताओं को बारूदी सुरंग रखने या बिछाने से रोकती है। कंबोडिया, अंगोला और बोस्निया और हर्जेगोविना सहित देशों के पूर्व संघर्ष क्षेत्रों में इन बारूदी सुरंगों की वजह से नागरिकों को हुई क्षति के मद्देनजर यह संधि अस्तित्व में आई।

## खुफिया विफलता को लेकर नौसेना को कोर्ट की फटकार

● आईएनएस शिकरा के पास इमारत निर्माण का मामला

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय ने दक्षिण मुंबई में नौसेना के प्रमुख हवाई ठिकाने आईएनएस शिकरा के आसपास एक बहुमंजिला इमारत के निर्माण को लेकर शुक्रवार को नौसेना को खुफिया विफलता के लिए कड़ी फटकार लगाई और सवाल किया कि इमारत के बनते समय कैसे इस पर किसी की नजर नहीं पड़ी।

न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति अभय मंत्री की पीठ ने कहा कि नौसेना की ओर से खुफिया चूक हुई है, क्योंकि वह अपने प्रतिष्ठान के आसपास एक गगनचुंबी इमारत के निर्माण पर ध्यान देने में विफल रही। पीठ आईएनएस शिकरा के कमांडिंग ऑफिसर की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठान के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा जोखिमों का हवाला देते हुए परियोजना पर रोक लगाने का निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया है। पीठ ने नौसेना के सिर्फ इसी इमारत के निर्माण का विरोध करने पर भी सवाल उठाया, जबकि आसपास कई अन्य बहुमंजिला आवासीय इमारतें मौजूद हैं। याचिकाकर्ता के वकील आरवी गोविलकर ने दलील दी कि अन्य इमारतों का निर्माण साल 2011 में रक्षा प्रतिष्ठानों के आसपास ऊंचे निर्माण के लिए एनओसी को अनिवार्य बनाने से पहले किया गया था।

## यूएफओ से जुड़ीं फाइलें सार्वजनिक करेगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि वह पेंटागन और अन्य सरकारी एजेंसियों को परग्रही जीवों (एलियन्स) और यूएफओ से संबंधित फाइल की पहचान करके उन्हें सार्वजनिक करने का निर्देश दे रहे हैं, क्योंकि इन विषयों में लोगों की गहरी रुचि है।


ट्रंप ने यह घोषणा एक सोशल मीडिया पोस्ट में की। कुछ घंटे पहले ही उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा पर हाल में एक पॉडकास्ट साक्षात्कार में परग्रही जीवों के वास्तव में होने का संकेत देकर गोपनीय जानकारी उजागर करने का आरोप लगाया था। एयर फोर्स वन विमान में संवाददाताओं से ट्रंप ने कहा, मुझे नहीं पता कि परग्रही जीव वास्तव में हैं या नहीं।

## आज का भविष्यफल

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 21 फरवरी, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्थी 13.00 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- रेवती 19.07 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष** — आज विवाहेतर संबंधों को लेकर थोड़े आकर्षित हो सकते हैं। यद्यपि आपका विवेक सदैव आपके पक्ष में रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको गलत लोगों के कारण परेशानी उठानी पड़ सकती है। स्वभाव में विनम्रता का भाव बनाकर रखें।

**वृष** — आज रुके हुए काम तेजी से पूरे कर लेंगे। अपनी कार्यक्षमता को सिद्ध कर पाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। लोग आपकी विचारधारा से बहुत शीघ्र प्रभावित हो जाएंगे। बड़े भाई-बहनों के जीवन में कुछ सकारात्मक परिवर्तन हो सकते हैं।

**मिथुन** — आज व्यवसाय में सहयोगियों से सहायता ले सकते हैं। आर्थिक समस्याओं का निराकरण होगा। निर्माण कार्यों में गति आएगी। अधीनस्थ कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे।

**कर्क** — आज भाग्य आपका साथ देगा। महिलाओं को अत्यधिक प्रशंसा मिलेगी। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। पिता और गुरुओं का मार्गदर्शन लेते रहें। अपनी योग्यता को सिद्ध करने का अवसर मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**सिंह** — आज अनावश्यक बातों पर त्वरित प्रतिक्रिया न दें। लोग आप से अत्यंत प्रभावित रहेंगे। कार्यक्षेत्र को लेकर थोड़े तनाव में हो सकते हैं। अपनी बातों को अच्छी तरह रख नहीं पाएंगे। व्यर्थ के कार्यों में धन खर्च हो सकता है।

**कन्या** — आज अल्प परिश्रम से ही आपको अधिक अच्छे परिणाम मिल जाएंगे। पैतृक कारोबार में विस्तार हो सकता है। घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। रूठे मित्रों को मनाने के लिए दिन अनुकूल है। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिलेगी।

**तुला** — आज आयात-निर्यात संबंधी कारोबार में वृद्धि होगी। अधिकारी आपसे अप्रसन्न हो सकते हैं। आप गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। परिजन आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी महिला सहकर्मी से झगड़ा हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज व्यापार में नए समझौतों को लेकर सावधानी रखें। प्रेमीजन से अपने दिल की बात शेयर कर सकते हैं। उच्च शिक्षा में उत्तम परिणाम मिलने से मन उत्साहित रहेगा। आयात-निर्यात से जुड़े व्यवसाय में बड़ा धन लाभ होगा। अपनी गलतियों में सुधार करेंगे।

**धनु** — आज गूढ़ अध्यात्मिक चर्चाओं में सम्मिलित हो सकते हैं। छोटे उद्योगों में घाटा हो सकता है। दांपत्य संबंध काफी रोमांटिक हो सकते हैं। अनजाने लोगों से ऑनलाइन लेनदेन सावधानी पूर्वक करें। दूसरों के मामलों में टांग न अड़ाएं।

**मकर** — आज बुजुर्ग लोग पुराने अनुभवों का स्मरण कर प्रसन्न रहेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आय के वैकल्पिक स्रोत विकसित कर सकते हैं। व्यवसाय में अच्छे ग्राहकों के कारण आपके कारोबार में स्थिरता रहेगी।

**कुंभ** — आज कारोबार को स्थिर रखने के लिए उधार लेना पड़ सकता है। आपकी सामाजिक छवि काफी अच्छी रहेगी। तनाव युक्त परिस्थितियों से बचें। उटपटांग कार्यों में आपका मन उलझेगा। बेरोजगार लोगों को जॉब की चिंता हो सकती है।

**मीन** — आज का दिन कला-जगत से जुड़े लोगों के लिए विशेष है। कार्य थोड़े विलंब से पूर्ण होंगे। लव लाइफ काफी रोमांटिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। वित्तीय स्थिति मजबूत रहेगी। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

## सुडोकू -68

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 7 |
| | | | | 9 | | | 4 | |
| | 8 | | 5 | | | 9 | | |
| 7 | | 5 | | | 9 | 1 | | |
| | | | | | | | | 5 |
| | | 2 | 7 | | | 4 | | 9 |
| | | 7 | | 5 | 6 | | 9 | |
| 5 | 6 | | | 7 | | | | |
| | | | | 4 | 8 | 7 | | |

### सुडोकू - 67 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 1 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 1 | 3 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 9 | 8 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 |
| 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 4 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 4 | 1 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 2 | 8 |
| 1 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 1 | 9 | 3 |
| 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 4 |



“जब टीम के तौर पर चीजें हमारी योजना के मुताबिक नहीं होतीं, तो देश में होने वाली प्रतिक्रियाओं का हम सम्मान करते हैं। हमें पता है कि ऐसा होगा और हम इसे स्वीकार करते हैं। आगे बेहतर करने के तरीकों पर हम जरूर विचार करेंगे।

**–मिचेल मार्श, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान**

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शनिवार, 21 फरवरी 2026



अभ्यास सत्र के दौरान अभिषेक शर्मा (बीच में), वरुण चक्रवर्ती (दाएं) और अन्य। एजेंसी

# मार्करम या लिंडे करेंगे अभिषेक के खिलाफ गेंदबाजी की शुरुआत

**अहमदाबाद, एजेंसी**

टी20 विश्व कप में सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा लगातार तीन बार शून्य के स्कोर पर आउट हुए, लेकिन भारत का अभियान बिना रुके पटरी पर चल रहा है लेकिन इस खिलाड़ी का बल्ले का नहीं चलना चर्चा का विषय बना हुआ है।

इसका कारण या तो पेट के संक्रमण से उनका कमजोर होना है या फिर धीमे विकेट पर स्पिनरों के खिलाफ तकनीकी कमजोरी का उभरना है। लेकिन जिन्होंने इस प्रारूप और इस खिलाड़ी को करीब से देखा है उनका कहना है कि फॉर्म अस्थायी है, उसका आत्मविश्वास स्थायी है। अभिषेक का स्ट्राइक रेट 192 से ज्यादा का है लेकिन अचानक उनकी फॉर्म खराब हो गई जिसका मुख्य कारण पेट के संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती होने के एक हफ्ते से भी कम समय बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनकी वापसी हो सकती है। फिर धीमी पिचों ने भी उनकी मदद नहीं की है। अब तक टीम के एकजुट प्रयास ने पक्का किया है कि नतीजों पर कोई असर नहीं पड़े। लेकिन शनिवार से सुपर आठ चरण शुरु होने वाला है इसलिए यह जरूरी होगा कि उनका बल्ला चले।



एडेन मार्करम



जॉर्ज लिंडे

- **सुपर-8 में भारत और दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला कल**

भारत सुपर आठ चरण के पहले मैच में 22 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। और उनके पिछले आउट होने के तरीके को ध्यान से देखने के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम पावरप्ले के अंदर दोनों छोर से कागिसो रबाडा या लुंगी एनगिडी को गेंदबाजी कराने के बजाय खुद ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी करने के बारे में सोच सकते हैं या फिर जॉर्ज लिंडे से गेंदबाजी करने को कह सकते हैं। अभिषेक का टी20 विश्व कप में अपना खाता नहीं खोल पाना चिंता की बात नहीं है। हो सकता है वह दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे या वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में लय हासिल कर लें।

### अभिषेक को एक अच्छी पारी की जरूरत : मोर्केल

**अहमदाबाद।** भारत की पहले सुपर-आठ मुकाबले में रविवार को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ंत से पहले गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने स्पष्ट किया कि टी20 विश्व कप में अब तक अभिषेक शर्मा के खराब प्रदर्शन को लेकर टीम के अंदर कोई चर्चा नहीं हुई है। मोर्केल ने कहा कि अभिषेक को बस एक अच्छी शुरुआत की जरूरत है और उसके बाद वह लय पकड़ लेंगे। भारत का यह सलामी बल्लेबाज तीन मैचों में अब तक खाता खोलने में नाकाम रहा है।

### सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
| --- | --- |
| पाकिस्तान-न्यूजीलैंड | शाम 7 बजे |

### हाईलाइट

#### भारतीय हॉकी टीम की नजरें वापसी करने पर

**होबार्ट।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम घरेलू मैदान पर बुरी तरह हारने के बाद शनिवार को यहां स्पेन के खिलाफ मैच के साथ एफआईएच प्रो लीग के विदेशी चरण की शुरुआत में नए कप्तान हार्दिक सिंह के नेतृत्व में वापसी करने और एक नयी शुरुआत करने के लिए बेताब होगी। सीरीज का होबार्ट चरण 25 फरवरी तक तस्मानिया हॉकी सेंटर में होगा जिसमें मेजबान ऑस्ट्रेलिया भी शामिल है।

#### अल्काराज सेमीफाइनल में, सिनर हारकर बाहर

**दोहा।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने रूस के करेन खाचानोव को हराकर कतर ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर को जैकब मेन्सिक के हाथों हार का सामना करना पड़ा। जैकब मेन्सिक ने गुरुवार को खेले गये क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जैनिक सिनर को 7-6 (7-3) 2-6 6-3 से हारकर कतर ओपन से बाहर कर दिया। चेक रिपब्लिक के छठे सीड वाले खिलाड़ी जैकब मेन्सिक ने पहला सेट जीता। हालांकि सिनर ने बराबरी कर ली। मेन्सिक ने अखिरी गेम जीत कर जीत दर्ज मुकाबला अपने नाम किया। इसी के साथ सिनर का 23 मैचों में 22 जीत का सिलसिला समाप्त हो गया।

# न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों का लक्ष्य पाकिस्तानी स्पिनरों को काबू करना

## टी-20 विश्व कप : सुपर-8 के मुकाबले आज से, शाम 7 बजे से होगी शुरुआत

**कोलंबो, एजेंसी**

न्यूजीलैंड की टीम शनिवार को यहां टी-20 विश्व कप के सुपर-8 चरण ग्रुप दो के शुरुआती मैच में पाकिस्तान का सामना करेगी तो जीत के लिए सबसे अहम कारक होगा कि उसका मजबूत मध्यक्रम प्रतिद्वंद्वी टीम की स्पिन विविधता का माकूल जवाब दे सके।

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज आईसीसी के इस बड़े टूर्नामेंट में अभी तक शीर्ष स्तर का खेल नहीं दिखा सके हैं जिसमें बस सलामी बल्लेबाज टिम सिफर्ट और फिन एलेन ही हैं जिन्होंने मिलकर तीन अर्धशतक लगाए हैं। लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज इन दोनों का ठीक से साथ नहीं दे पाए हैं। ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेरिल मिचेल जैसे बल्लेबाज निरंतर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। फिलिप्स और रविंद्र ने हालांकि एक-एक अर्धशतक लगाया है, लेकिन कुल मिलाकर उनका प्रदर्शन फीका ही रहा है। चार मैचों में रविंद्र ने 72 रन बनाए हैं, लेकिन इनमें से 59 रन कनाडा के खिलाफ एक ही मैच में आए। न्यूजीलैंड इस टूर्नामेंट में पहली बार कोलंबो में खेलेगा जिससे यह और मुश्किल हो सकता है। इसके विपरीत पाकिस्तान ने विश्व कप की शुरुआत से ही यहां की है और वह पहले प्रेमदासा में दो मैच खेल चुका है। पाकिस्तान के गेंदबाज, खासकर स्पिनर इस धीमी पिच पर असरदार होने के लिए लेंथ और रफ्तार जानते हैं जहां शॉट लगाने के लिए हिम्मत से ज्यादा समझदारी की जरूरत होती है। इसलिए एलेन और सिफर्ट की पावरप्ले की धमाकेदार बल्लेबाजी में न्यूजीलैंड के मध्यक्रम का साथ चाहिए ताकि वे अपनी टीम को लगभग 180 या इससे ज्यादा के स्कोर तक पहुंचा सकें।पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक, अबरार अहमद, सैम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान उसे बढ़त दिलाते हैं, लेकिन बल्लेबाजी में उनकी भी अपनी चिंता हैं। टूर्नामेंट में पाकिस्तान के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले साहिबजादा फरहान (220) के बाद शादाब खान (88) दूसरे नंबर पर हैं।

पाकिस्तान के बल्लेबाजों को न्यूजीलैंड जैसी अनुभवी टीम के खिलाफ मिलकर बड़ा योगदान देना होगा। लेकिन पाकिस्तान प्रबंधन को बाबर आजम (चार मैचों में 66 रन) से ज्यादा चिंता किसी और बात की नहीं है क्योंकि यह पूर्व कप्तान टी20 बल्लेबाजों की जरूरतों को समझने में जूझ रहा है।

अगर बाबर एक बार और लड़खड़ाते हैं तो पाकिस्तान प्रबंधन फखर जमां जैसे किसी और खिलाड़ी को ला सकता है जो ग्रुप चरण के मैच में बेंच पर ही बैठे रहे। टीम बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को शामिल करने पर भी सोचेंगे जिन्हें नामीबिया के खिलाफ जरूरी मैच के लिए बाहर कर दिया गया था। अफरीदी ने दो मैच में तीन विकेट लिए हैं जो धीमी पिच पर ‘वैरिएशन’ इस्तेमाल करने में उनकी नाकामी का सबूत है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, जैकब डफी और जेम्स नीशम अब तक लगभग महंगे रहे हैं और उन्हें यहां अपनी रणनीति पर फिर से सोचना होगा। वहीं स्पिनर मिचेल सैंटनर, ईश सोढ़ी और कामचलाऊ रविंद्र और फिलिप्स पर से दबाव कम करना जरूरी है।





न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर व कोच रॉब वाल्टर। पाकिस्तान के गेंदबाज उस्मान तारिक।

### टीम

**पाकिस्तान :** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आज़म, फहीम अशरफ, फखर जमां, ख्वाजा नफे, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलेन, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सिफर्ट, ईश सोढ़ी, कोल मैककॉन्ची।



टीम के साथ जश्न मनाते ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा।

# आस्ट्रेलिया ने ओमान को हराकर ली विदाई

**पल्लेकल, एजेंसी**

- **ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा ने चार विकेट चटकाए**

टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने का अपमान झेल रही आस्ट्रेलियाई टीम ने टी20 विश्व कप के अपने आखिरी लीग मैच में शुक्रवार को ओमान को नौ विकेट से हराकर विदा ली। जिम्बाब्वे और श्रीलंका से अप्रत्याशित हार के बाद आस्ट्रेलिया ग्रुप चरण से ही बाहर हो गया है।

प्रतिष्ठा के लिए खेल रही आस्ट्रेलियाई टीम ने औपचारिकता के इस मैच में ओमान को 16 .2 ओवर में ही 104 रन पर आउट कर दिया था। लेग स्पिनर एडम जम्पा ने चार विकेट चटकाए।

जवाब में कप्तान मिचेल मार्श के 33 गेंद में नाबाद 64 रन और ट्रेविस हेड के 19 गेंद में 32 रन की मदद से आस्ट्रेलिया ने 9 . 4 ओवर में जीत दर्ज की । यह सौ रन से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे तेजी से दर्ज की गई जीत है।

मार्श ने अपनी पारी में सात चौके और चार छक्के लगाए। वहीं हेड ने छह चौके लगाए। दोनों ने 93 रन की साझेदारी की। इससे पहले जम्पा के चार विकेट की मदद से आस्ट्रेलिया ने ओमान को 104 रन पर आउट कर दिया। जम्पा ने 21 रन देकर चार विकेट लिये जबकि जेवियर बार्टलेट और ग्लेन मैक्सवेल को दो दो विकेट मिले। ओमान की टीम 16.2 ओवर में आउट हो गई। वसीम अली ने ओमान के लिये 33 गेंद में 32 रन बनाए। आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया।

# भारत ए की टीम वुमैन्स राइजिंग स्टार्स एशिया कप के फाइनल में

**बैंकॉक, एजेंसी**

- **कप्तान राधा यादव ने किया हरफनमौला प्रदर्शन**

कप्तान राधा यादव ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए भारत ए की टीम को शुक्रवार को यहां श्रीलंका ए पर पांच विकेट से जीत दिलाकर वुमैन्स राइजिंग स्टार्स टी20 एशिया कप के फाइनल में पहुंचा दिया।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन यह उस पर भारी पड़ गया। राधा की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने उसके बल्लेबाजी लाइन-अप को तहस-नहस कर उन्हें 118 रन पर आउट कर दिया। बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 19 रन देकर चार विकेट लिए। राधा को एक और बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर (दो विकेट) और लेग स्पिनर प्रेमा रावत (दो विकेट) का अच्छा साथ मिला। श्रीलंका के लिए सलामी बल्लेबाज संजना काविंदी (31 रन) शीर्ष स्कोरर रहीं। 10वें ओवर में श्रीलंका का स्कोर दो विकेट पर 71 रन था। लेकिन इसके बाद वे भारतीय स्पिनरों का सामना नहीं कर सकीं और बचे हुए आठ विकेट नौ ओवर में 47 रन के अंदर गंवा दिए। श्रीलंका के लिए सबसे बड़ी भागीदारी काविंदी और साथी हंसिमा करुणारत्ने (14) के बीच 36 रन की साझेदारी रही।



राधा यादव।

# ऑस्ट्रेलिया से सीरीज जीतना चाहेगी महिला टीम

**एडिलेड, एजेंसी**

भारतीय महिला टीम को अगर ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पहली बार ऐतिहासिक श्रृंखला जीतनी है तो उसकी बल्लेबाजों को यहां शनिवार को तीसरे और आखिरी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मेजबान टीम की अनुभवी गेंदबाजी इकाई के खिलाफ एकजुट होकर आक्रामक प्रदर्शन करना होगा। भारतीय महिला टीम अभी तक ऑस्ट्रेलिया में तीनों प्रारूपों में कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं जीत पाई है। इसे बदलने के लिए भारत को यहां बेहतर बल्लेबाजी की जरूरत है, जिसकी शुरुआत सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा से होगी। स्मृति और शेफाली दोनों ने शुरुआत तो की है लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल पाईं जिससे दूसरे मैच में भारत 164 रन के आसान से लक्ष्य का पीछा नहीं कर सका। किम गार्थ, अनाबेल सदरलैंड और सोफी मोलिनू की अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई तिकड़ी ने इस मौके का फायदा उठाया। इन्होंने भारत की पांच बल्लेबाजों को सिर्फ सात रन के अंदर आउट कर दिया। लेकिन एडिलेड की पिच कैनबरा की पिच के मुकाबले अलग है और भारतीय बल्लेबाजों को यहां अपने पिक-अप शॉट्स पर भरोसा करना चाहिए। एक बेहतरीन आउटफील्ड भी बल्लेबाजी के लिए बेहतर है। कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष को बल्ले पर आती गेंद पसंद है और उन्हें यहां कुछ मदद मिलने की उम्मीद है। हालांकि मैदान की सतह चिकनी होने से जिम्मेदारी भारतीय तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़ और अमनजोत कौर पर होगी कि वे अपनी लाइन एवं लेंथ में स्थिर रहें।



**मलाल**

**अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने सुपर-8 में न पहुंचने के बताए कारण, दोहरे सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका से मिली थी हार**

# बड़ी टीमों से द्विपक्षीय शृंखला खेलने से ही आता है अनुभव

**चेन्नई, एजेंसी**

अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने बृहस्पतिवार को यहां अपने आखिरी ग्रुप मैच में कनाडा को हराकर टी-20 विश्व कप से शानदार तरीके से विदा लेने के बाद कहा कि क्रिकेट खेलने वाले मजबूत देशों के साथ और द्विपक्षीय शृंखलाएं होनी चाहिए क्योंकि इनसे अनुभव मिलता है। अफगानिस्तान ने टूर्नामेंट रोमांचक क्रिकेट खेला और एक मुकाबले में स्कोर बराबर होने के बाद दूसरे सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका से हार गया। हालांकि स्पिन गेंदबाजी के इस दिग्गज ने कहा कि अगर अफगानिस्तान को नियमित रूप से क्रिकेट खेलने वाले मजबूत देशों के खिलाफ मौके मिलते हैं तो वह काफी आगे बढ़ सकता है।

राशिद ने बृहस्पतिवार रात को कनाडा को 82 रन से हराने के बाद कहा कुछ विभाग में सुधार की जरूरत है। बड़ी टीमों के खिलाफ मध्यक्रम बल्लेबाजी बिखर गई और डेथ ओवर में गेंदबाजी में भी सुधार चाहिए। पर यह सुधार तब होता है जब आप द्विपक्षीय सीरीज में बड़ी टीमों के साथ खेलते हैं। उन्होंने मैच में 19 रन देकर दो विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। इस दिग्गज खिलाड़ी ने कहा कि टीम टूर्नामेंट के लिए अच्छी तैयारी के साथ आई थी और उसने जबरदस्त क्रिकेट खेला। लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि दक्षिण अफ्रीका से मिली करीबी हार महंगी पड़ी।

राशिद ने कहा हम (टूर्नामेंट के लिए) अच्छी तरह तैयार थे। हमने जबरदस्त क्रिकेट खेला। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच ने सच में सभी को दुखी किया। हमें उन (पहले दो) मैचों में से एक में जीत दर्ज करनी थी और देखना था कि टूर्नामेंट कैसा होता है। हम इस विश्व कप से सकारात्मक चीजें लेकर आगे बढ़ेंगे। मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का कार्यकाल खत्म हो गया और राशिद ने इसे टीम के लिए भावुक पल बताया। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि हमने उसके साथ कुछ बहुत अच्छे पल बिताए। हम अभी जहां हैं, वहां उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई है।





अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान।

### अफगानिस्तान के कोच ट्रॉट ने टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद भावुक विदाई ली

**चेन्नई।** अफगानिस्तान की टीम के साथ बनाई गई यादों से संतुष्ट लेकिन भावनाओं से अभिभूत कोच जोनाथन ट्रॉट ने चार साल के कार्यकाल के बाद अपनी भूमिका को अलविदा कहा। इस पद की पेशकश पहले इंग्लैंड के उनके साथी ग्राहम थोर्प को की गई थी लेकिन उस समय वह इसे स्वीकार नहीं कर सके और सौभाग्य से 44 वर्षीय ट्रॉट इस पद पर काबिज हुए। अफगानिस्तान ने सुपर आठ चरण की दौड़ से बाहर होने के बाद अपने अंतिम ग्रुप मैच में कनाडा को 82 रन से हराकर अपना अभियान समाप्त किया। इंग्लैंड के ट्रॉट ने अपनी भावनाओं को नियंत्रित करते हुए उस टीम के साथ अपने कार्यकाल को याद किया जो अब सफेद गेंद के प्रारूप में एक कड़ी प्रतिद्वंद्वी बन चुकी है। ट्रॉट के नेतृत्व में अफगानिस्तान की टीम 2023 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के काफी करीब पहुंची और 2024 टी20 विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। उन्होंने मैच के बाद बातचीत में कहा, शायद समय सही है, शायद नहीं। मुझे नहीं पता, लेकिन मैं भविष्य में सभी को शुभकामनाएं देता हूं। मैं इस मौके के लिए बहुत आभारी हूं। ग्राहम थॉर्प को कोच बनना था और दुर्भाग्य से वह यह भूमिका स्वीकार नहीं कर सके। ट्रॉट ने कहा फिर मुझे यह पद पेश किया गया और मैंने इसे पूरे जोश के साथ स्वीकार किया। तो मैं यहां वास्तव में सौभाग्य से आया। मैंने पूरी कोशिश की। मैं उम्मीद करता हूं कि खिलाड़ी देख सकें कि मुझे इस खेल से कितना प्यार है।

# पाकिस्तान सरकार ने हॉकी कप्तान बट पर लगा दो साल का प्रतिबंध हटाया

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान सरकार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय हॉकी टीम के कप्तान अम्माद शकील बट पर राष्ट्रीय महासंघ (पीएचएफ) द्वारा लगाया गया दो साल का प्रतिबंध हटा दिया और इस कदम को ‘अवैध और असंवैधानिक’ करार दिया।

पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने से ठीक पहले बृहस्पतिवार को तारिक बुगती ने हाल में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान कुप्रबंधन के खिलाफ कप्तान के पीएचएफ की आलोचना करने के लिए बट पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन पीएचएफ के सरंक्षक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा नियुक्त अंतरिम अध्यक्ष मुहुयदीन अहमद वानी ने इस फैसले को पलट दिया और कहा कि यह बुगती का ‘अवैध और अंसंवैधानिक कदम’ था।

राष्ट्रीय टीम के ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद हुए विवाद के मद्देनजर बुगती ने बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया था। ऑस्ट्रेलिया में टीम को लॉजिस्टिक की दिक्कतों का सामना करना पड़ा था और उन्हें एयरबीएनबी के घरों में रहना पड़ा था जबकि सरकार द्वारा संचालित पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) ने कैनबरा में एफआईएच प्रो लीग मैचों के दौरान टीम के पांच सितारा होटल में रहने के लिए पीएचएफ को एक करोड़ रुपये दिए थे। खेल से जुड़े सभी मामलों को देखने वाली अंतर-प्रांतीय समन्वयक मंत्रालय के एक सीनियर अधिकारी ने पुष्टिक की कि प्रधानमंत्री शरीफ ने तुरंत बुगती का इस्तीफा स्वीकार कर लिया और वानी को पीएचएफ का तदर्थ अध्यक्ष और ब्रिगेडियर मुसरतुल्लाह को महानिदेशक नियुक्त किया।

उन्होंने कहा दोनों तदर्थ आधार पर हॉकी के मामलों को देखेंगे और नुकसान को ठीक करने की कोशिश करेंगे। बुधवार सुबह टीम के घर लौटने के तुरंत बाद बट और कुछ अन्य सीनियर खिलाड़ियों ने हवाई अड्डे पर इंतजार कर रही मीडिया से कहा कि वे पीएचएफ के मौजूदा प्रबंधन और टीम प्रबंधन के साथ आगे काम नहीं कर सकते। बट ने बताया कि खिलाड़ियों को किस तरह झूठ बोला गया और मीडिया से बात न करने की धमकी दी गई।

**ऑस्ट्रेलिया टूर विवाद**

